जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित
कृष्ण पक्ष, पूर्वाषाढ़ा, विक्रम संवत् 2082
• औरंगाबाद • शुक्रवार • 13 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 100 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00



## संक्षिप्त समाचार

### प्रखण्ड के सभी विद्यालयों में शुरू हुई पहली से आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा

**कौआकोल**। प्रखण्ड के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में कक्षा एक से आठवीं तक की वार्षिक परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई। यह परीक्षा 19 मार्च तक संचालित की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सह बीसीओ अजीत कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देश पर सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा एक से आठवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई। जिसके तहत कक्षा एक और दो के छात्रों की परीक्षा मौखिक रूप से ली जा रही है जबकि कक्षा तीन से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में बनें परीक्षा केंद्रों पर दूसरे विद्यालय के शिक्षकों को वीक्षक की जिम्मेवारी दी गई है। तथा परीक्षा पूर्ण रूप से कदाचार मुक्त ली जा रही है।

### प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी ने बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**कौआकोल**। गुरुवार को प्रखण्ड कार्यालय के सभागार कक्ष में प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी शमा बानो ने न्यायमित्र,कचहरी सचिव एवं सरपंच के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान सरपंच और न्यायमित्रों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र के लंबित मामलों को चिन्हित करें और उन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य आपसी सहमति से विवादों को खत्म करना है, ताकि न्यायालयों पर बोझ कम हो सके और ग्रामीणों को सस्ता व सुलभ न्याय मिले। उन्होंने कहा कि अब ग्राम कचहरी के कार्यों को भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ा जा रहा है। मौके पर विभिन्न पंचायतों के सरपंच,सचिव व न्यायमित्र मौजूद थे।

### राजकिशोर दांगी को जदयू जिलाध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**कौआकोल**। जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष पद पर अकबरपुर के जिला पार्षद राजकिशोर दांगी के मनोनयन किए जाने पर प्रखण्ड जदयू के नेताओं समेत अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है। जदयू सह प्रखण्ड 20सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा,पूर्व जदयू अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह,ओमप्रकाश चौहान,शम्भू महतो,राजेन्द्र रावत,शिवबालक कुशवाहा आदि ने जिलाध्यक्ष बनने पर राजकिशोर को बधाई दिया है।

### अजित हत्याकाण्ड में नामजद अभियुक्त मौलाना धराया

**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र के गांधीधाम पुल के पास जोगाचक गांव निवासी अजीत यादव की गोली मारकर हत्या कर दिए जाने की घटना में फरार चल रहे एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि हत्या मामले में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त व चन्द्रदीप थाना क्षेत्र के भलुआना गांव निवासी मौलाना यादव,पिता-हरिद्वार यादव को नाटकीय ढंग से गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में पुलिस हत्या के कुछ घण्टे बाद ही चार कुख्यात अभियुक्तों को हथियार,कारतूस,हत्या में प्रयुक्त वाहन आदि के साथ जब्त कर पहले ही जेल भेज चुकी है। बता दें कि 22 जनवरी 26 की शाम अपराधियों ने शराब के कारोबार को लेकर आपसी विवाद और वर्चस्व की लड़ाई में जोगाचक गांव निवासी अजित यादव को गांधीधाम पुल के पास गोली मारकर निर्मम हत्या कर दिया था।

### मारपीट के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार,पूछताछ के बाद भेजे जाएंगे जेल

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के दत्तीटिलहा गांव से पुलिस बलों ने मारपीट के दो आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 5 मार्च को दत्तीटिलहा गांव में पुराने विवाद को लेकर कार्यानंद प्रसाद की पत्नी कौशल्या देवी और दिनेश प्रसाद की पत्नी सुलेखा देवी ने थाने को अलग-अलग लिखित आवेदन देकर बताई कि दत्तीटिलहा गांव के दर्जनों लोगों द्वारा मारपीट की गई थी। इस मारपीट में लगभग आधा दर्जन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए थे,जिसका इलाज पीएमसीएच और पावापुरी अस्पताल में चल रहा है। प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने बताया कि दत्तीटिलहा गांव में बीते 5 मार्च को झगड़ा हुआ था। उक्त मामले को लेकर दो आवेदकों द्वारा प्राप्त लिखित आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वहीं दोनों थाना कांडों 136/26 एवं 137/26 में नामजद अभियुक्त दत्तीटिलहा गांव निवासी स्व. भागवत प्रसाद के पुत्र शंकर प्रसाद और विनोद प्रसाद को गुप्त सूचना के आलोक में गुरुवार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों से आवश्यक पूछताछ के बाद शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा। वहीं अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी में जुटी हुई है।

### बनियाबिगहा गांव के बधार में युवक का गला रेत हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**नरहट (नवादा)**। नवादा जिले के नरहट थाना क्षेत्र के बनियाबिगहा गांव के बधार में लगे गेंहू के खेत में एक युवक का अज्ञात बदमाशों ने बेहरमी से गला रेत कर हत्या कर दिया है। युवक का शव को पुलिस ने बरामद किया है। युवक का बेहरमी से गला रेत कर हत्या किये जाने की जानकारी के साथ क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान बनियाबिगहा निवासी महावीर महतो के 40 वर्षीय पुत्र अनुज उर्फ सत्तू प्रसाद के रूप में कई गई है। घटना की जानकारी के बाद गांव में कोहराम मच गया है। स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के पत्नी अनुसार मृतक शाम के छह बजे अपने खेत में लगा शब्जी का फसल को पटवन के लिए गया था। पत्नी बताया कि साढ़े सात बजे रात को फोन किया तो बताया कि पाइप मोड़ रहे हैं। उसके बाद पति उधर से फोन किये की खाना बन गया है, दिन का चावल होगा तो फ्राय कर देना। आठ बजे जब फोन किये तो फोन नही उठाये। रात भर चिंता में रहे सुबह जब खोज बिन किये तो पता नही चला। जब अपना मोटर पम्पसेट लगे खेत की तरफ गए तो देखे की एक गेंहू के खेत में खून गिरा हुआ है और गेहूं गंजाया हुआ है। उसी रास्ते आगे जाने पर गेहूं के खेत में मेरा पति का शव पड़ा हुआ था। तब हम रोने चिल्लाने लगे तब गांव के लोग जुटे हैं। सूचना के बाद घटना स्थल पर पहुचे रजौली एसडीपीओ गुलशन कुमार, थानाध्यक्ष गौतम कुमार, एसआई रौशन कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारी ने पहुच कर हत्या के मामले की जांच में जुट गए। फोरेंसिक जांच टीम के द्वारा साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हर एंगल से युवक की हत्या के जांच में जुट गई है। मामले में डॉग स्क्वाड की टीम ने घटना स्थल पर जांच किया। डॉग स्क्वाड टीम में शामिल रंजीत कुमार, अनिल कुमार ने बताया कि स्वान हीरा के साथ घटना स्थल का विभिन्न जगहों की जांच किया गया। डीएसपी राजन कुमार ने बताया कि विभिन्न विन्दुओं पर जांच चल रही है।

### स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का हुआ गठन



**कौआकोल**। बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले गुरुवार को स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक पीएचसी कौआकोल में आयोजित की गई। बैठक में सेवा संवर्ग,पुरानी पेंशन,सेवा शर्त,सदस्यता एवं संघ कोष समेत कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा किया गया। वहीं इस दरम्यान नई प्रखण्ड कमिटी का भी गठन किया गया। संघ के सदस्य विनय कुमार एवं पीयूष कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में गठित नई कमिटी में विनय कुमार फार्मासिस्ट को अध्यक्ष,मृदुला कुमारी एएनएम को उपाध्यक्ष,जुली कुमारी जीएनएम मंत्री,अभिजीत आनन्द एलटी को संयुक्त मंत्री,आशा सिन्हा एएनएम को कोषाध्यक्ष,इंदु कुमारी एवं अंशु कुमारी को सह संयोजिका,रजना,हेमलता एवं शीला को कार्यकारिणी समिति के सदस्य,जबकि अनुराधा कुमारी को जिला प्रतिनिधि के रूप में चयनित किया गया। बैठक में अमित कुमार,चित्तरंजन सिंह,सुधांशु शेखर आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था को लेकर गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। समाहरणालय सभाकक्ष, नवादा में जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश की अध्यक्षता में सभी गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू, पारदर्शी एवं उपभोक्ताओं के लिए सुविधाजनक बनाना था। बैठक के दौरान विभिन्न गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। माधुरी श्री भारत गैस एजेंसी के संचालक श्री कौशलेन्द्र कुमार ने सभी भारत गैस उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ता अनावश्यक रूप से बुकिंग न करें। गैस वितरण बुकिंग एवं रजिस्टर्ड मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त होने के पश्चात ही किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि निर्धारित अवधि पूर्ण होने के बाद ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करें तथा 25 दिनों के बाद ही पुनः बुकिंग करें।



राजश्री एचपीसीएल गैस एजेंसी, नवादा के संचालक श्री राजेश्वर प्रसाद ने बताया कि सभी डिस्ट्रीब्यूटरों के पास एचपीसीएल गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ता 45 दिनों के बाद तथा शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ता 25 दिनों के बाद गैस सिलेंडर की बुकिंग करें। सुपर गैस एजेंसी (इंडेन) के संचालक श्री प्रवीण कुमार ने भी जानकारी दी कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि नियमानुसार 25 दिनों के बाद ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करें तथा सभी उपभोक्ताओं को उनके घर तक गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि घबराने की आवश्यकता नहीं है तथा निर्धारित मूल्य पर ही गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया गया कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बुकिंग के अनुरूप निर्धारित समय सीमा के भीतर गैस की होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए तथा उपभोक्ताओं से निर्धारित दर से अधिक राशि की वसूली नहीं की जाए। इसके अतिरिक्त गैस एजेंसियों को यह भी निर्देशित किया गया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जाए तथा गैस वितरण से संबंधित सभी सरकारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए।

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी गैस एजेंसियों की सतत निगरानी की जाएगी तथा अवैध वसूली,जमाखोरी अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें, जिले में गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिन्हा सहित जिले के सभी गैस एजेंसियों के वितरक उपस्थित थे।

## इंटर विद्यालय आंती के छात्रों को मिला परिभ्रमण का मौका



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत इंटर विद्यालय आती के विद्यार्थियों को चयन कर परिभ्रमण के लिए राजगीर पावापुरी कुंडलपुर नालंदा आदि का परिभ्रमण कराया गया इस परिभ्रमण कार्यक्रम में वैसे विद्यार्थियों को चयन किया गया जो विद्यालय में नियमित रूप से सबसे ज्यादा उपस्थित होती है या तो खेल के क्षेत्र में बेहतर उपलब्धि साथ ही साथ स्काउट एंड गाइड के क्षेत्र में जो बेहतर कर रहे हैं उन्ही में से चयन कर परिभ्रमण पर ले जाया गया यह एक नवाचार का प्रतीक है ताकि दूसरे विद्यार्थी भी विद्यालय नियमित आकर अपनी उपस्थिति बेहतर कर सके साथ ही साथ विद्यालय में अन्य सभी गतिविधियों में भाग लेकर जिला एवं राज्य स्तर पर परचम लहरा सके विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार के निर्देशन में शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा के नेतृत्व में कुल 45 विद्यार्थियों का चयन किया गया और उन्हें परिभ्रमण का मौका दिया गया टीम के साथ भारोतोलन के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अरविंद कुमार एवं शिक्षक अनिल किशोर प्रसाद साथ गए थे।

## कृषि विज्ञान केंद्र में पांच दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल**। ग्राम निर्माण मंडल, नवादा के तत्वावधान में संचालित कृषि विज्ञान केंद्र नवादा द्वारा गुरुवार को "बकरी पालन" विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,केवीके के वरीय वैज्ञानिक सह-प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह,कृषि वैज्ञानिक डॉ. शशांक शेखर सिंह,अंगद कुमार एवं कोर्स कोआर्डिनेटर रजत रंजन द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि बकरी



पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम है। किसान अपनी खेती के साथ-साथ इसे सहायक व्यवसाय के रूप में अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार कर सकते हैं। इस अवसर पर नाबार्ड के डीडीएम सुशांत रोशन ने किसानों को पशुपालन क्षेत्र में मिलने वाले वित्तीय सहयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं और सब्सिडी (अनुदान) की जानकारी देते हुए किसानों को बैंकिंग प्रणाली से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में नवादा जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 40 प्रगतिशील किसानों ने पंजीकरण कराया है। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों द्वारा उन्नत नस्ल चयन, आवास प्रबंधन, टीकाकरण और आहार प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर तकनीकी जानकारी दी जाएगी।

## दुबारा चोरी करने आया अब्दुल धराया, टोल प्लाजा से बैटरी चोरी मामले में भेजा गया जेल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के करिगांव स्थित टोल प्लाजा पर धर्मकांटा के कमरे में लगे ताले को तोड़कर बैटरियां चुराने वाले अब्दुल को टोलकर्मियों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। दरअसल बीते वर्ष 2025 के 3 नवंबर की दोपहर को नवादा से रजौली की ओर आने वाले टोल गेट के समीप बने धर्मकांटा के कमरे से 6 बैटरियों की चोरी कर ली गई थी। जब टोलकर्मी द्वारा सीसीटीवी की जांच की गई,तो एक व्यक्ति द्वारा मुंह को गमछे से ढंककर कमरे में लगे ताले को तोड़कर बैटरी चोरी करते हुए नजर आया। चोर द्वारा प्रयुक्त मोटरसाइकिल के नम्बर प्लेट पर काले रंग का प्लास्टिक टेप मार दिया गया था,ताकि पहचान छुपाई जा सके। बीते दिन भी उक्त युवक कड़ी



थाना परिसर से जेल जाता गिरफ्तार चोर

धूप में लगभग 11:30 बजे टोलकर्मी के नहीं होने का फायदा उठाते हुए धर्मकांटा में लगे ताले को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा था,जिसे टोलकर्मियों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। टोल प्लाजा में एकाउंटेंट के पद पर तैनात पिंटू कुमार ने बताया कि पकड़ाए युवक की पहचान नवादा के बुंदेलखंड थाना क्षेत्र के मोगलाखार गांव निवासी मो. जलील के पुत्र अब्दुल खान के रूप में हुई है,जिसने यह स्वीकार किया कि वह चोरी के उद्देश्य से आया था एवं पूर्व में भी नवंबर माह में 6 बैटरियों की चोरी कर चुका है। टोलकर्मी पिंटू कुमार द्वारा थाने को लिखित आवेदन दिया गया है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने बताया कि टोलकर्मी द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। साथ ही बताया कि अब्दुल खान को गिरफ्तार कर आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## पुनपुन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का गेट बंद रहने का वीडियो वायरल

### ग्रामीण ने आकस्मिक इलाज नहीं मिलने का लगाया आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पुनपुन (पटना)**। प्रखंड के बिजूबिगहा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का गेट बंद रहने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक ग्रामीण अस्पताल प्रशासन पर बच्ची को समय पर आकस्मिक चिकित्सा सुविधा नहीं देने का आरोप लगाता हुआ दिखाई दे रहा है। हालांकि इस वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक पेट दर्द से पीड़ित एक बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचता है। उस समय अस्पताल का मुख्य गेट अंदर से बंद था। युवक काफी देर तक गेट पीटता रहा, लेकिन गेट देर तक नहीं खुला। इस दौरान युवक ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठाते हुए नाराजगी भी जताई।

घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भी चर्चा का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि आपातकालीन स्थिति में अस्पताल का गेट बंद रहना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

वहीं इस मामले में प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि संबंधित युवक इससे कुछ घंटे पहले ही बच्ची को लेकर अस्पताल आया था, जहां डॉक्टरों ने उसकी जांच कर उपचार किया था। उपचार के बाद युवक बच्ची को अपने गांव ले गया था।

उन्होंने बताया कि देर रात बच्ची को दोबारा पेट दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद युवक फिर अस्पताल पहुंचा। उस समय अस्पताल के गार्ड द्वारा गेट खोलने में थोड़ी देर हो गई, जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी ली जा रही है और अस्पताल में आपातकालीन सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

## शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी के यहां जीएसटी का छापा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मोतिहारी**। GSI विभाग की विशेष टीम ने बड़े पैमाने पर छापेमारी की। राज्य कर अपर आयुक्त (प्रशासन), मुजफ्फरपुर, वाणिज्य कर विभाग के निर्देशानुसार छापेमारी चल द्वारा कर चोरी, फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (TIC) के दावों और बोगस बिलिंग संबंधी तथ्यों के आधार पर मोतिहारी के दो प्रमुख व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आभा इन्दरप्राईजेज एवं पानऔर वर्क कनेक्ट प्रा० लि० का निरीक्षण किया गया। छापेमारी दल द्वारा मौके पर ही व्यापारिक आताबही कर बीजक, बैंक स्टेटमेन्ट, भौतिक स्टॉक जब्त किये गए। छापेमारी की जानकारी मिलते ही अन्य कारोबारियों में अफरातफरी मब गई। छापेमारी दल द्वारा। करोड़ रुपये से अधिक की संभावित कर थोरी का प्रारंभिक खुलासा किया गया है। फिलहाल अधिकारियों द्वारा जाँच जारी है। संतोष कुमार, राज्य कर संयुक्त आयुक्त (प्रभारी), पूर्वी चम्पारण ने बताया कि उक्त दोनों व्यवसायियों द्वारा छड सिमेन्ट का बोगस बिलिंग करते हुए ठेकेदारी/कार्य-संवेदकों को फर्जी तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट (IIC) का हस्तांतरण किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान व्यवसायियों द्वारा गलती स्वीकार करते हुए फिलहाल 60 लाख रूपये का GST भुगतान कर दिया गया है।छापेमारी के उपरांत संबंधित प्रतिष्ठानों पर जीएसटी अधिनियम के अंतर्गत सक्षम प्राधिकार द्वारा कर, ब्याज एवं पेनल्टी की राशि अधिरोपित कर वसूली की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वालोच्य अवधि 2025-26 के अंतिम माह मार्च-2026 में सभी व्यवसायी विधिसम्मत् ससमय GST विवरणी दाखिला एवं कर भुगतान करना सुनिश्चित करें।

## भारतीय स्टेट बैंक ने जीविका समूहों के लिए मेगा क्रेडिट कैंप का किया आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मोतिहारी**। भारतीय स्टेट बैंक, पटना मण्डल ने गुरुवार को जीविका समूहों के लिए मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक, पटना मंडल अनुराग जोशी, आर नटराजन, महाप्रबंधक उत्तर बिहार नेटवर्क, पटना मंडल, विमलेंदु विकाश, महाप्रबंधक कोर्डिनेसन, कारपोरेट कार्यालय मुंबई, प्रफुल्ल कुमार झा, उप महाप्रबंधक (B&O) मुजफ्फरपुर, संजीव कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक, मोतिहारी, विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक एवं क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल (मोतिहारी) की गरिमामयी उपस्थिति रही। जीविका के तरफ से पुष्पेन्द्र तिवारी, राज्य परियोजना प्रबंधक बिहार, विभिन्न प्रखंड परियोजना प्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति



थे।इस मेगा क्रेडिट कैंप में 1700 से अधिक जीविका दीदीयों ने भाग लिया।

इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक की विभिन्न शाखाओ को भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जोड़ा गया था जहाँ से अनेक समूह की सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर पूरे पटना मण्डल की तरफ से एसएचजी (जीवीका समूह) को 350 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया गया, जिसका सांकेतिक चेक दीदियों को प्रदान किया।इसमे क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय द्वारा 51 करोड़ का योगदान दिया गया।उक्त ऋण वितरण कैंप में जीविका के अतिरिक्त विभिन्न BCs के 10 CSPs ने री-केवाईसी, केवाईसी तथा अन्य संबंधित कार्यों का निष्पादन किया। इसके अलावा जीवीका समूह के द्वारा 10 स्टॉल पर हस्तनिर्मित विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। जिसका मुख्य महाप्रबंधक तथा जिलाधिकारी ने अवलोकन किया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी मोतिहारी को एक एम्ब्युलेन्स प्रदान किया, जिसका शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक तथा जिलाधिकारी ने किया। जिससे जिले के लोगों को स्वास्थय संबंधी सहायता मिलेगी।इस अवसर पर मौजूद मुख्य महाप्रबंधक ने भारतीय स्टेट बैंक के समाज के उत्थान के प्रति प्रतिवधता पर जोर दिया एवं महिला सशक्तिकरण पर बल दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय स्टेट बैंक सदैव इसमें अपनी अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भी बैंकिंग क्षेत्र के हर कार्यों मे समर्थन देने का आश्वासन दिया और उन्होने भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा की जा रही कार्यों की सराहना की। इनके अतिरिक्त पुष्पेन्द्र तिवारी ने भारतीय स्टेट बैंक, मोतिहारी क्षेत्र के इस पहल का स्वागत किया ।



जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित





खेल

**टी20 विश्व कप विजेता जसप्रीत बुमराह ने कहा, दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना...**

देश

**क्या राजस्थान में बढ़ने वाली हैं विधानसभा सीटें, स्पीकर के बयान से सियासी हलकों...**

कृष्ण पक्ष, पूर्वाषाढ़ा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 13 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 100 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,48,700 | ₹ 2,80,000 |





## आज का इतिहास

**1940 : भारतीय क्रांतिकारी ऊधम सिंह ने अंग्रेजों से जलियांवाला बाग का बदला लेने के लिए पंजाब के पूर्व गवर्नर माइकल ओ डायर की लंदन में गोली मारकर हत्या की।**

**1996 : विश्व कप सेमीफाइनल में श्रीलंका ने भारत को हराया, क्योंकि दंगों ने रोक दिया था।**

## न्यूज बाइट्स

### एग्रो बिहार: पटना में राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेले की शुरुआत

**पटना (नि.सं.)।** राजधानी पटना के गांधी मैदान में गुरुवार से चार दिवसीय एग्रो बिहार–2026 राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला शुरू हो गया। 12 से 15 मार्च तक चलने वाले इस मेले का उद्घाटन बिहार के कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने किया। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि यह आयोजन किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत मशीनों और नई खेती पद्धतियों से परिचित कराने का महत्वपूर्ण मंच है, जिससे खेती की लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। कृषि मंत्री ने बताया कि यह मेला लगभग 3.25 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में आयोजित किया गया है, जहां 100 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों पर देशभर की कंपनियां और संस्थान आधुनिक कृषि यंत्रों, उपकरणों और नई तकनीकों का प्रदर्शन कर रहे हैं। बिहार के अलावा पंजाब, हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कृषि यंत्र निर्माता भी इस मेले में भाग ले रहे हैं। मेले में किसान ट्रैक्टर से जुड़े विभिन्न उपकरण, उन्नत बीज बोने की मशीनें, हैप्पी सीडर, पावर टिलर, हार्वेस्टर, स्प्रे मशीन और कृषि ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीकों को नजदीक से देख और समझ सकेंगे। साथ ही किसानों को सरकार की कृषि यांत्रिकरण योजना के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के तहत 91 प्रकार के कृषि यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। अब अनुदान की राशि सीधे लाभार्थी किसानों के बैंक खाते में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से भेजी जा रही है। किसान यंत्रवार अनुदान की जानकारी विभागीय वेबसाइट, बिहार कृषि मोबाइल एप, जिला कृषि कार्यालय, प्रखंड कृषि कार्यालय या कृषि समन्वयक से प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के क्रम में पूर्णिया जिले को दी विकासात्मक सौगात

# सीएम ने पूर्णिया को दी 485 करोड़ रुपये की सौगात 92 विकास योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

- 13,082 जीविका स्वयं सहायता समूहों को 261 करोड़ 65 लाख 97 हजार रुपये का सांकेतिक चेक
- मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत सांकेतिक चेक
- दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल की चाबी




**निज संवाददाता | पूर्णिया**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के क्रम में पूर्णिया जिले को बड़ी विकासात्मक सौगात दी। इस दौरान उन्होंने करीब 485 करोड़ रुपये की लागत से 92 विकास योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पूर्णिया स्थित मां पूरण देवी मंदिर परिसर का भ्रमण कर वहां चल रहे सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को इसे बेहतर ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया।

समृद्धि यात्रा के दौरान पूर्व में की गई घोषणाओं के तहत मुख्यमंत्री ने स्टेट हाईवे-60 से मां पूरण देवी मंदिर तक नवनिर्मित दो लेन सड़क तथा लाइन बाजार चौक से पॉलिटेक्निक चौक होते हुए रजनी चौक तक सड़क के मजबूतीकरण कार्य का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने भूतहा मोड़ से मिल्लिया पॉलिटेक्निक कॉलेज होते हुए पूर्णिया-श्रीनगर पथ तक आरओबी सहित बाईपास निर्माण कार्य तथा एसएच-65 के बनभाग चौक से बिशनपुर धर्मकांटा तक दो लेन पेव्ड शोल्डर सहित सड़क चौड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्य का भी शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत मां पूरण देवी मंदिर परिसर स्थित पोखर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय कलाकारों ने झिझिया नृत्य प्रस्तुत कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मंदिर परिसर में बिहार बाल भवन किलकारी द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी उन्होंने अवलोकन किया और समृद्धि यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं के प्रस्तुतीकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मां पूरण देवी मंदिर परिसर के विकास कार्यों को श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उच्च गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने से क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और विकास की गति तेज होगी।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के जिला स्तरीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र, पूर्णिया में नवनिर्मित कार्यालय का निरीक्षण किया और पशुपालकों से संवाद किया। पशुपालकों ने मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य सरकार की योजनाओं से किसानों और पशुपालकों को काफी लाभ मिल रहा है और मक्का, मखाना तथा मछली के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कृषि और पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है ताकि किसानों और पशुपालकों की आय में वृद्धि हो सके और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया और कई योजनाओं के लाभुकों को लाभ भी प्रदान किया। उन्होंने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत सांकेतिक चेक तथा दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल की चाबी प्रदान की। इसके अलावा 13,082 जीविका स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय समावेशन के तहत 261 करोड़ 65 लाख 97 हजार रुपये का सांकेतिक चेक भी वितरित किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पूर्णिया जिले में कुल 485 करोड़ रुपये की लागत से 92 विकास योजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनमें 164 करोड़ रुपये की लागत वाली 84 योजनाओं का उद्घाटन तथा 321 करोड़ रुपये की लागत वाली 8 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# हर जिले में भू-माफिया की लिस्ट तैयार : अवैध खनन पर सख्ती, 78 बालू घाटों की नीलामी के आदेश

- बिहार सरकार की नई पहल, सीमाओं पर सीसीटीवी निगरानी और खनिज वाहनों के लिए ट्रांजिट पास होगा अनिवार्य
- वैध कमाई को जमीन में निवेश करने वाले भूमि माफियाओं पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।
- पर्व-त्योहार के दौरान पूजा या अन्य कार्यों के लिए मिट्टी और बालू ले जाने वालों को परेशान नहीं किया जाएगा।



**निज संवाददाता | पटना**

उपमुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभाग के 100 दिनों के कार्यकाल को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में अवैध खनन, भूमाफिया और बालू माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि नई सरकार पारदर्शी और सख्त व्यवस्था के साथ खनन विभाग में सुधार की दिशा में काम कर रही है।

उन्होंने बताया कि राज्य के हर जिले में भूमाफियाओं की सूची तैयार कर ली गई है। कई माफिया अवैध कमाई को जमीन में निवेश करते हैं, लेकिन अब ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनके पास भूमि राजस्व विभाग की भी जिम्मेदारी है, इसलिए जमीन से जुड़े अवैध कारोबार पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि पर्व-त्योहार के दौरान पूजा या अन्य आवश्यक कार्यों के लिए मिट्टी या बालू ले जाने वालों को परेशान नहीं किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। साथ ही बिना खनन विभाग के आदेश के सड़क पर पुलिस किसी वाहन को रोककर जांच नहीं करेगी। कुछ स्थानों पर सड़क पर रोककर वसूली की शिकायतें सामने आई हैं, जिन्हें रोकने के लिए सरकार सख्त कदम उठाएगी।

उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों से बिहार आने वाले खनिज से लदे वाहनों के लिए ट्रांजिट पास अनिवार्य किया जाएगा। राज्य की सीमाओं पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की व्यवस्था की जाएगी, ताकि अवैध खनिज परिवहन पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि राज्य में 78 बालू घाटों की नीलामी का आदेश जारी किया जा चुका है। कई घाटों को ठेकेदारों ने एक साल पूरा होने से पहले ही लौटा दिया है। कुछ लोगों ने अवैध उत्खनन के इरादे से अधिक बोली लगाई थी, लेकिन सख्ती के कारण उन्हें नुकसान हो रहा है, इसलिए वे घाट वापस कर रहे हैं। ऐसे मामलों में संबंधित लोगों की राशि जब्त की जाएगी और उन्हें भविष्य के किसी भी टेंडर में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### बालू घाटों का ठेका सरेंडर करने वाले दोबारा निविदा में नहीं हो सकेंगे शामिल

उपमुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट किया है कि राज्य में बालू घाटों का ठेका लेकर उसे सरेंडर करने वाले लोगों को अब दोबारा किसी भी खनन निविदा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और कंपनी या नाम बदलकर भी निविदा में भाग लेने पर रोक रहेगी।

उन्होंने यह भी बताया कि बिहार में जल्द ही स्टोन चिप्स का खनन शुरू किया जाएगा। फिलहाल राज्य में इसकी आपूर्ति दूसरे राज्यों से होती है, लेकिन सरकार चाहती है कि इसका उत्पादन बिहार में ही हो। अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए विभाग ने 400 पुलिस बल की नियुक्ति भी की है और सीमावर्ती व संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ाई जा रही है। प्रेस वार्ता के दौरान विभाग के 71 खनन योद्धाओं को सम्मानित भी किया गया। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इन अधिकारियों और कर्मियों की सक्रियता से ओवरलोडिंग और अवैध खनन में शामिल कई वाहनों को पकड़ा गया है। पिछले वर्ष खनन विभाग को 3500 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ था, जबकि इस वर्ष 3800 करोड़ रुपये का लक्ष्य तय किया गया है।

# बिहार के नए राज्यपाल सैयद अता हसनैन का पटना में भव्य स्वागत



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार के नए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन गुरुवार को राजधानी पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर उनके आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया और बिहार की धरती पर उनका स्वागत किया। पटना एयरपोर्ट पहुंचने के बाद राज्य सरकार की ओर से नए राज्यपाल को पारंपरिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। सेना की पृष्ठभूमि से आने वाले लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन के आगमन को लेकर एयरपोर्ट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम भी किए गए थे।

स्वागत के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन के समृद्ध अनुभव और कुशल मार्गदर्शन में बिहार विकास और प्रगति के मार्ग पर और तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके कार्यकाल में राज्य की संवैधानिक गरिमा और मजबूत होगी।

# बिहार लाएगा नई निर्यात नीति, देश में सबसे बेहतर होगी : उद्योग मंत्री

**निज संवाददाता | पटना**

उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार सरकार जल्द ही नई निर्यात नीति लेकर आएगी, जिसे संशोधित कर निर्यातकों के लिए और अधिक अनुकूल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार निर्यातकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और नई नीति देश की सबसे बेहतर निर्यात नीति बनाने का लक्ष्य रखा गया है। गुरुवार को पटना के एक होटल में आयोजित मेगा निर्यात संवर्धन कार्यक्रम एवं निर्यातक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने यह बात कही। यह कार्यक्रम वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा उद्योग विभाग और फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन्स के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुक्त व्यापार समझौतों और निर्यात संवर्धन मिशन पर चर्चा करते हुए बिहार के निर्यात ईकोसिस्टम को मजबूत बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। डॉ. जायसवाल ने कहा कि जैसे बिहार की औद्योगिक नीति और प्रोत्साहन नीति को देश में बेहतर माना जाता है, उसी तरह राज्य की नई निर्यात नीति भी देश में सबसे बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बिहार के विकास में यहां के उद्यमियों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि राज्य के उद्यमी बिहार की आर्थिक रीढ़ हैं और उनके सहयोग से ही उद्योग और व्यापार को नई गति मिल रही है।

मंत्री ने केंद्र सरकार से बिहार में अतिरिक्त विशेष आर्थिक जोन (सेज) स्थापित करने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बिहार के लिए दो सेज को मंजूरी दी है, लेकिन राज्य की जरूरतों को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं है। साथ ही उन्होंने बिहार में विदेश व्यापार के लिए अलग कार्यालय खोलने की भी मांग उठाई। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने बिहार में निर्यात की संभावनाओं और राज्य सरकार द्वारा विकसित किए जा रहे निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य के प्रत्येक जिले में एक्सपोर्ट हब विकसित करने की योजना है, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में निर्यात का योगदान बढ़ेगा। उन्होंने बिहार के निर्यातकों से एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के गठन का भी आह्वान किया। विदेश व्यापार के अपर महानिदेशक विपिन मेनन ने कहा कि बिहार में निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिनका लाभ बिहार के निर्यातकों को भी मिल सकता है। कार्यक्रम में विदेश व्यापार के अपर महानिदेशक संपत कुमार, एक्साइज के अपर आयुक्त अंशुल गुप्ता, एमएसएमई के निदेशक अमन समीर और उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले बिहार के 28 निर्यातकों को सम्मानित भी किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी के तीन ठिकानों पर छापेमारी

# छापा पड़ते ही खिड़की से फेंके नोटों के बंडल, कचरे से मिले पांच लाख

**निज संवाददाता | पटना**



पटना में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारी पंकज कुमार के ठिकानों पर गुरुवार को विशेष निगरानी इकाई (एसभीयू) ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम के घर में प्रवेश करते ही अधिकारी पंकज कुमार कथित तौर पर खिड़की से नोटों के बंडल फेंकने लगे। जांच टीम ने कचरे के ढेर से करीब 5 लाख रुपये बरामद किए हैं। अब तक की कार्रवाई में कुल 15 लाख रुपये नकद जब्त किए जा चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार छापेमारी अभी जारी है और बरामदगी का आंकड़ा और बढ़ सकता है।

बताया गया कि पंकज कुमार मूल रूप से मुजफ्फरपुर के कांटी इलाके के रहने वाले हैं और वर्तमान में बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएमएसआईसीएल) में डीजीएम (प्रोजेक्ट) के पद पर कार्यरत हैं। आय से अधिक संपत्ति के मामले में उनके दो आवास और कार्यालय समेत तीन ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। विशेष निगरानी इकाई की टीम ने गुरुवार सुबह करीब 8 बजे पटना के कदमकुआं स्थित कनिका मैहर अपार्टमेंट में छापेमारी की। उस समय पंकज कुमार अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद थे। छापेमारी के दौरान जांच टीम ने अब तक करीब 96 लाख रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति से जुड़े नकद, गहने, जमीन के दस्तावेज और अन्य कीमती सामान बरामद किए हैं। एसभीयू ने इस मामले में पंकज कुमार के खिलाफ कांड संख्या 10/2026 दर्ज किया है। जांच एजेंसी का आरोप है कि उन्होंने करीब 11 वर्षों की सेवा के दौरान विभिन्न पदों पर रहते हुए अपनी वैध आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। निगरानी इकाई के अनुसार उन्होंने लगभग 96 लाख 46 हजार 666 रुपये की ऐसी संपत्ति बनाई।

टीआरई-4 को लेकर पटना में अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

# बीएड व डीएलएड अभ्यर्थियों को शामिल करने की मांग

**निज संवाददाता | पटना**

शिक्षक भर्ती परीक्षा के चौथे चरण (टीआरई-4) में बीएड और डीएलएड (2024-26) सत्र के अभ्यर्थियों को शामिल करने की मांग को लेकर गुरुवार को पटना में सैकड़ों अभ्यर्थियों ने विरोध प्रदर्शन किया। विभिन्न जिलों से पहुंचे अभ्यर्थियों ने गांधी मैदान स्थित गांधी मूर्ति के पास एकत्र होकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया और बिहार लोक सेवा आयोग से परीक्षा में शामिल होने की अनुमति देने की अपील की। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना था कि आयोग द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार शिक्षक भर्ती परीक्षा का चौथा चरण सितंबर में प्रस्तावित है, जबकि बीएड और डीएलएड (2024-26) सत्र की पढ़ाई मई और जून तक पूरी हो जाएगी। ऐसे में उन्हें परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिलना चाहिए। अभ्यर्थियों का कहना है कि यदि उनकी पढ़ाई परीक्षा से पहले पूरी हो जाती है तो उन्हें टीआरई-4 में शामिल होने से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। छात्र नेता सौरभ कुमार ने कहा कि अभ्यर्थी पिछले डेढ़ वर्षों से शिक्षक भर्ती के चौथे चरण का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव से पहले और बाद में भी अभ्यर्थियों ने अपनी मांगों को लेकर कई बार आंदोलन किया।

# जल-जीवन-हरियाली अभियान से बिहार का हरित आवरण 15.5 प्रतिशत तक पहुंचा : श्रवण कुमार

**निज संवाददाता | पटना**

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि बिहार में करीब सात वर्ष पहले शुरू किए गए जल-जीवन-हरियाली अभियान से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। अभियान के तहत राज्य में अब तक 21 करोड़ 25 लाख से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं, जिसके परिणामस्वरूप बिहार का हरित आवरण बढ़कर लगभग 15.5 प्रतिशत तक पहुंच गया है।



उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2028 तक हरित आवरण को बढ़ाकर 17 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। गुरुवार को मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग वर्ष 2019 से इस अभियान को प्रभावी ढंग से चला रहा है। उन्होंने बताया कि पौधरोपण अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य में सबसे अधिक चार करोड़ छह लाख पौधे लगाए गए थे, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक तीन करोड़ 38 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं।

मंत्री ने कहा कि बड़े पैमाने पर लगाए जा रहे फलदार और छायादार पौधों का लाभ किसानों और ग्रामीण समुदाय को मिल रहा है। फलदार पौधों से किसानों की आमदनी बढ़ने के साथ-साथ स्वयं सहायता समूहों और जीविका दीदियों के लिए भी स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने बताया कि नर्सरियों में फलदार और छायादार पौधे तैयार कर समूह की सदस्य और जीविका दीदियां अच्छी आय अर्जित कर रही हैं। श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य में सड़क किनारे, नहरों के आसपास, सार्वजनिक स्थलों, विद्यालय परिसरों, सरकारी कार्यालयों और ग्राम पंचायत क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया गया है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत ने कूटनीतिक संपर्क बढ़ाया

# जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री से तीन बार की बात, जहाजों की सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति पर हुई चर्चा

**एजेंसी | नई दिल्ली**

### प्रधानमंत्री ने खाड़ी देशों के नेताओं से भी की बातचीत

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि तनाव शुरू होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खाड़ी क्षेत्र के कई नेताओं से भी बातचीत की है। इन चर्चाओं में कूटनीति और संवाद के माध्यम से जल्द से जल्द शांति स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री ने नागरिकों की सुरक्षा और सिविलियन हताहतों से बचने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। साथ ही खाड़ी सहयोग परिषद यानी गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) देशों में रहने वाले बड़ी संख्या में भारतीयों की सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया गया।



भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने हाल के दिनों में ईरान के विदेश मंत्री से तीन बार बातचीत की है। इन वार्ताओं में मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों में जहाजों की सुरक्षा तथा भारत की ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और उसके वैश्विक प्रभावों पर लगातार नजर बनाए हुए है। इसी संदर्भ में भारत और ईरान के बीच उच्च स्तरीय संवाद जारी है, ताकि क्षेत्रीय स्थिरता और समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। रणधीर जायसवाल ने बताया कि हालिया बातचीत में विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों में जहाजों की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा आपूर्ति से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों का असर केवल किसी एक देश पर नहीं बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा, हमारे विदेश मंत्री अपने ईरानी समकक्ष से लगातार संपर्क में हैं और पिछले कुछ दिनों में तीन बार बातचीत हो चुकी है। क्षेत्र में जो घटनाक्रम चल रहे हैं, उनका असर दुनिया के कई देशों और आम लोगों की जिंदगी पर पड़ रहा है। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि जो भारतीय नागरिक अजरबैजान और आर्मेनिया के रास्ते वाणिज्यिक उड़ानों से भारत लौटना चाहते हैं, उन्हें हर संभव सहायता दी जा रही है। भारतीय दूतावास वीजा प्रक्रिया में सहयोग कर रहे हैं और जरूरत पड़ने पर नागरिकों को जमीनी सीमा पार कराने में भी मदद दी जा रही है। इस दौरान पाकिस्तान के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ऐसे बेबुनियाद आरोपों को सिरे से खारिज करता है।

# बिहार में जाति, आय और आवास प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया बदली

- आधार कार्ड के आधार पर अब नहीं बनेंगे प्रमाण पत्र, पारदर्शिता बढ़ाने और फर्जीवाड़ा रोकने के लिए सरकार ने बदली प्रक्रिया

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में जाति, आय और आवासीय प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। अब केवल आधार कार्ड के आधार पर ये प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जाएंगे। आवेदन करने वाले व्यक्ति को इसके लिए अन्य आवश्यक दस्तावेजों का विवरण भी देना होगा। सरकार का कहना है कि इस नई व्यवस्था का उद्देश्य प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना और फर्जी तरीके से प्रमाण पत्र बनवाने की घटनाओं पर रोक लगाना है।

बताया जा रहा है कि यह बदलाव बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के तहत लागू किया गया है। इसके अनुसार अब राज्य के सभी आरटीपीएस काउंटरों और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जब भी कोई व्यक्ति जाति, आय या आवासीय प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करेगा, तो उसे आवेदन पत्र में केवल अपना नाम भरना पर्याप्त नहीं होगा। आवेदक को अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम और यदि वह विवाहित है तो पति या पत्नी का नाम भी दर्ज करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही आवेदक को यह भी बताना होगा कि प्रमाण पत्र बनवाने के लिए उसके पास कौन-कौन से दस्तावेज उपलब्ध हैं। सरकार ने इसके लिए कई विकल्प दिए हैं, जिनमें खतियान, दान पत्र, भूमि से संबंधित दस्तावेज, भूमिहीनों को आवंटित जमीन से जुड़े अभिलेख और अन्य राजस्व रिकॉर्ड शामिल हैं। यदि किसी आवेदक के पास इन दस्तावेजों में से कोई भी उपलब्ध नहीं है, तो वह आवेदन के दौरान राजस्व अभिलेख उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में स्थल निरीक्षण का विकल्प चुन सकता है। इसके बाद संबंधित अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर जांच की जाएगी और प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कोचस प्रखंड के सभी विद्यालयो मे वार्षिक परीक्षा शुरू

**कोचस (रोहतास)** कोचस प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में एक से आठ तक वर्ग के छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा शुरू हो गया है। इसको लेकर के शिव पूजन शास्त्री +2 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरवर-भागीरथा के कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर के समन्वयक भारत प्रसाद सिंह ने बताया कि वर्ग 1 से 8 तक की वार्षिक परीक्षा 2026 कड़ी निगरानी के साथ संचालित की जा रही है। कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर के अंतर्गत आठ विद्यालयों में कुल नामांकन 1562 है, जिनमें से 1524 बच्चे परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 38 बच्चे अनुपस्थित रहे। इस प्रकार बच्चों की उपस्थिति लगभग 98 प्रतिशत रही।उन्होंने बताया कि उनके संकुल अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिदासपुर, प्राथमिक विद्यालय भरहुआं, प्राथमिक विद्यालय भगतगंज, प्राथमिक विद्यालय धनछुआं, राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय नरवर-भागीरथा, मध्य विद्यालय नरवर, मध्य विद्यालय खुदरू तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय सारोसेर में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सख्त निगरानी में आयोजित की जा रही है।निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को उनके मूल विद्यालय से हटाकर आसपास के विद्यालयों में ड्यूटी पर लगाया गया है, ताकि बच्चों की परीक्षा पारदर्शी एवं कड़ी निगरानी में हो सके।उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से बच्चों का मानसिक कौशल और आत्मविश्वास बढ़ेगा। आगे चलकर जब बच्चे बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा देंगे, तो वे उसी अनुशासन और तैयारी के साथ परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य सरकार के नियमों को धरातल पर उतारते हुए शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है।

### पांच लीटर देशी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**राजपुर।** स्थानिय पुलिस ने बुधवार को गुप्त सूचना पर छापेमारी करते हुए क्षेत्र के अमरपुर गांव से पांच लीटर शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया.थानाध्यक्ष उमुस सलमा ने बताया कि छापेमारी के दौरान धंधेबाज के बरना अमरपुर जंगल स्थित अड्डा से पांच लीटर शराब बरामद किया गया.धंधेबाज को गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया गया.

### मारपीट के तीन आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार बम बरामदगी मामले के वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने सुपुर्द किया न्यायालय को

**राजपुर।** थाना क्षेत्र के बलिगांव गांव में हुए मारपीट मामले में आरोपित तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. थानाध्यक्ष उमुस सलमा ने बताया कि बलिगांव गांव में आपसी विवाद में हुए मारपीट मामले में गांव के बिनासी कुअंर के आवेदन के आलोक में आरोपित स्वर्गीय विश्वनाथ सिंह के बेटा बबन यादव,बबन यादव का बेटा उतम कुमार एवं अकोढिगोला निवासी गणेश सिंह यादव का बेटा अमित कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द करते हुए जेल भेज दिया गया. वहीं 2013 में राजपुर में बम बरामद किये जाने मामले में न्यायालय के वारंटी श्रीराम शर्मा उर्फ ठाकुर को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया.

### राजपुर में ईद व रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण मनाने को लेकर थानाध्यक्ष ने की बैठक,डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध का ऐलान

**राजपुर /रोहतास।** गुरुवार को राजपुर थाना परिसर में आगामी ईद और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से मनाने के लिए थानाध्यक्ष उमूस सलमा की अध्यक्षता में शांति समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई । बैठक में थाना क्षेत्र के सभी प्रबुद्धजन,जनप्रतिनिधि,शांति समिति के सदस्य और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे । बैठक में उपस्थित लोगों ने पर्वो को शांति, सौहार्द और सामाजिक सद्भाव के साथ मनाने के लिए अपने सुझाव साझा किए । इस अवसर पर थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि किसी भी पर्व पर डीजे का पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी । उन्होंने सभी से सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया । उमूस सलमा ने कहा कि पुलिस और शांति समिति मिलकर पर्वो के दौरान सुरक्षा,व्यवस्था और सार्वजनिक शांति बनाए रखने के लिए पूरी सतर्कता बरतेगी । उन्होंने कहा कि यह पहल सभी समुदायों के बीच भाईचारा बनाए रखने और त्योहारों को सुरक्षित वातावरण में मनाने के लिए महत्वपूर्ण है । बैठक के अंत में सभी उपस्थित गणमान्य लोगों ने थानाध्यक्ष के निर्देशों का समर्थन किया और पर्वो के दौरान सहयोग का आश्वासन दिया । इस बैठक से क्षेत्र में ईद और रामनवमी के पर्वो को शांतिपूर्ण,सुव्यवस्थित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाने की तैयारी मजबूत हुई है ।

### 21 से 23 मार्च तक होगा केसरिया महोत्सव

**केसरिया, पू.च।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन पूर्वी चंपारण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय केसरिया महोत्सव का आयोजन आगामी 21, 22 व 23 मार्च को किया जाएगा। इसके मद्देनजर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। चकिया एसडीओ शिवानी शुभम ने बताया कि महोत्सव को भव्य बनाने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। महोत्सव के पहले दिन 21 मार्च को सुप्रसिद्ध पार्श्वगायिका मालिनी अवस्थी और गायक कुमार सत्यम अपनी प्रस्तुति देंगे। दूसरे दिन 22 मार्च को कवि सम्मेलन के साथ-साथ रंगोली, पेंटिंग और अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों व प्रतिभागियों को मंच मिलेगा।महोत्सव के अंतिम दिन 23 मार्च को पार्श्वगायिका ऐश्वर्या पंडित तथा गायक अतुल पंडित अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। एसडीओ ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर मंच, दर्शक दीर्घा, वाहन पड़ाव तथा सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां तेजी से की जा रही है, ताकि महोत्सव में आने वाले दर्शकों को बेहतर सुविधा मिल सके।

### अलविदा की नमाज़ में विश्व शांति के लिए विशेष दुआ करें: कामरेड इश्तेयाक

**मेहसी।** नगर परिषद चकिया के सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता तथा जनता इलेक्ट्रिक के व्यवस्थापक कामरेड इश्तेयाक आलम ने अलविदा की नमाज़ के अवसर पर लोगों से विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए विशेष दुआ करने की अपील की है।उन्होंने कहा कि पवित्र रमज़ान का महीना चल रहा है और देश के कोने-कोने में दावत-ए-इफ्तार तथा तरावीह की नमाज़ का आयोजन हो रहा है। यह इस्लाम का सबसे मुकद्दस महीना है, जिसमें की गई दुआएँ अल्लाह के यहाँ कबूल होती हैं। इसलिए सभी मुसलमान भाइयों से गुज़ारिश है कि वे देश में अमन-चैन और पूरी दुनिया में शांति के लिए विशेष दुआ करें।कामरेड इश्तेयाक आलम ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व में शांति स्थापित करना हम सबका परम लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें शांति दूत बनकर समाज में भाईचारा और सद्भाव का संदेश फैलाना चाहिए।उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ईरान और इज़राइल के बीच चल रहे तनाव और युद्ध की स्थिति ने पूरी दुनिया में बेचैनी पैदा कर दी है। ऐसे में हम सभी को दुआ करनी चाहिए कि यह संघर्ष जल्द समाप्त हो और दुनिया में अमन कायम हो।उन्होंने कहा कि रमज़ान के इस मुकद्दस अशरे में हम सब मिलकर अल्लाह से दुआ करें कि वह हमारी मगफिरत फरमाए और देश-दुनिया में चारों ओर शांति और खुशहाली कायम करे। साथ ही हमारे देश में विकास और तरक्की का नया रास्ता प्रशस्त हो।

### राजद के प्रदेश महासचिव संजय यादव को तिरहुत प्रमंडल का प्रभारी मनोनीत किया गया, हर्ष

**मोतिहारी।** पार्टी एवं संगठन को सुगमता पूर्वक संपन्न करने एवं संपूर्ण बिहार की कुल 55 सांगठनिक जिला इकाइयों को 4 भागो में विभक्त किया गया। इस क्रम में राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने राजद के प्रदेश महासचिव संजय यादव को तिरहुत प्रमंडल का प्रभारी मनोनीत किया है इनके तिरहुत प्रमंडल के प्रभारी मनोनीत होने पर राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा है कि संजय यादव के प्रभारी बनने से तिरहुत प्रमंडल में पार्टी और संगठन मजबूत होगा इनके मनोनीत होने पर बधाई देने वाले में राजद के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार यादव विधायक फैसल रहमान विधान परिषद सदस्य सैयद फैसल अली मोतिहारी मेयर प्रीति कुमारी पूर्व विधायक राजेंद्र राम पूर्व विधायक डॉक्टर शमीम अहमद पूर्व विधायक शशि कुमार सिंह मधुबन राजद जिला संगठन अध्यक्ष नूर आलम खान पूर्व प्रत्याशी देवा गुप्ता प्रधान महासचिव सुरेश साहनी पंचायती राज के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन यादव संजय निराला मीडिया प्रभारी जावेद अहमद ने बधाई दी है।

# चौक स्थित सामुदायिक शौचालय को प्रशासन ने किया अतिक्रमण मुक्त

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



- बजार वासियों में शौचालय चालु होने की जगी आस
- पुन: अतिक्रमण कर लिये जाने का लोगों ने जताई आशंका

**राजपुर।** स्थानीय बजार के चौक पर निर्मित सामुदायिक शौचालय के अतिक्रमण को गुरूवार को बिक्रमगंज एसडीएम प्रभात कुमार के मौजूदगी में प्रशासन ने मुक्त कर दिया.जिससे विगत पांच वर्षो से बन्द पडा शौचालय चालु होने का आस बजार वासियों में जग गई है.

प्रखंड विकास पदाधिकारी सह दण्डाधिकारी रविराज लगभग एक बजे दिन में भारी संख्या में पुलिस बल लेकर सड़क पर उतर सभी ठेला खोमचा दुकानदारों को अविलंब अतिक्रमण हटा लेने का निर्देश दिया.थानाध्यक्ष उमुस सलमा ने दुकानदारों को डांट लगाई.परिणाम स्वरूप लगभग आधा घंटा के अंदर हीं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में देखते हीं देखते सभी अतिक्रमणकारी अपना दुकानदार लेकर वहां से हट गये.बीडीओ के मौजूदगी में कर्मियों ने बन्द शौचालय का ताला तोड़ दिया. शौचालय संचालन कर्मियों के लिये बनाये गये तीन कमरों को प्रशासन ने धारा 127 की कारवाई करते हुए अतिक्रमण मुक्त करा लिया.

बीडीओ ने बताया कि अभी शौचालय को अतिक्रमण मुक्त किया गया है.ईद व रामनवमी के उपरांत समुचे बजार को अतिक्रमण मुक्त करने की कारवाई किया जायेगा. सब्जी बजार को सरकारी आवंटित भूमि पर ले जाया जायेगा.

अतिक्रमण हटाये जाने के लिए चल रहे कारवाई के दौरान मौके पर मौजूद काफी संख्या में लोग इस बात की कानाफूसी करते नजर आये कि जल्द हीं सभी अतिक्रमण कारी पुनः उसी जगह पर अपना दुकान लगा लेंगे.इस दौरान दंडाधिकारी के तौर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्राण रंजन प्रसाद, बीएओ अखिलेश कुमार, सभी पंचायत सचिव व स्थानीय पुलिस बल तैनात थे.

## मवेशी भरे ट्रक की चपेट में आने से वाइक सवार की मौत, एक गंभीर रूप से जख्मी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** शहर के डेहरी रोड़ में रेलवे क्रासिंग के पास बुधवार की देर रात अनियंत्रित मवेशी भरे ट्रक की चपेट में आने से एक वाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा वाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया।जिसे इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है पुलिस प्रशासन की नजर से बचने के लिए तेज रफ्तार में मवेशियों से भरा ट्रक अनियंत्रित गति से बिक्रमगंज शहर को पार कर रहा था।इसी दौरान बिक्रमगंज- डेहरी रोड़ में रेलवे क्रासिंग के पास वाइक सवार दो युवक ट्रक की चपेट में आ गए। दुर्घटना में बिक्रमगंज शहर के श्याम नगर निवासी दिनेश प्रसाद उर्फ पयहारी जी का 24 वर्षीय पुत्र मोहन प्रसाद की मृत्यु हो गई और राजा सेठ का पुत्र राजु कुमार जख्मी हो गया। दोनों युवक शादी समारोह के लिए सामान खरीद कर वापस लौट रहे थे।

थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि उक्त ट्रक को जब्त कर लिया गया और मवेशियों को सासाराम स्थित गौ सेवा केन्द्र भेज दिया गया। ट्रक चालक और ऑनर पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। वही गौरक्षक दल के अध्यक्ष बड़क बाबा ने बताया कि आए दिन अवैध तरीके से मवेशी सहित मवेशियों के मांस की तस्करी बड़े स्तर पर की जा रही है।जो पकड़े जाने की भय से अनियंत्रित गति से शहर एवं बाजार क्षेत्र को पार करते हैं। इसकी क्रम से सड़क दुर्घटना हो रहे हैं और लोगों की जान जा रही है।

## एसपी के नेतृत्व में पुलिस सभागार में सीसीटीएनएस व कांड अनुसंधान से संबंधित दिया गया प्रशिक्षण



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मोतिहारी।** गुरूवार को एसपी स्वर्ण प्रभात के नेतृत्व में पुलिस सभागार में सदर-1 व सदर-2 अनुमंडल के सभी सीसीटीएनएस आपरेटर,कर्मी, अनुसंधान कर्ता, थानाध्यक्षों, अंचल निरीक्षक व पर्यवेक्षी प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के दौरान ई-सक्ष्या एप के उपयोग, कांड डायरी को सीसीटीएनएस पर अपलोड करने, कांड के अनुसंधान को गुणवत्तापूर्वक एवं प्रभावी ढंग से करने के लिए जानकारी दी गयी। मौके पर सदर-1 के डीएसपी दिलीप कुमार, सदर-2 के डीएसपी जितेश पाण्डेय, नगर कोतवाल राजीव रंजन, मुफ्फसिल अंचल निरीक्षक अनिल कुमार सिन्हा, छतौनी इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार पासवान, मुफ्फसिल थानाध्यक्ष सह परिक्ष्यमान डीएसपी कुमारी प्रियंका सहित सभी थानों के थानाध्यक्ष, अनुसंधान कर्ता उपस्थित थे।

## जब हम किसी चीज को मानते है वो अंधविश्वास है और जब किसी विषय वस्तु को जानते और समझते है यही विज्ञान : प्राचार्य डॉ प्रो ओम प्रकाश राम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




बिक्रमगंज : जब हम किसी चीज को मानते है वो अंधविश्वास है और जब किसी विषय वस्तु को जानते और समझते है यही विज्ञान है । इससे छात्र व छात्राओं में वैज्ञानिक प्रवृति और तार्किक सोच बढ़ता है । उक्त बातें स्थानीय शहर के अंजबित सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रो ओम प्रकाश राम ने बॉटनी विभाग द्वारा आयोजित पुरस्कार सह सहभागिता प्रमाण पत्र वितरण समारोह में कही । यह समारोह विज्ञान उत्सव 2026 के आलोक में किया गया । समारोह का उद्घाटन प्राचार्य डॉ राम,कार्यक्रम समन्वयक डॉ कन्हैया सिंह,डॉ एस एस भास्करम,डॉ अनिल कुमार द्वारा सयुक्त रूप से किया गया । समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के समन्वयक सह वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कन्हैया सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से छात्र व छात्राओं में सृजन क्षमता एवं नवाचार का विकास होता है । बच्चे विभिन्न कार्यकमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते है । भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंदना कुमारी,द्वितीय आकांक्षा आनंद और तृतीय गोपाल कुमार को मिला । निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मानसी गुप्ता,द्वितीय आकांक्षा आनंद और तृतीय स्थान पूजा कुमारी को मिला । पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निर्जला एवं वंदना,द्वितीय स्थान दीपक और अक्षिता और तृतीय स्थान गोल्डी कुमारी ने प्राप्त किया ।सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार मेडल,एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । अन्य प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया गया । कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम के सह समन्वयक सहायक प्राध्यापक डॉ शशि भूषण ने कहा कि विज्ञान उत्सव एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक संकल्प जिससे विद्यार्थी को सीखने का मौका मिलता है । जैसा कि विदित है कि कार्यक्रम का विषय था स्वस्थ लोग,स्वच्छ भारत उप विषय था खरीदो लोकल, उपजाओ सीजनल और खाओ नेचुरल । धन्यवाद ज्ञापन गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार ने किया । इस अवसर पर डॉ कमल किशोर,डॉ सरिता कुमार, अंकित,शौर्य गुप्ता,डॉ आर के पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## सूरत केमिकल फैक्ट्री में मजदूरों के मौत के भी सरकार से नही मिला मुआवजा

**पीड़ित आश्रितों को मुआवजा नहीं मिलने पर महागठबंधन आंदोलन करने को तैयार**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कोचस (रोहतास)।** महागठबंधन के नेता और कार्यकर्ता सूरत में केमिकल फैक्ट्री में हुई मजदूरों की मृत्यु के मामले में सरकार की असंवेदनशीलता पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। पूर्व जिला परिषद डॉक्टर मुन्ना पासवान सहित अन्य सामाजिक संगठन के लोगों ने पीड़ित परिवार के घर जाकर मातम पुर्सी कर सरकार के द्वारा मिलने वाली हर मुआवजे दिलाने का आश्वासन भी दिया है। डॉक्टर मुन्ना पासवान ने बताया कि रोहतास के चार मजदूरों की सूरत के केमिकल फैक्ट्री मे मृत्यु हो गई है, जिनमें से दो लोग कोचस प्रखण्ड के रहने वाले है जिनका नाम संदीप पासवान और मनेन्द्र पासवान दोनो ग्राम कपसीय के बताए जाते है।महागठबंधन के नेता अखिलेश त्रिपाठी, रामप्रवेश कुशवाहा, सुरेंद्र दुबे, मुन्ना पासवान, मुरारी ठाकुर, विनोद पासवान और मनोज पासवान जी पूर्व सांसद प्रतिनिध )ने पीड़ित परिवार से मिल दुख व्यक्त किया है, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक कोई सहायता या आश्वासन नहीं मिला है इसको लेकर महा गठबंधन के कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।उन लोगो ने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता प्रदान की जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। सरकार की इस असंवेदनशीलता से मजदूरों के परिवारों में आक्रोश है और हम इस मामले को उठाते रहेंगे। मौके पर अखिलेश त्रिपाठी, प्रदेश प्रतिनिधि काँग्रेस, रामप्रवेश कुशवाहा, पूर्व बीडीसीए, सुरेंद्र दुबे, पूर्व पैक्स अध्यक्ष कोचस, मुन्ना पासवान, पूर्व जिला परिषद रोहतास, मुरारी ठाकुर, मनु पासवान मुखिया अकोरा पंचायत, विनोद पासवान, मनोज पासवान (पूर्व सांसद प्रतिनिधि) साहित्य अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्रखण्ड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में शुरु हुई मुल्यांकन परीक्षा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**केसरिया, पू.च।** प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में गुरुवार से कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों की वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा शुरू हो गई। पहले दिन प्रथम पाली में वर्ग 3 से 8 तक के छात्रों की सामाजिक विज्ञान की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की गई, जिसमें करीब 24 हजार छात्र-छात्राएं शामिल हुए। वही द्वितीय पाली में वर्ग 1 व 2 के बच्चों की भाषा (हिंदी/उर्दू) की मौखिक परीक्षा वर्ग शिक्षकों द्वारा ली गई, जिसमें लगभग 6 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस बार शिक्षा विभाग ने परीक्षा प्रणाली में बदलाव किया है। नई व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र नहीं दिया गया।

इसके बजाय परीक्षा के दौरान शिक्षक ब्लैकबोर्ड पर प्रश्न लिखते हैं और छात्र उन्हें देखकर अपनी कॉपियों में उत्तर लिखते हैं। परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ई-शिक्षाकोष पोर्टल का उपयोग किया जा रहा है। इस पोर्टल पर परीक्षा शुरू होने से करीब 40 मिनट पहले प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया जाता है। इसके बाद संबंधित शिक्षक प्रश्नों को ब्लैकबोर्ड पर लिखकर विद्यार्थियों से उत्तर लिखवाते हैं।

यूएमएस पुरैना की शिक्षिका प्रज्ञा प्रिया और मध्य विद्यालय केसरिया कन्या के शिक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि नई व्यवस्था से परीक्षा प्रक्रिया सरल और व्यवस्थित हो गई है। इससे नकल की संभावना भी कम होती है और शिक्षक सीधे तौर पर परीक्षा संचालन की निगरानी कर पाते हैं।

बीईओ विनय कुमार तिवारी ने बताया कि केसरिया प्रखंड में करीब 30 हजार छात्र-छात्राएं वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों की केवल मौखिक परीक्षा ली जा रही है, जबकि कक्षा 3 से 8 तक के छात्रों की लिखित परीक्षा आयोजित की जा रही है।

## पुलिस ने किया बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन चोर गिरफ्तार, 4 बाइक बरामद




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**तुरकौलिया।** पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। बाइक चुराकर खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए चोरी की चार बाइक को बरामद किया है। थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी ने बताया कि रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिला था कि कुछ युवक बाइक की चोरी करके नंबर प्लेट बदलकर और कागजात में हेरफेर कर बेचने का काम करते हैं। सूचना मिलते ही पुलिस भेला छपरा में छापेमारी करने पहुंची तो पुलिस को देखकर एक युवक भागने लगा लेकिन पुलिस ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रतन कुमार बताया। उसकी घर की तलाशी लेने पर बीआर 22 ए-जे8199 नंबर की बाइक बरामद की गई। रतन ने बताया कि यह बाइक भी चोरी की है। साथ ही इसके निशानदेही पर झखिया में बलि कुमार और पवन कुमार के घर पर छापेमारी कर चोरी की तीन और बाइक बरामद की गई। साथ ही इन दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया।

पकड़े गए सभी चोर बाइक चुराकर बेचते थे। थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी ने यह भी बताया कि बाइक चोर गिरोह को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार गुप्त एजेंडे पर काम कर रही थी। क्षेत्र में लगातार वाहन चेकिंग भी किया जा रहा था। आखिरकार सभी चोर पुलिस के हत्थे चढ़ ही गए। इससे क्षेत्र में चोरी की घटना पर लगाम लगेगा।

## ऋण की स्वीकृति एवं भुगतान के लिए समीक्षा बैठक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




- ऋण वितरण शिविर का आयोजन

**मोतिहारी।** समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभा भवन में जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में उद्यम स्थापित करने हेतु उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत ऋण की स्वीकृति एवं भुगतान के लिए समीक्षा बैठक -सह- ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र पूर्वी चंपारण एवं एलडीएम सहित बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में जिला में संचालित सभी बैंक का पीएमईजीपी, पीएमएफएमई एवं पीएम विश्वकर्मा योजना का प्रगति का समीक्षा किया गया।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न बैंकों के द्वारा 76 निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध कुल-93 ऋण आवेदन स्वीकृत एवं 28 लाभुकों को ऋण का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत विभिन्न बैंकों के द्वारा 440 निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध कुल-284 ऋण आवेदन स्वीकृत एवं 139 लाभुकों को ऋण का भुगतान किया गया है। महा प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र मोतिहारी द्वारा कहा गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति की ओर है इसलिए सभी बैंक अविलंब अपने लक्ष्य को पूर्ण करें एवं निर्देश दिया गया कि सभी बैंकर्स को निर्देश दिया गया कि जिले में जो भी लोग उद्यम स्थापित करने के लिए इच्छुक हैं, उन्हें चिन्हित कर पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजना के तहत आवेदन करा कर अविलंब ऋण का स्वीकृति एवं भुगतान करें । विभिन्न बैंकों के द्वारा आश्वासन दिया गया की अगले 10 दिनों में पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कर लिया जायेगा। इस ऋण वितरण शिविर में कुल 53 लाभार्थियों का कुल 304.14 लाख रुपए का ऋण स्वीकृत एवं 35 लाभार्थियों को कुल 239.98 लाख रुपए की ऋण राशि का वितरण किया गया। इस ऋण वितरण शिविर लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति एवं वितरण पत्र प्रदान किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## सिनेट में 869.19 करोड़ के घाटे का बजट पारित

**आरा**। आरा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के न्यू कैम्पस में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर सीनेट की मुहर बुधवार को लग गयी। वित्त परामर्शी अरुण प्रसाद श्रीवास्तव ने सदन में 888 करोड़ 69 लाख 69 हजार 796 रुपए का बजट विश्वविद्यालय के तरफ से पेश किया। इसमें 21 करोड़ 68 लाख 71 हजार 740 रुपए विश्वविद्यालय की ओर से आंतरिक स्त्रोत से आमदनी होने का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। आतंरिक स्त्रोत से प्राप्त राशि को मूल बजट से घटाने के बाद 867 करोड़ 98 हजार 56 रुपया एवं शिक्षा विभाग से अपेक्षित परिनियत अनुदान की राशि 2 करोड़ 19 लाख को जोड़ने पर 869 करोड़ 19 लाख 98 हजार 56 रुपए की आवश्यकता पड़ेगी। घाटा की इस राशि के लिये सीनेट के सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। अब बिहार सरकार को 869 करोड़ 19 लाख 98 हजार 56 रुपए का प्रस्ताव भेजा जायेगा। हालांकि बजट में कई तरह की त्रुटियों का उजागर सदस्यों ने किया। त्रुटियों को दूर करने के बाद ही बजट को राज्य सरकार के पास भेजने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉक्टर शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने किया। बजट का विवरण, क्या-क्या इसमें खास कुल बजटः 888 करोड़ 69 लाख 69 हजार 796 रुपए घाटा की राशि अपेक्षित : 869 करोड़ 19 लाख 98 हजार 56 रुपए आतंरिक स्त्रोत से आमदनी : 21 करोड़ 68 लाख 71 हजार 740 रुपए वेतन एवं भत्ताः 195 करोड़ 76 लाख 6 हजार 561 रुपया पेंशनादिः 259 करोड़ 41 लाख 20 हजार 935 आकस्मिकता मद की राशि : 63 करोड़ 66 लाख 51 हजार 311रुपए वीकेएसयू विकास के लिएः 133 करोड़ 14 हजार 867 रुपए वार्षिक खेल-कूद पर खर्चः 6 करोड़ 26 लाख 90 हजार 87 रुपए क्षतिपूर्ति की राशिः 45 करोड़ 52 लाख 85 हजार 450 रुपए बिना मजबूत अर्थव्यवस्था के विश्वविद्यालयों का समुचित संचालन संभव नहीं : कुलपति कुलपति डॉक्टर शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि उन्हें चौथी बार सीनेट कराने का अवसर मिला है। यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय बिहार के विश्वविद्यालयों में अग्रणी स्थान पर पहुंच चुका है।विश्वविद्यालय की सफलता दर (परसेंटेज ऑफ सक्सेज) 99.96 प्रतिशत है, जो इसकी शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। शैक्षणिक सत्र को नियमित करने में महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं।

## बोर्ड मूल्यांकन के लिए प्रखंडों में पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

**आरा**। आरा भोजपुर जिले में शैक्षणिक सत्र, 2025-26 के वार्षिक मूल्यांकन/परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए शिक्षा विभाग ने विभिन्न प्रखंडों में पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है। इस बाबत जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ मानवेंद्र कुमार राय ने वार्षिक मूल्यांकन के तहत कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों की परीक्षा एवं उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य की निगरानी के लिए कई अधिकारियों को अलग-अलग प्रखंडों में प्रतिनियुक्त किया है। यह परीक्षा और मूल्यांकन कार्य 12 मार्च से 19 मार्च 2026 तक संचालित किया जाएगा। इसके बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 19 मार्च से 24 मार्च 2026 तक निर्धारित किया गया है। साथ ही 21 मार्च को ईद एवं 22 मार्च को बिहार दिवस के अवसर पर अवकाश रहने की भी जानकारी दी गई है। आदेश में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, लेखा पदाधिकारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी तथा सहायक साधन सेवियों को विभिन्न प्रखंडों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## जीरो माइल- पातर- असनी सड़क निर्माण कार्य की प्रगति का डीएम ने किया निरीक्षण

**आरा**। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने बुधवार को जीरो माइल क्षेत्र का दौरा कर जीरो माइल- पातर और जीरो माइल- असनी सड़क निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता की समीक्षा की। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाए। इसके साथ ही जीरो माइल में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने और निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद आम जनता को सुगम आवागमन, जलनिकासी की बेहतर सुविधा और यातायात जाम से राहत मिलेगी। इससे क्षेत्र के लोगों को व्यापक लाभ होगा। इस मंके पर उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता, निदेशक एनइपी, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, कार्यपालक अभियंता बुडको, कार्यपालक अभियंता पुल निर्माण निगम समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गर्मी में बढ़ सकता है सायटिका का दर्द, पानी की कमी से बढ़ता है नसों पर दबाव

**आरा**। गर्मी का मौसम शुरू होते ही कमर और पैरों में दर्द की समस्या कई लोगों में बढ़ने लगती है। विशेषज्ञों के अनुसार इसके पीछे अक्सर सायटिका की समस्या होती है, जिसमें कमर की नस दबने से दर्द कमर से कूल्हे होते हुए पैर तक फैल जाता है। शहर के फिजियोट फिजियोथैरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर के फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ. आर कृष्ण ने बताया कि गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन होने लगती है। इससे रीढ़ की हड्डी के बीच मौजूद डिस्क की नमी कम हो जाती है, जिसके कारण नसों पर दबाव बढ़ सकता है और सायटिका का दर्द अधिक महसूस होने लगता है। उन्होंने बताया कि अधिक पसीना आने से शरीर में इलेक्ट्रोलाइट की कमी भी हो जाती है। इससे मांसपेशियों में जकड़न और कमजोरी बढ़ती है, जो कमर और पैरों के दर्द को और ज्यादा बढ़ा सकती है।

**पर्याप्त मात्रा में पानी का करें सेवनः** डॉ. कृष्ण ने सलाह दी कि गर्मी के मौसम में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए, नियमित रूप से हल्की एक्सरसाइज और स्ट्रेचिंग करनी चाहिए तथा लंबे समय तक एक ही स्थिति में बैठने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कमर से पैर तक लगातार दर्द, झनझनाहट या सुन्नपन महसूस हो तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और तुरंत विशेषज्ञ से जांच करानी चाहिए। समय पर सही जांच और फिजियोथेरेपी उपचार से सायटिका के दर्द को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

## मिडिल ईस्ट तनाव के बीच एलपीजी, पेट्रोल-डीजल आपूर्ति पर सतर्कता

**आरा**। मिडिल ईस्ट क्षेत्र में चल रहे युद्ध और तनावपूर्ण हालात के कारण एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए बिहार पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। इस संबंध में विशेष शाखा, बिहार पुलिस मुख्यालय की ओर से पत्र जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति प्रभावित होने की स्थिति बन सकती है। ऐसे में राज्य में भी एलपीजी गैस, पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता पर असर पड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस मुख्यालय ने आशंका जताई है कि इस स्थिति में गैस एजेंसियों, वितरकों और पेट्रोल पंपों पर आम नागरिकों की भीड़ बढ़ सकती है, जिससे विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने की संभावना है। इसके साथ ही कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा गैस सिलेंडर या पेट्रोलियम पदार्थों की जमाखोरी और कालाबाजारी किए जाने की भी आशंका जताई गई है।

## बच्चा चोरी की अफवाह पर बोले एसपी, ऐसे अफवाह पर न दें ध्यान

**बक्सर**। बच्चा चोरी की अफवाह पर बक्सर एसपी शुभम आर्य का बयान सामने आया है। उन्होने कहा कि इस तरह की अफवाहों का पुलिस हमेशा खंडन करती रही है, हम लोग दोबारा अपनी तरफ से क्लियर करना चाहेंगे कि कोई भी अफवाह कई बार ऐसे बेगुनाह लोग भी होते हैं, जो उसकी चपेट में आ जाते हैं तथा उनके साथ मारपीट भी कर भी जाती है। इसलिए ऐसे किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं दें। एसपी ने कहा कि बच्चा चोर गिरोह यदि किसी भी प्रकार से कभी भी प्रकाश में आता है तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय थाने की पुलिस को दें, ताकि वह अपने स्तर से जांच कर ले, जांच करने के बाद में यदि पाया जाता है कि बच्चा चोरी का गिरोह एक्टिव है तो हम लोग उसे पर कार्रवाई करेंगे।

# अर्जुन हत्याकांड मामले में शूटर का बाइक चालक गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर जिले के चर्चित अर्जुन यादव हत्याकांड में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी मुख्य शूटर का सहयोगी और घटना के समय बाइक चलाने वाला था। पुलिस के अनुसार, इस मामले में अब तक कुल नौ गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। बक्सर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) गौरव पांडेय ने बताया कि 26 मई 2025 को चौसा पावर प्लांट के पास अखौरीपुर गोला निवासी अर्जुन यादव (पिता – स्वर्गीय सुरेंद्र यादव) को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी थी। गंभीर रूप से घायल अर्जुन यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस संबंध में बक्सर मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 232/25 दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

**DSP ने SIT का किया था गठनः** घटना की गंभीरता को देखते हुए बक्सर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया था। इस टीम ने लगातार कार्रवाई करते हुए अब तक नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मुख्य शूटर निखिल यादव का सहयोगी दिनेश यादव फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार सूचनाएं जुटा रही थी और संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी।

**कर्मनाशा पुल के पास पुलिस ने किया गिरफ्तारः** डीएसपी ने आगे बताया कि 10 मार्च 2026 को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी दिनेश यादव उत्तर प्रदेश से बक्सर आ रहा है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए SIT टीम ने कर्मनाशा पुल के पास घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) के इमामुद्दीनपुर निवासी दिनेश यादव (पिता रामाश्रय यादव) के रूप में हुई है। पूछताछ में दिनेश यादव ने हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसने बताया कि वह मुख्य शूटर निखिल यादव का सहयोगी था और घटना के समय बाइक चला रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# 2 बाइकों की आपस में टक्कर



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। आरा-सलेमपुर मुख्य मार्ग पर 2 बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार बीच सड़क पर गिर गए। हादसे में सास-दामाद समेच चार लोग घायल हो गए। इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रतनपुर-सनदिया गांव के बीच की है। घायलों में गीधा गांव निवासी मंजी महतो की पत्नी विद्यार्थी देवी(36) और कृष्णागढ़ के सरैया गांव के रहने वाले मुन्नू कुमार(18)हैं। दोनों रिश्ते में चचेरे सास-दामाद लगते हैं। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार गजराजगंज के बड़का गांव (अख्तियारपुर) निवासी नीतीश कुमार और इंदल प्रसाद(32) घायल हुए हैं।

**चचेरी सास के हल्दी समारोह में लेकर जा रहा थाः** घायल मुन्नू कुमार ने बताया कि अपने चचेरे भाई राकेश के हल्दी समारोह में शामिल होने के लिए चचेरी सास विद्यार्थी देवी को बाइक पर बैठाकर सरैया गांव ले जा रहा था। रास्ते में दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर सवार इंदल प्रसाद और नीतीश कुमार बाजार से सामान खरीदने के लिए जा रहे थे। अचानक हुई टक्कर में दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सदर अस्पताल के डॉक्टर रवि रंजन ने बताया कि सड़क हादसे में घायल चारों लोगों का इलाज चल रहा है। फिलहाल हालात स्थिर है। डॉक्टरों की टीम देखरेख कर रही है।

# बदमाशों ने युवक को मारी गोली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। भोजपुर में हथियारबंद बदमाशों एक युवक को गोली मार दी। दाहिने पैर में बुलेट लगी है। इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घायल की पहचान सारण जिला के छपरा नगर निवासी शैलेंद्र कुमार के पुत्र अभिषेक यादव(20) के तौर पर हुई है। घटना सिन्हा थाना क्षेत्र के महुली घाट के पास की है। पीड़ित के दोस्त विवेक तिवारी ने बताया कि मेरा ससुराल मरहा गांव में है। रमिता तिवारी से मेरी लव मैरिज शादी हुई है। कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। पत्नी और ससुराल वालों ने मेरे ऊपर दहेज की मांग को लेकर आरा महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। केस के सिलसिले में बुधवार को दोस्त अभिषेक के साथ आरा आया था।

**पहले भी विवाद हुआ थाः** विवेक तिवारी ने आगे कहा कि थाना से वापस लौट रहा था, महुली घाट के पाक उत्तम सिंह ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलीबारी में मैं बाल-बाल बच गया, लेकिन एक बुलेट मेरे दोस्त को लग गई। बीते 18 फरवरी को बेटे का छठियार(सोहर) कार्यक्रम का आयोजन ससुराल में था। उस दिन भी उत्तम सिंह से विवाद हुआ था। घायल के बयान के आधार पर पुलिस छानबीन कर रही है। ऑर्थो सर्जन डॉ. अमन सिंह ने बताया कि ऑपरेशन करके बुलेट निकाल दिया गया है। डैमेज पार्ट्स को रिपेयर कर दिया है। उन्हें ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। फिलहाल खतरे की कोई बात नहीं है।

# ट्रांसफार्मर तेल चोरी गिरोह का पर्दाफाश, बाइक- ई-रिक्शा बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर के डुमरांव अनुमंडल में पुलिस ने ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। डुमरांव पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। यह गिरोह ट्रांसफार्मरों से तेल निकालकर उसे ब्लैक मार्केट में बेचता था, कई बार इस तेल को डीजल में मिलाकर भी बेचा जाता था। इस मामले का खुलासा डुमरांव के एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने प्रेस वार्ता में किया। एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने बताया कि डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी। सुरौंधा गांव के पास एक कृषि ट्रांसफार्मर के पास संदिग्ध गतिविधि दिखी।

**ट्रांसफार्मर पर चढ़कर निकाल रहा था तेलः** पुलिस के मौके पर पहुंचने पर एक युवक ट्रांसफार्मर पर चढ़कर तेल निकालता हुआ पाया गया, जिसे तुरंत पकड़ लिया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान अरियांव गांव निवासी संतोष कुमार उर्फ टुनटुन यादव (पिता रामाधार यादव) के रूप में हुई। पूछताछ में उसने खुद को तेल चोरी गिरोह का सदस्य बताया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने अरियांव निवासी पंकज यादव (पिता रामजी यादव) को लालगंज कड़वी इलाके से गिरफ्तार किया।

**पुलिस ने बाइक और ई-रिक्शा किया बरामदः** पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी में इस्तेमाल होने वाले कई सामान बरामद किए हैं। इनमें एक अपाचे मोटरसाइकिल, एक ई-रिक्शा और लगभग ढाई लीटर ट्रांसफार्मर का तेल शामिल है। बरामद बाइक और ई-रिक्शा दोनों संतोष उर्फ टुनटुन यादव के नाम पर पंजीकृत बताए गए हैं। जांच के दौरान पुलिस को चोरी के तेल को बाजार में बेचने वाले व्यक्ति की जानकारी मिली। उसकी पहचान अरियांव गांव के चुन्नू साह (पिता खेमराज साह) के रूप में हुई, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, चुन्नू साह गिरोह से तेल खरीदकर उसे अवैध रूप से बाजार में बेचता था। एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने बताया कि इस मामले में कुछ अन्य लोगों की भी पहचान की गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल से ब्रह्मपुर अंचल कार्यालय में कामकाज ठप हुआ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ (संयुक्त संघर्ष मोर्चा) के आह्वान पर चल रहे राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश का असर अब ब्रह्मपुर प्रखंड के अंचल कार्यालय में साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण दाखिल-खारिज, परिमार्जन और अन्य राजस्व से जुड़े अधिकांश कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।अंचल कार्यालय में प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में लोग अपने भूमि संबंधी कार्यों जैसे दाखिल-खारिज, नामांतरण, परिमार्जन और अन्य कागजी प्रक्रियाओं को लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन कर्मचारियों के नहीं मिलने के कारण उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। कई लोगों का कहना है कि वे कई दिनों से लगातार कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई काम नहीं हो पा रहा है। इधर राजस्व कर्मचारियों का कहना है कि सरकार द्वारा पूर्व में किए गए लिखित समझौतों को लागू नहीं किए जाने के कारण उन्हें मजबूर होकर सामूहिक अवकाश पर जाना पड़ा है। कर्मचारियों की मांग है कि पूर्व में हुए समझौते के अनुसार ग्रेड-पे, पदनाम परिवर्तन, गृह जिला में पदस्थापन सहित अन्य मांगों पर सरकार जल्द आदेश जारी करे। जब तक सरकार उनकी मांगों पर ठोस और लिखित निर्णय नहीं लेती, तब तक आंदोलन जारी रखने की बात संघ के नेताओं द्वारा कही जा रही है। फिलहाल इस आंदोलन का सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। ब्रह्मपुर अंचल कार्यालय में अपने काम के लिए पहुंचने वाले लोग कर्मचारियों के नहीं मिलने से मायूस होकर घर लौट रहे हैं और जल्द समाधान की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# आज छह घंटे तक शटडाउन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। आरा में आज(12 मार्च 2026) छह घंटे तक बिजली कटेगी। पुरानी पुलिस लाइन GIS और जापानी PSS से सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सप्लाई ठप रहेगी। शटडाउन के दौरान मेंटेनेंस वर्क और मेन लाइन से सट रहे पेड़ों की छंटाई की जाएगी। साथ ही क्षेत्र के सभी पोल और जर्जर तार की भी मरम्मती की जाएगी। ताकि उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित कोई भी समस्या उत्पन्न न हो। सहायक विद्युत अभियंता ने सहयोग की अपील करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को कोई दिक्कत न हो इसके लिए विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। समय से अपना जरूरी काम निपटा लें। पानी की व्यवस्था कर लें। उपभोगताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है। मेंटेनेंस वर्क पूरा होते ही सप्लाई चालू कर दी जाएगी।

**इन इलाकों में कटेगी बिजलीः** सिंडिकेट फीडर के पुरानी पुलिस लाइन, नाला मोड़, चौधरियाना, सिंडिकेट, तरी मुहल्ला, आम्रपाली मार्केट, आर्य समाज और एमपीबाग। टाउन थाना फीडर के डीईओ ऑफिस, एस पी ऑफिस, नगर निगम, सिविल कोर्ट, एमपीबाग, बाबू बाजार, टाउन थाना, शाहिद भवन, महावीर टोला, पार्क-भय्यू। पकड़ी फीडर के डॉ. ईशा, मदनजी के हाता, मालती हॉस्पिटल, सदर एसडीओ आवास। मौलाबाग फीडर के गायत्री मंदिर, एसबी कॉलेज, कब्रिस्तान, व्यास केशव प्रेस, शांति नगर, न्याय नगर। मझौवां फीडर के अफीमी कोठी, मझौवां, महिला थाना, कृष्णा नगर बांध के आसपास के क्षेत्र। आरा शहरी फीडर सं-3 के संकट मोचन नगर, चंदवा मोड़, मौलाबाग, न्यू पुलिस लाइन के आसपास के क्षेत्रों में बिजली कटेगी। आरा शहरी फीडर सं-4 के हरीजी के हाता, जज कोठी मोड़, केजी रोड, क्लब रोड, बीडीओ ब्लॉक और बजाज शोरूम। आरा शहरी फीडर सं-5 के पकड़ी चौक, गैस एजेंसी, ट्रैफिक पुलिस, डॉ. ओपी राजेंद्र, मौलाबाग। आरा शहरी फीडर सं-6 महाराणा प्रताप नगर, कतीरा, तिलक नगर, गांधी नगर, जैन कॉलेज पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र, महाराजा हाता, जैन कॉलेज स्टेशन आईबी के आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# स्टेशन पर घायल वृद्ध की अनदेखी, उठे सवाल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर बुधवार को मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई। स्टेशन परिसर में एक घायल वृद्ध पूरे दिन असहाय अवस्था में पड़ा रहा, लेकिन उसकी मदद के लिए कोई आगे नहीं आया। सूचना देने के बावजूद आरपीएफ और रेलवे चिकित्सक की ओर से भी कोई ठोस पहल नहीं की गई। कथित तौर पर उसे स्टेशन परिसर से बाहर कर दिया गया, जिसके बाद वह देर शाम तक बाहर ही पड़ा। जानकारी के अनुसार औद्योगिक थाना क्षेत्र के बड़कागांव मानसिंह पट्टी निवासी श्रीभगवान मिश्र किसी कार्य से सुबह रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। जब वह पूछताछ काउंटर की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने रास्ते में एक वृद्ध को घायल अवस्था में पड़ा देखा। उनके पैर में बड़ा घाव था और उस पर मक्खियां भिनभिना रही थीं। उन्होंने बताया कि पहले उन्होंने पूछताछ काउंटर तथा अन्य रेल कर्मियों को इसकी सूचना दी, लेकिन किसी ने भी पहल नहीं की। इतना ही नहीं आरपीएफ और रेलवे के चिकित्सक को इसकी जानकारी दी गई। दोनों के द्वारा मामले को देखने की बात कही गई, लेकिन दिनभर बीत जाने के बावजूद वृद्ध की मदद के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। शाम के समय श्रीभगवान मिश्र फिर स्टेशन की ओर गए तो देखा कि वही वृद्ध अब नगर थाना क्षेत्र में स्थित सुलभ शौचालय के सामने डिवाइडर के किनारे पड़ा हुआ है

# परीक्षा को लेकर प्रशासन व विभाग की ओर से केंद्रों पर थी मजिस्ट्रेट की तैनाती

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बक्सर**। जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा हुई। एससीईआरटी (राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद) ने राष्ट्रीय आय-सह-मेधा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा शैक्षणिक सत्र 2025-26 (प्रोजेक्ट वर्ष 2026-27) परीक्षा का आयोजन किया था। मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन क्षेत्र के तीन परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित माहौल में कराया गया। परीक्षा को लेकर प्रशासन और शिक्षा विभाग की ओर से सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्था की गई थी। इस परीक्षा के लिए शहर के 3 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इनमें उच्च माध्यमिक विद्यालय अहिरौली, उच्च माध्यमिक विद्यालय जासो तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय कृतपुरा शामिल हैं। सभी केंद्रों पर परीक्षा निर्धारित समय पर शुरू हुई और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। केंद्रों पर परीक्षार्थियों की जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया तथा परीक्षा के दौरान कड़ी निगरानी रखी गई। परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में शिक्षक व कर्मी तैनात किए गए थे। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर प्रशासनिक अधिकारी एवं शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि समय-समय पर निरीक्षण करते रहे। केंद्राधीक्षकों ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुई। कहीं से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी या व्यवधान की सूचना नहीं मिली। परीक्षा समाप्त होने के बाद परीक्षार्थी संतोषजनक माहौल में अपने-अपने घरों को लौट गए। चयनित होने के लिए मैट और सैट के प्राप्तांकों को जोड़कर सामान्य वर्ग के छात्र छात्राओं को कम से कम 40 अंक लाना होगा। वहीं अनुसूचित जाति-जनजाति और निःशक्त जन को न्यूनतम 32 अंक लाना अनिवार्य है। 1548 परीक्षार्थी हुए शामिल बता दें कि परीक्षा में सुबह से ही अभिभावक अपने-अपने परीक्षार्थियों को लेकर परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गए थे। परीक्षा 2 पालियों में संपन्न हुई, जिसमें कुल 1691 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। पहली पाली में 1548 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 143 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 1546 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 145 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उच्च माध्यमिक विद्यालय अहिरौली परीक्षा केंद्र पर पहली पाली में कुल 600 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिसमें से 548 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 52 अनुपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी, शरीर पर जख्म के निशान; परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

**मसौढ़ी (पटना)।** नगर मुख्यालय क्षेत्र के संघतपर मुसहरी के पास गुरुवार सुबह सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। मृतक की पहचान मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मालिकाना मुहल्ला निवासी अल्ली हसन के 30 वर्षीय पुत्र सिकंदर उर्फ बिट्टू के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार सिकंदर बुधवार को घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिवार के लोग उसकी तलाश कर रहे थे, तभी गुरुवार सुबह स्थानीय लोगों ने संघतपर मुसहरी के पास सड़क किनारे उसका शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि युवक के शरीर पर कई जगह जख्म के निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। परिजनों ने भी युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

### बिहटा स्टेशन पर चलती ट्रेन से उतरते समय महिला गिरी, घायल

**बिहटा।** बिहटा रेलवे स्टेशन के डाउन लाइन प्लेटफॉर्म पर गुरुवार को चलती ट्रेन से उतरने के दौरान एक महिला अचानक गिरकर घायल हो गई। घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। जीआरपी पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से महिला को तत्काल बिहटा रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार महिला की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए उसे बिहटा स्थित ईएसआईसी अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल महिला का इलाज ईएसआईसी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने घायल महिला की पहचान श्वेता दास के रूप में की है।



घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया

वह बिहटा थाना क्षेत्र के कोरहर गांव की निवासी हैं और उनके पति का नाम राहुल कुमार है। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस ने उनके परिजनों को भी जानकारी दे दी। पुलिस और स्थानीय लोगों की तत्परता से महिला को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सका, जिससे उसकी जान बच गई। पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि वे चलती ट्रेन से चढ़ने या उतरने की कोशिश न करें, क्योंकि इससे गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

### भाकपा माले की जिला कमेटी की बैठक में 18 मार्च के राजभवन मार्च की रणनीति पर चर्चा



**पुनपुन (पटना)।** भाकपा माले की पटना जिला कमेटी की दो दिवसीय बैठक पुनपुन प्रखंड के नीमा गांव में आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। बैठक में गोपाल रविदास, संदीप सौरभ और पटना जिला सचिव अमरजी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की रणनीति और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। नेताओं ने कहा कि भाकपा माले हमेशा से आम जनता के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान सरकारें केवल घोषणाएं करने तक सीमित हैं, जबकि जमीनी स्तर पर समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब वास्तविक स्थिति को समझ चुकी है और भाकपा माले जनता के साथ मिलकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहेगी। बैठक में आगामी 18 मार्च को आयोजित होने वाले राजभवन मार्च को सफल बनाने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जयप्रकाश पासवान, कमलेश कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, अकलू पासवान सहित कई अन्य पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने संगठन को मजबूत करने और जनता के मुद्दों को लेकर आंदोलन तेज करने का संकल्प लिया।

### नौबतपुर में गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं में घबराहट, एजेंसियों पर लगी लंबी कतारें



**पटना।** नौबतपुर प्रखंड में घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर गुरुवार को उपभोक्ताओं के बीच घबराहट का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही विभिन्न गैस वितरण केंद्रों पर ग्राहकों की लंबी कतारें लग गईं। कई उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। गैस लेने पहुंचे उपभोक्ताओं का कहना है कि सुबह से ही केंद्रों पर भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे काफी परेशानी हो रही है। मनीष कुमार, ललन कुमार, मुन्ना खान, अमरेंद्र कुमार और रणधीर यादव जैसे कई ग्राहकों ने बताया कि उन्हें सिलेंडर प्राप्त करने के लिए लंबी लाइन में घंटों खड़ा रहना पड़ा। इसके अलावा सर्वर की समस्या के कारण ओटीपी नहीं आने से वितरण प्रक्रिया भी धीमी हो गई, जिससे भीड़ और बढ़ गई। गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि क्षेत्र में गैस की कोई कमी नहीं है। आराध्य गैस एजेंसी के संचालक विवेक कुमार ने बताया कि कुछ अफवाहों के कारण लोग घबराकर एक साथ गैस केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, जिससे भीड़ बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि भीड़ को देखते हुए किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए नौबतपुर थाना में आवेदन देकर पुलिस की मदद भी मांगी गई है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विनोद कुमार राम ने बताया कि क्षेत्र में गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी तरह की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अफवाहों के कारण जरूरत से पहले ही गैस लेने केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कई उपभोक्ताओं ने चार दिन पहले ही सिलेंडर लिया था, जबकि दोबारा गैस लेने की निर्धारित अवधि 25 दिन की है। प्रशासन की ओर से नौबतपुर के सभी गैस केंद्रों पर जाकर लोगों को समझाया जा रहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है और अफवाहों पर ध्यान न दें। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही स्थिति सामान्य कर दी जाएगी ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# अवैध खनन और भूमाफिया पर सख्ती बढ़ेगी: विजय कुमार सिन्हा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभाग के 100 दिनों के कार्यकाल को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में अवैध खनन, भूमाफिया और बालू माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि नई सरकार नई पहल के साथ काम कर रही है और खनन विभाग को पारदर्शी एवं सख्त व्यवस्था की ओर ले जाया जा रहा है।

**हर जिले में भूमाफियाओं की सूची तैयारः** प्रेस वार्ता में विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि राज्य के सभी जिलों में भूमाफियाओं की सूची तैयार कर ली गई है। उन्होंने कहा कि कई माफिया अवैध कमाई को जमीन में निवेश करते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। भूमि राजस्व विभाग की जिम्मेदारी भी उनके पास होने के कारण भूमाफिया और जमीन माफियाओं की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**पर्व-त्योहार में मिट्टी और बालू पर नहीं होगी रोकः** उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पर्व-त्योहार के समय यदि कोई व्यक्ति पूजा या अन्य कार्यों के लिए मिट्टी या बालू ले जाता है तो उसे परेशान नहीं किया जाएगा। इसके लिए विभाग की ओर से अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खनन विभाग के आदेश के बिना सड़क पर पुलिस किसी वाहन को रोककर जांच नहीं करेगी। सड़क पर अवैध वसूली की शिकायतों को रोकने के लिए भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

**खनिज वाहनों के लिए ट्रांजिट पास अनिवार्यः** उन्होंने बताया कि अन्य राज्यों से बिहार आने वाले खनिज से लदे वाहनों के लिए ट्रांजिट पास अनिवार्य किया जाएगा। राज्य की सीमाओं पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था की जाएगी, ताकि अवैध खनिज परिवहन पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

**78 बालू घाटों की नीलामी का आदेशः** विजय सिन्हा ने कहा कि राज्य में 78 बालू घाटों की नीलामी का आदेश जारी किया जा चुका है। कई घाटों को ठेकेदारों ने एक वर्ष पूरा होने से पहले ही लौटा दिया है। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने अवैध उत्खनन के इरादे से अधिक बोली लगाई थी, लेकिन विभाग की सख्ती के कारण अब उन्हें घाट वापस करने पड़ रहे हैं। ऐसे मामलों में संबंधित लोगों की राशि जब्त की जाएगी और उन्हें भविष्य में किसी भी टेंडर में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**बिहार में जल्द शुरू होगा स्टोन चिप्स का खननः** उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में जल्द ही स्टोन चिप्स का खनन शुरू किया जाएगा। अभी राज्य में इसकी आपूर्ति दूसरे राज्यों से होती है, लेकिन सरकार चाहती है कि इसका उत्पादन बिहार में ही हो। अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए विभाग की ओर से 400 पुलिस बल की नियुक्ति की गई है तथा सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी भी बढ़ाई जा रही है।

**71 खनन योद्धाओं को किया गया सम्मानितः** प्रेस वार्ता के दौरान विभाग के 71 अधिकारियों और कर्मियों को "खनन योद्धा" के रूप में सम्मानित किया गया। विजय सिन्हा ने बताया कि इनकी सक्रियता से ओवरलोडिंग और अवैध खनन में शामिल कई वाहनों को पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष खनन विभाग ने 3500 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त किया था। इस वर्ष विभाग ने 3800 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया है और उम्मीद है कि इसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ बालू माफियाओं ने विभाग पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन सरकार किसी भी स्थिति में माफियाओं के सामने झुकने वाली नहीं है। बंद पड़े बालू घाटों को फिर से चालू करने के लिए जल्द ही नया टेंडर जारी किया जाएगा और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी की जाएगी।

## पटना में ट्रक की चपेट में आने से पैदल यात्री की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने NH-139 जाम किया



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रम, पटना।** रानी तलाब थाना क्षेत्र में गुरुवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। कनपा पुल गोलंबर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने पैदल जा रहे व्यक्ति को कुचल दिया। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग NH-139 को जाम कर दिया, जिससे कई घंटों तक यातायात बाधित रहा। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी संजय राम (करीब 48 वर्ष) के रूप में हुई है। वे पेशे से हलवाई थे और काम खत्म कर पैदल अपने घर बभन कनपा लौट रहे थे। इसी दौरान कनपा पुल गोलंबर के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने कनपा पुल के पास NH-139 को पूरी तरह जाम कर दिया। इसके कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार प्रशासन से सड़क सुरक्षा और यातायात नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने इस मार्ग पर गति नियंत्रण, नियमित पुलिस गश्त और अन्य सुरक्षा उपायों को लागू करने की मांग की है। घटना की सूचना मिलने पर रानी तलाब थाना पुलिस और डीएसपी-2 पंकज कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर लगभग तीन घंटे बाद जाम समाप्त कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटनाग्रस्त वाहन की पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## दानापुर में दो शराब तस्कर गिरफ्तार, अवैध हथियार और 10 लीटर देसी शराब बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**दानापुर।** शाहपुर थाना पुलिस ने दियारा क्षेत्र में छापेमारी कर दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से अवैध हथियार, कारतूस और लगभग 10 लीटर देसी शराब बरामद की है। दानापुर एएसपी शिवम धाकड़ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार तस्करों की पहचान पतलापुर फूटानी बाजार निवासी आशीष कुमार और सारण जिले के सोनपुर निवासी विनोद महतो के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आशीष कुमार के पास से एक देशी कट्टा और विनोद महतो के पास से दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। एएसपी शिवम धाकड़ ने बताया कि 11 मार्च की शाम करीब आठ बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पतलापुर के एक मकई के खेत में दो युवक अवैध हथियार के साथ देसी शराब बेच रहे हैं। सूचना मिलने के बाद मकसूदपुर टीओपी और शाहपुर थाना की संयुक्त टीम का गठन कर मौके पर छापेमारी की गई। पुलिस टीम जब खेत के पास पहुंची तो दोनों युवक भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने खदेड़ कर उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान खेत में रखे 15 लीटर क्षमता के प्लास्टिक के डिब्बे से करीब 10 लीटर अवैध देसी शराब बरामद की गई। इस मामले में शाहपुर थाना में कांड संख्या 91/26 दर्ज किया गया है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वे कब से शराब तस्करी के इस धंधे में शामिल थे। साथ ही उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# जमीनी विवाद में फायरिंग और आगजनी का आरोप, एफएसएल टीम ने की जांच

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** नौबतपुर थाना क्षेत्र के अजवां बथानीपर गांव में वर्षों से चल रहे जमीनी विवाद ने बुधवार को हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान एक पक्ष द्वारा फायरिंग करने और दूसरे पक्ष के खपरैलनुमा घर के पास बनी झोपड़ी में आग लगाने का आरोप लगाया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर जांच कराई गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी कामेश्वर यादव और शत्रुघ्न यादव के परिवारों के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है।

बुधवार को कामेश्वर यादव अपने खेत में मसूर की फसल काटने पहुंचे थे। उसी दौरान शत्रुघ्न यादव और उनके परिवार के लोगों ने उन्हें फसल काटने से रोक दिया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद मामला शांत हो गया और दोनों पक्ष अपने-अपने घर लौट गए।

पीड़ित कामेश्वर यादव का आरोप है कि बुधवार की रात जब वह अपने घर में खाना खा रहे थे, तभी शत्रुघ्न यादव और उनके परिवार के लोग लाठी-डंडे और हथियार लेकर उनके घर पहुंच गए। आरोप है कि वे घर की छत पर चढ़ गए और गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान दो राउंड फायरिंग भी की गई, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। आरोप है कि इसके बाद आरोपितों ने कामेश्वर यादव के घर के पास बनी झोपड़ी में आग लगा दी। आग लगने की सूचना मिलते ही गांव में अफरातफरी मच गई। सूचना पर नौबतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। घटना में झोपड़ी को आंशिक नुकसान हुआ है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। इस मामले में कामेश्वर यादव ने गुरुवार को नौबतपुर थाना में लिखित आवेदन दिया है। थाना प्रभारी मंजीत ठाकुर ने बताया कि आवेदन प्राप्त हो गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# धनरूआ में बांगुर सीमेंट का ठेकेदार-मिस्त्री सम्मेलन आयोजित

## निर्माण तकनीक और उत्पादों की दी जानकारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता







**पटना (धनरूआ)।** निर्माण क्षेत्र से जुड़े ठेकेदारों और राजमिस्त्रियों को नई तकनीक और उत्पादों की जानकारी देने के उद्देश्य से गुरुवार को धनरूआ स्थित मां वैष्णो इंटरप्राइजेज के प्रांगण में ठेकेदार-मिस्त्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बांगुर सीमेंट की ओर से आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के कई प्रमुख ठेकेदारों और राजमिस्त्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सम्मेलन में निर्माण क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों और विभिन्न हितधारकों की उपस्थिति से कार्यक्रम काफी प्रभावशाली रहा। इस दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने बांगुर सीमेंट की प्रोफाइल, उसके उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों तथा निर्माण कार्य में उपयोगी तकनीकी सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में कंपनी के प्रीमियम उत्पाद बांगुर मैग्ना और बांगुर मार्बल सीमेंट की विशेषताओं और आधुनिक निर्माण कार्यों में उनके उपयोग से होने वाले लाभों पर तकनीकी प्रस्तुति के माध्यम से प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने बताया कि इन उत्पादों की गुणवत्ता और मजबूती के कारण भवन निर्माण कार्य अधिक टिकाऊ और सुरक्षित बनता है। इस मौके पर बांगुर सीमेंट कंपनी के अधिकारी रौशन श्रीवास्तव, अभय कुमार, शुभम सामर्थ्य और भोला कुमार मौजूद रहे। वहीं मां वैष्णो इंटरप्राइजेज के संचालक वीरेंद्र कुमार उर्फ साधु जी ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर अतिथियों का स्वागत किया।

# निरंतर 42वां सीता–राम स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं संभाषण शिविर प्रारंभ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना एवं सर्वत्र संस्कृतम् के संयुक्त तत्वावधान में "आधुनिको भव, संस्कृतं वद" अभियान के अंतर्गत दस दिवसीय अंतरजालीय अंतरराष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं संभाषण शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया। संस्कृतमय वातावरण में आयोजित यह शिविर निरंतर 42वां आयोजन है, जिसमें प्रतिभागियों को सरल और व्यवहारिक पद्धति से संस्कृत बोलने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

शिविर के उद्घाटन अवसर पर अभियान के प्रधान संरक्षक तथा लोक सेवा न्यायाधिकरण, उत्तर प्रदेश के सदस्य (प्रशासनिक) अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सीता और राम का जीवन भारतीय समाज के लिए सदैव अनुकरणीय और प्रेरणादायी रहा है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही समाज में नैतिक मूल्यों और संस्कारों को सुदृढ़ किया जा सकता है।

वहीं "आधुनिको भव, संस्कृतं वद" अभियान के संरक्षक और विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना के महासचिव मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि भारतीय नववर्ष और रामनवमी के पावन अवसर पर सीता और राम के आदर्श चरित्र पर चर्चा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा सनातन संस्कृति की आत्मा है और इसके संरक्षण तथा प्रसार के बिना हमारी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा संभव नहीं है।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजिका आचार्या रागिनी वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा और लीना चौहान, मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय गुलजारबाग, पटना के संस्कृत विभाग की अध्यक्ष रंजु कुमारी उपस्थित रहीं। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल कुमार चौबे, नीरा कुमारी, दीप्ति कुमारी, महेश केवट, रागनी कुमारी, महेश मिश्र, देवेश प्रसाद तथा उमा हनोते सहित कई विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए।

सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में सीता और राम के आदर्श जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए संस्कृत भाषा के अध्ययन और प्रयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को संस्कृत में संवाद और अभिव्यक्ति का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया।

# राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण-2026 के लिए पटना में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (भारत सरकार) के अधीन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्रीय संकार्य प्रभाग), पटना द्वारा 'राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण-2026' के सफल संचालन के लिए दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 11 और 12 मार्च 2026 को पटना के बेली रोड स्थित एवीआर होटल में आयोजित किया गया। बताया गया कि इस राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण की अवधि अप्रैल 2026 से मार्च 2027 तक निर्धारित की गई है। इस सर्वेक्षण के माध्यम से देश के विभिन्न सामाजिक और आर्थिक वर्गों की आय से संबंधित आंकड़े एकत्र किए जाएंगे।

शिविर का उद्घाटन उप महानिदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख रोशन लाल साहू ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सटीक और समयबद्ध आंकड़े किसी भी देश के नीति निर्माण की आधारशिला होते हैं। उन्होंने बताया कि इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य विभिन्न सामाजिक-आर्थिक वर्गों के बीच आय के वितरण को समझना, घरेलू आय का सटीक अनुमान लगाना तथा आय असमानता का आकलन करना है। उन्होंने कहा कि इन आंकड़ों के आधार पर सरकार कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का मूल्यांकन कर सकेगी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की पहचान करने में भी सहायता मिलेगी। प्रशिक्षण सत्र के दौरान उप निदेशक परिमल ने प्रतिभागियों को सर्वेक्षण के तकनीकी पहलुओं और आंकड़ों की




उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी प्रियंका कुमारी के स्वागत भाषण से हुई।

तकनीकी सत्रों का संचालन वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी जीतेंद्र राय, रौशन कुमार और सुबोध कुमार ने किया। उन्होंने प्रगणकों को सर्वेक्षण की प्रक्रिया, डेटा संग्रहण के तरीके और अन्य आवश्यक बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर भागलपुर उप-क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी रश्मि रंजन और गया कार्यालय से सहायक निदेशक गौरव कुमार सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में सुधीर कुमार झा, देवेंद्र कुमार, कमलेश प्रधान, ए.के. पाठक, सुशील कुमार सिंह सहित अन्य कर्मियों और चयनित सर्वेक्षण प्रगणकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में सोमेंद्र कुमार, अमित कुमार और रवि कुमार का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सहायक निदेशक राजीव कुमार झा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# बीपी या शुगर की समस्या वाले लोग कराएं हर 06 महीने में आंखों की जांच : डॉ अमरेंद्र

एजेंसी। रांची

विश्व ग्लूकोमा दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल रांची में गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभात रैली निकाली गई और कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने की। कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी को सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में जिला स्तरीय पदाधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी और एएनएम स्कूल की छात्राएं शामिल हुईं। रैली का उद्देश्य आम लोगों को ग्लूकोमा (काला मोतिया) के प्रति जागरूक करना था। इस वर्ष विश्व ग्लूकोमा दिवस की थीम ग्लूकोमा मुक्त विश्व के लिए एकजुट करना है। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी




डॉ अमरेंद्र कुमार ने बताया कि विश्व ग्लूकोमा सप्ताह 08 मार्च से 14 मार्च तक जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्लूकोमा को आम भाषा में काला मोतिया कहा जाता है और इससे बचाव के लिए समय-समय पर आंखों की जांच बेहद जरूरी है। जिन लोगों को बीपी या शुगर की समस्या है, उन्हें हर 06 महीने में अपनी आंखों की जांच अवश्य करानी चाहिए। वहीं सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि ग्लूकोमा एक ऐसी बीमारी है जिसमें बिना किसी स्पष्ट लक्षण के धीरे-धीरे दृष्टि को नुकसान पहुंचता है। नियमित नेत्र जांच और पौष्टिक आहार के माध्यम से इससे बचाव संभव है। इसके प्रमुख लक्षणों में धुंधली दृष्टि, तेज रोशनी के चारों ओर इंद्रधनुषी रंग के घेरे दिखाई देना, आंख और सिर में दर्द, उल्टी, दृष्टि का धीरे-धीरे कम होना और साइड विजन का समाप्त हो जाना शामिल है। उन्होंने कहा कि 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को साल में कम से कम एक बार आंखों की जांच अवश्य करानी चाहिए। साथ ही सभी स्वास्थ्य कर्मियों से अपील की गई कि वे समाज में लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करें। नेत्र विशेषज्ञ सदर अस्पताल डॉ प्रीतीश प्रणय ने बताया कि ग्लूकोमा में आंखों की ऑप्टिक नस प्रभावित होती है और आमतौर पर आंखों के अंदर बढ़े हुए दबाव के कारण यह नुकसान होता है, जिससे धीरे-धीरे दृष्टि कमजोर हो जाती है। उन्होंने बताया कि 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में इसका खतरा अधिक होता है, हालांकि यह बीमारी बच्चों और युवाओं को भी प्रभावित कर सकती है। यदि किसी परिवार में ग्लूकोमा का इतिहास रहा है तो ऐसे लोगों को हर छह महीने में आंखों की जांच करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्लूकोमा से होने वाली दृष्टि हानि स्थायी हो सकती है, इसलिए समय पर जांच और उपचार अत्यंत आवश्यक है। काला मोतिया लोगों में अंधापन का दूसरा सबसे बड़ा कारण है l डॉ प्रिया ने बताया कि आंखों में चोट लगने, कुछ दवाओं के सेवन और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के कारण भी ग्लूकोमा विकसित हो सकता है। इसलिए समय-समय पर आंखों की जांच कराना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार, नेत्र विशेषज्ञ डॉ प्रीतीश प्रणय, डॉ प्रिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह सहित स्वास्थ्य कर्मी और एएनएम स्कूल की छात्राएं उपस्थित थीं।

# धान खरीद धीमी, छह लाख मीट्रिक टन लक्ष्य में अब तक केवल तीन लाख खरीद : अरूप चटर्जी

एजेंसी। रांची



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 12 वें दिन गुरुवार को विधायक अरूप चटर्जी ने विधानसभा में झारखंड में धान खरीद की धीमी रफ्तार का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने छह लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य तय किया है, लेकिन अब तक केवल लगभग 3 लाख मीट्रिक टन ही खरीद हो सकी है। उन्होंने यह भी कहा कि कई प्रखंडों में पैक्स ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, ऐसे में धान खरीद का लक्ष्य कैसे पूरा होगा। इस पर जवाब देते हुए मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर धान खरीद की अंतिम तिथि 31 मार्च से आगे बढ़ाई जाएगी। पहली बार राज्य सरकार किसानों को धान खरीद का वन टाइम भुगतान कर रही है। मैनपावर की कमी और गोदामों की अलग-अलग लोकेशन होने के कारण धान खरीद की गति कुछ धीमी हुई है। इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मार्च तक धान खरीद का लक्ष्य रखना बिचौलियों को फायदा पहुंचाने जैसा है। उन्होंने कहा कि बिहार सीमा से लगे इलाकों में धान की खरीद ज्यादा हो रहा है। सरकार को जनवरी तक ही धान खरीद का लक्ष्य पूरा करने की तैयारी करनी चाहिए थी। वहीं कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में 4408 पैक्स और लैंप्स हैं, लेकिन धान खरीद के लिए फिलहाल करीब 700 से 800 पैक्स का ही उपयोग किया जा रहा है। यदि विभाग बेहतर मैपिंग करे तो इसे और बढ़ाया जा सकता है। विधायक हेमलाल मुर्मू ने भी धान खरीद में प्रति क्विंटल 10 किलो कटौती करने का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि यह किसानों के साथ अन्याय है और सरकार को इस पर स्पष्ट नीति बनानी चाहिए।

# दूषित पेयजल आपूर्ति को लेकर की उपायुक्त से जांच कर कार्रवाई की मांग

एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम

जिला स्थित चाईबासा शहर के स्टेशन रोड स्थित साईं कॉलोनी गुरुद्वारा रोड क्षेत्र में पिछले एक महीने से गंदा और बदबूदार पानी की आपूर्ति को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस मामले को लेकर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री हेमंत कुमार केशरी ने उपायुक्त को आवेदन देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में हेमंत कुमार केशरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की योजना को चाईबासा पेयजल विभाग गंभीरता से नहीं ले रहा है। स्टेशन रोड साईं कॉलोनी गुरुद्वारा रोड क्षेत्र में लगभग एक महीने से पाइपलाइन



के माध्यम से बदबूदार और गंदा पानी की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुहल्ले के लोगों ने उनसे शिकायत की थी। इसके बाद उन्होंने अपने आवास पर जांच की, जिसमें पाया गया कि उनके घर सहित आसपास के घरों में भी गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है। इस समस्या की शिकायत लगभग 15 दिन पहले पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता से भी की गई थी, लेकिन अब तक विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। केशरी ने बताया कि हाल ही में दोबारा जांच करने पर नल से आने वाले पानी में छिलके जैसे पदार्थ तैरते हुए दिखाई दिए। इसे उन्होंने बोतल में एकत्रित कर तस्वीर के साथ उपायुक्त को भेजा है। उनका कहना है कि पूरे क्षेत्र से इसी तरह की शिकायतें मिल रही हैं। आवेदन में मांग की गई है कि पेयजल विभाग की ओर से दूषित पानी की आपूर्ति की जांच कराई जाए और जनता को नियमित रूप से शुद्ध और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही इस मामले में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
(CIN No. U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Circle, Daltonganj

**Very Short Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 426/PR/ JBVNL/ 2025-26 | Repair and maintenance of F type quarter one block (Qtr No. F-5 to F-8) at Sudna under Electric Supply Circle, Daltonganj | 973100/– | (03) Three Months | 19500.00 | 1276.00 (Including 18% GST ) | 23/03/2026 upto 03:00 PM | 23/03/2026 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Accounts officer, Electric Supply circle, Daltonganj in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer,
Electric Supply Circle, Daltonganj

PR 374928 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 25-26 (D)

# विधायक जयराम ने सदन में उठाया बिजली आपूर्ति का मुद्दा

एजेंसी। रांची

झारखंड विधानसभा बजट सत्र के 12 वें दिन गुरुवार को डुमरी विधायक जयराम महतो ने सदन में बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कई जगह ट्रांसफार्मर जलने या तार खराब होने के बाद लंबे समय तक बिजली बहाल नहीं हो पाती। इससे आम लोगों को काफी परेशानी होती है। विधायक ने सरकार से शिकायत व्यवस्था और समय सीमा स्पष्ट करने की मांग की। जयराम महतो ने यह भी कहा कि उपभोक्ताओं को यह स्पष्ट नहीं होता कि ट्रांसफार्मर जलने, तार टूटने या अन्य तकनीकी खराबी की स्थिति में वे शिकायत कहां करें। साथ ही सरकार से जानना चाहा कि तय समय में काम नहीं होने पर अधिकारियों पर क्या कार्रवाई होती है। इस मुद्दे पर विपक्ष के सदस्यों ने भी जयराम महतो का समर्थन किया। विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि बिजली मुफ्त की व्यवस्था नहीं है, उपभोक्ता इसके लिए भुगतान करते हैं, इसलिए उनका अधिकार है कि उन्हें अच्छी बिजली सेवा मिले। उन्होंने कहा कि अगर ट्रांसफार्मर जल जाए तो उसे 24 घंटे के भीतर बदलने की व्यवस्था होनी चाहिए। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सदन में स्वीकार किया कि कई बार ट्रांसफार्मर जलने के बाद उसे बदलने में दिक्कत आती है। उन्होंने कहा कि विभाग में ट्रांसफार्मर की कमी होने के कारण समय पर उपलब्धता नहीं हो पाती, जिसके चलते देरी हो जाती है। जयराम महतो ने यह भी पूछा कि उपभोक्ता अपनी शिकायत आखिर कहां दर्ज कराएं। इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि उपभोक्ता एग्जीक्यूटिव इंजीनियर और डिवीजन कार्यालय में शिकायत कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि गर्मी को देखते हुए विभाग जल्द ही एक टोल-फ्री नंबर भी जारी करेगा, ताकि लोग आसानी से बिजली संबंधी शिकायत दर्ज करा सकें। विधायक कल्पना ने कृषि और वन उत्पादों के लिए मानक गुणवत्ता प्रयोगशाला नहीं होने का मुद्दा उठाया- सदन में विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने राज्य में कृषि एवं वन उत्पादों के लिए मानक गुणवत्ता प्रयोगशाला नहीं होने का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य में अदरक, महुआ, कटहल, टमाटर समेत कई प्रकार के फल-सब्जियों और कृषि उत्पादों का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है, लेकिन गुणवत्ता परीक्षण की सुविधा नहीं होने के कारण किसानों को वैश्विक बाजार का लाभ नहीं मिल पाता। विधायक ने सरकार से मांग की कि राज्य में कृषि और वन उत्पादों की मैपिंग कर एक स्पष्ट योजना तैयार की जाए और उनके वैश्विक बाजार में खपत का आकलन किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि रांची और देवघर हवाई अड्डे पर मानक गुणवत्ता प्रयोगशाला स्थापित की जाए, ताकि निर्यात से पहले उत्पादों की जांच हो सके और किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच मिल सके। इस पर जवाब देते हुए कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि भविष्य में मानक गुणवत्ता परीक्षण की आवश्यकता को देखते हुए विभाग ने इस संबंध में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है। आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार इस दिशा में आगे पहल कर किसानों को सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास करेगी।

# विधायक ने कृषि मंत्री से की मुलाकात

एजेंसी। खूंटी

तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदीप गुड़िया ने गुरुवार को राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पा नहीं तिर्की से मुलाकात कर तोरपा क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मंत्री को एक विस्तृत अनुशंसा पत्र सौंपते हुए कृषि और पशुपालन से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति देने का आग्रह किया। विधायक ने मंत्री को बताया कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में सिंचाई सुविधाओं की कमी, आधुनिक कृषि संसाधनों की उपलब्धता तथा पशुपालन के विकास से जुड़ी कई समस्याओं का सामना किसानों को करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के समाधान से किसानों की आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। सुदीप गुड़िया ने क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था के विस्तार, किसानों को कृषि उपकरण उपलब्ध कराने, पशुपालन



को बढ़ावा देने तथा संबंधित योजनाओं को जल्द स्वीकृति देने की मांग की। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विधायक द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों के हितों की रक्षा तथा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और आगे भी किसानों की समस्याओं को सरकार के समक्ष मजबूती से उठाते रहेंगे।

## कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा

**लॉटरी आयोजन का स्थगति से सम्बंधित आम सूचना**

ज्ञापांक.......................दिनांक.......................

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तृतीय फेज में गढ़वा नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत सदर हॉस्पीटल, गढ़वा के सामने 19 दुकानों का लॉटरी के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया उपायुक्त महोदय, गढ़वा के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 17.03.2026 को समय 12:00 बजे अपराह्न् से मल्टीपरपस कल्चरल कॉम्पलेक्स, चिनिया मोड़, गढ़वा में आयोजन किया गया था, जिसका PR No.- 374582 है। उक्त लॉटरी कार्यक्रम को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

PR 374850 Urban Development(25-26).D

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

## JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj) Address-Sudna, Daltonganj
e-mail : gmtzdal@gmail.com

**Short e-Tender Notice**

e-NIT No. 846/PR/ JUSNL/ 2025-26

e-Tender is invited in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work:-

| | |
|---|---|
| Name of Work | Outsourcing of Manpower (Highly skilled, Skilled/ I.T.I. trained and Unskilled Khalasi/ Supporting Staff) against the required vacant posts for operational work of various Grid Substations under Transmission Zone- IV, Medininagar for the period from 01.04.2026 to 31.03.2027. |
| Tender fee (Non-refundable) | Rs.10000 + SGST@9% +CGST@9%= Rs. 11800.00 |
| Earnest Money Deposit | Rs.5,49,500.00/- (Rupees Five Lac Forty Nine Thousand Five Hundred) only. |
| Availability of Tender Documents on e-tender website | From 14.03.2026 at 04:30 PM to 28.03.2026 up to 05:00 PM |
| Start Date and time of upload of BID | 14.03.2026 at 04:30 PM |
| End date and time of upload of BID | 28.03.2026 up to 05:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 30.03.2026 up to 10:30 AM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9973936358 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 374920 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 25-26 (D)

## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
Email ID - adss.plm@gmail.com

**सूचना**

जिला बाल संरक्षण इकाई, पलामू में रिक्त पद के विरूद्ध विज्ञापन संख्या – 362/जि0स0क0, दिनांक–27.02.2025 के आलोक में कुल 04 पद यथा जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, संरक्षण पदाधिकारी संस्थागत देख–रेख, परामर्शदाता, सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर एवं विज्ञापन संख्या– 1730/जि0स0क0, दिनांक–14.10.2024 के आलोक में कुल 03 पद यथा लेखापाल, सामाजिक कार्यकर्ता (अनु0 जा0) एवं सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर बाल कल्याण समिति, पलामू पर नियुक्ति हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक 201/सा0सु0को0, दिनांक–27.01.2026 एवं ज्ञापांक 204/सा0सु0को0, दिनांक–02.02.2026 के द्वारा अंतिक मेघा सूची का प्रकाशन पलामू के अधिकारिक वेबसाईड www.palamu.nic.in एवं दैनिक समाचार पत्र में किया गया था।

अंतिम मेधा सूची में सफल अभ्यर्थियों की सूची का पुनः प्रकाशन करते हुए सूचित किया जाता है कि दिनांक– 16.03.2026 को पूर्वाहन 11 बजे से समाहरणालय स्थित ब्लॉक ए के सभागार कक्ष में विज्ञापन में प्रकाशित शर्तो के अनुपालन में पूर्व में प्रस्तुत किए गये दस्तावेज यथा शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, का मूल प्रति के साथ उपस्थित होकर जाँच/सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे। सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर के पद के अभ्यर्थी उसी दिन अपराह्न 01 बजे से टंकण जाँच परीक्षा में भी सम्मिलित होना सुनिश्चित करेंगे। टंकण जाँच परीक्षा में उतीर्णता होना अनिवार्य होगा। यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहेंगे तो कम्प्यूटर दक्षता परीक्षा हेतु योग्य नहीं माना जायेगा। उन्हें अयोग्य माना घोषित किया जायेगा।

उपायुक्त,
पलामू

PR 374819 Palamu (25-26)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू
Email:- palamunrep@gmail.com

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0निविदा संख्या–RDD/NREP/Palamu 05/2025-26

विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 16.03.2026 (पूर्वाहन 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 16.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 23.03.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 25.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र. | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हैदरनगर | प्रखण्ड हैदरनगर अंतर्गत भीतर पांती मोड़ (बटउवा मोड) से प्राथमिक विद्यालय तक 2300 फीट पथ निर्माण। | 3999400.00 | 79988.00 | 5000.00 | 04 माह मात्र | 01/2025-26/ EE/RDD/NREP /PALAMU |
| 2 | हुसैनाबाद | ग्राम रपुरा में RCD रोडसे रपुरा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2193900.00 | 43878.00 | 5000.00 | 04 माह मात्र | 02/2025-26/ EE/RDD/NREP /PALAMU |
| 3 | हुसैनाबाद | प्रखण्ड हुसैनाबाद अंतर्गत उच्च विद्यालय दंगवार से दंगवार बाजार तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (2000 फीट) | 4194200.00 | 83884.00 | 5000.00 | 05 माह मात्र | 03/2025-26/ EE/RDD/NREP /PALAMU |
| 4 | हुसैनाबाद | ग्राम जमुआ टोला अमही में मेन रोड से कुकही नदी तक 2700 फीट नाला निर्माण। | 3512900.00 | 70258.00 | 5000.00 | 04 माह मात्र | 04/2025-26/ EE/RDD/NREP /PALAMU |
| 5 | छतरपुर | पंचायत हुलसम, ग्राम चेरांई–मंझौली के बीच में ध्वस्त पुलिया का निर्माण। | 1482700.00 | 29654.00 | 5000.00 | 03 माह मात्र | 05/2025-26/ EE/RDD/NREP /PALAMU |
| 6 | छतरपुर | पंचायत पिण्डराही, ग्राम खेन्द्रा में बेलवाडीह के बीच में ध्वस्त पुलिया का निर्माण। | 2131000.00 | 42620.00 | 5000.00 | 04 माह मात्र | 06/2025-26/ EE/RDD/NREP /PALAMU |
| 7 | छतरपुर | पंचायत खोढ़ी, ग्राम चेगौना में महफुज के घर के बगल में मदरसा तक पथ निर्माण। | 1187000.00 | 23740.00 | 5000.00 | 03 माह मात्र | 07/2025-26/ EE/RDD/NREP /PALAMU |
| 8 | छतरपुर | पंचायत डाली, ग्राम डाली में टोला कुसुमटांड़ में उदय सिंह के घर से विजय सिंह के घर तक पथ निर्माण। | 1259100.00 | 25182.00 | 5000.00 | 03 माह मात्र | 08/2025-26/ EE/RDD/NREP /PALAMU |

नोट– 1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. आर0ई0ओ0, पलामू में समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/– कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, मेदिनीनगर पलामू

PR 374863 NREP (25-26)_D

## संक्षिप्त समाचार

### सागर में कटे होंठ और तालू से जूझ रहे बच्चों के जीवन में नई उम्मीद

**सागर ।** उद्देश्य–प्रेरित कॉर्पोरेट नेतृत्व किस तरह समाज के भविष्य को सकारात्मक दिशा दे सकता है यह दर्शाते हुए, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल)– बीना रिफाइनरी ने, स्माइल ट्रेन इंडिया के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से मध्य प्रदेश के सागर और भोपाल संभाग के बच्चों को जीवन बदलने वाली कटे होंठ और तालू कि उपचार सेवाएँ उपलब्ध करा रहा है । इस पहल की नींव इस विश्वास पर आधारित है कि हर बच्चे को स्वस्थ जीवन की शुरुआत और आगे बढ़ने का समान अवसर मिलना चाहिए । यह कार्यक्रम कॉर्पोरेट प्रतिबद्धता, गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सेवाओं और जमीनी स्तर पर जागरूकता प्रयासों को एक साथ लाकर यह सुनिश्चित कर रहा है कि संसाधनों की कमी या सेवाओं की अनुपलब्धता के कारण कोई भी कटे होंठ और तालू से प्रभावित बच्चा उपचार से वंचित न रहे । अक्टूबर 2025 से अब तक सागर और भोपाल संभाग के लगभग 250 बच्चों को इस साझेदारी के अंतर्गत सुरक्षित, नि :शुल्क और गुणवत्तापूर्ण कटे होंठ और तालू की सर्जरी प्रदान की जा चुकी हैं । यह पहल केवल सर्जरी तक सीमित नहीं है, बल्कि दीर्घकालिक और स्थायी प्रभाव पैदा करने पर भी केंद्रित है । कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्रों में जागरूकता और सामुदायिक संपर्क अभियान सक्रिय रूप से चलाए जा रहे हैं । साथ ही, स्माइल ट्रेन का टोल–फ्री हेल्पलाइन नंबर सभी सरकारी जिला अस्पतालों में प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है, ताकि ज़रूरतमंद परिवार आसानी से जानकारी और सहायता प्राप्त कर सकें । इन प्रयासों से जानकारी की कमी को दूर करने और समय पर पहचान व उपचार को बढ़ावा देने में मदद मिल रही है ।

### सेट पर उल्टा लटकना बना प्रियंवदा कांत का 'न्यू नॉर्मल'

**मुंबई, एजेंसी ।** अभिनेत्री प्रियंवदा कांत, जो एण्डटीवी के सुपरनैचुरल हॉरर कॉमेडी शो 'घरवाली पेड़वाली' में लतिका का किरदार निभा रही हैं, अपने समर्पण और बेखौफ अंदाज़ के लिए जानी जाती हैं । हाल ही में आने वाले एक रोमांचक ट्रैक की शूटिंग के दौरान उन्होंने अपने अभिनय की सीमाओं को और आगे बढ़ाया । इस दौरान उन्होंने कई स्टंट खुद किए, जिनमें एक मुश्किल सीन ऐसा भी था जिसमें उन्हें लंबे समय तक हार्नेस के सहारे उल्टा लटकना पड़ा । जो शुरुआत में थोड़ा डरावना लग रहा था, वही अनुभव बाद में उनके लिए रोमांचक और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला बन गया । अपने अनुभव को साझा करते हुए प्रियंवदा कांत ऊर्फ लतिका कहती हैं, हमारे शो में मैं कई स्टंट कर चुकी हूं । लगभग हर हफ्ते कोई न कोई नया स्टंट करना होता है । कुछ तो इतने अनोखे और चुनौतीपूर्ण होते हैं कि उन्हें करना आसान नहीं होता । ऐसा ही एक स्टंट था, जिसमें मुझे चमगादड़ की तरह उल्टा लटकना था । यह बहुत मुश्किल था क्योंकि काफी देर तक उल्टा लटकने से सारा खून सिर की तरफ दौड़ जाता है और उसी दौरान आपको अपने डायलॉग भी बोलने होते हैं । जब पहली बार इस सीन के बारे में सुना, तो मैं उत्साहित भी थी और थोड़ी घबराई हुई भी, क्योंकि यह ऐसा अनुभव नहीं है जिसकी आदत तुरंत पड़ जाए ।

### मैक्स हॉस्पिटल, नागपुर ने बेहतर भविष्य के लिए किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई

**छिंदवाड़ा, एजेंसी ।** वर्ल्ड किडनी डे के अवसर पर, नागपुर स्थित मैक्स हॉस्पिटल, किडनी के स्वास्थ्य और निवारक देखभाल के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ शामिल हो गया है । वर्ल्ड किडनी डे हर साल मार्च के दूसरे गुरुवार को दुनिया भर में मनाया जाता है । किडनी हमारे शरीर का एक बहुत महत्वपूर्ण अंग है । यह शरीर से हानिकारक पदार्थों को बाहर निकालने, शरीर में नमक और तरल पदार्थ का संतुलन बनाए रखने, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने और पूरे शरीर को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाती है । नियमित जांच कराने से किडनी से जुड़ी बीमारियों का समय पर पता लगाया जा सकता है । इससे किडनी फेल होने का खतरा कम होता है और मरीज बेहतर और स्वस्थ जीवन जी सकता है ।

# मुंबई में महिला कर्मचारियों के लिए 'कम अर्ली-गो अर्ली' सुविधा का ऐलान

## राज्यभर में 42,594 बच्चों का पता लगाया गया, क्या है कम अर्ली-गो अर्ली व्यवस्था?

**मुंबई , एजेंसी।** महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा अजित पवार ने मंगलवार को मुंबई महानगर क्षेत्र में कार्यरत महिला सरकारी कर्मचारियों के लिए 'कम अर्ली-गो अर्ली' सुविधा देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसा समाज बनाने के संकल्प को और मजबूत करना जरूरी है, जहाँ महिलाओं को सम्मान, समान अवसर और सुरक्षा सुनिश्चित हो। बता दें कि सुनेत्रा पवार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधान परिषद में हुई विशेष चर्चा का उत्तर दे रही थीं।



उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने बताया कि 'कम अर्ली-गो अर्ली' व्यवस्था के तहत मुंबई महानगर क्षेत्र की महिला कर्मचारी सुबह 9:15 से 9:45 बजे के बीच कार्यालय में पहले आकर काम शुरू कर सकेंगी। जितने मिनट वे पहले काम शुरू करेंगी, उतने ही मिनट उन्हें शाम को कार्यालय से पहले निकलने की अनुमति दी जाएगी। इस प्रकार उन्हें अधिकतम 30 मिनट तक की छूट मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से पीक आवर के दौरान महिलाओं को होने वाली यात्रा संबंधी असुविधा कम होगी और उन्हें काफी राहत मिलेगी। विधान परिषद में चर्चा में भाग लेने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सुनेत्रा पवार ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए हैं। सरकार इन सभी सुझावों पर सकारात्मक रूप से विचार कर आवश्यक कदम उठाएगी। महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में उन्होंने बताया कि लापता बच्चों को खोजने के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत जुलाई 2015 से फरवरी 2026 के बीच 14 अभियान चलाए गए, जिनके माध्यम से राज्यभर में 42,594 बच्चों का पता लगाया गया। इसके अलावा 'ऑपरेशन शोध' अभियान के माध्यम से 5,066 महिलाओं और 2,771 बच्चों को खोजा गया है। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों में 'मिसिंग सेल' कार्यरत हैं, जबकि महिलाओं से जुड़े मामलों के समाधान के लिए 51 'भरोसा सेल' स्थापित किए गए हैं।

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए सुनेत्रा पवार ने लाडकी बहिन, नमो महिला सशक्तिकरण, लेक लाडकी, अन्नपूर्णा और लखपति दीदी जैसी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए उमेद मॉल, उमेद मार्ट और महालक्ष्मी सरस जैसे उपक्रम चलाए जा रहे हैं तथा इन उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध कराया गया है। आंगनवाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं के मानदेय तथा बुनियादी सुविधाओं के मुद्दे पर सुनेत्रा पवार ने कहा कि सरकार इस विषय में सकारात्मक दृष्टिकोण रखती है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य के 17,254 आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ाया जा रहा है। इस दिशा में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, चर्चगेट रेलवे स्टेशन और बोरीवली रेलवे स्टेशन पर साइबर अपराधों को रोकने के लिए विशेष व्यवस्था स्थापित की गई है। उन्होंने बताया कि महिला सरकारी कर्मचारियों के लिए 180 दिनों की मातृत्व अवकाश की मंजूरी दी गई है।

# ओडिशा में गुटखा बैन पर लगी रोक, हाईकोर्ट ने लगाई अंतरिम स्टे

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में उड़ीसा हाईकोर्ट ने बुधवार को ओडिशा सरकार द्वारा जारी उस अधिसूचना पर अंतरिम रोक लगा दी, जिसमें राज्य में गुटखा चबाने पर प्रतिबंध और जर्दा तंबाकू की बिक्री पर नियंत्रण लगाया गया था। यह रोक उन याचिकाओं पर सुनवाई के बाद लगाई गई, जिनमें ओडिशा सरकार के गुटखा बिक्री पर रोक और जर्दा तंबाकू के नियमन के फैसले को चुनौती दी गई थी। 'चबाने वाला तंबाकू' पर रोक लगा दी गई थी, को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। इस मामले में याचिकाकर्ता कंपनी गोपाल एरोमेटिक्स है। वकील प्रशांत नायक ने बताया कि अधिसूचना असंवैधानिक है और यह नियमों व कानूनों के खिलाफ है। यह तीन अलग-अलग अधिनियमों का उल्लंघन करती है और कोई भी अधिसूचना किसी वैधानिक प्रावधान को निरस्त नहीं कर सकती, इसी आधार पर इसे हाईकोर्ट में



सुनवाई के दौरान अदालत ने ओडिशा सरकार को नोटिस जारी करते हुए इस मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। राज्य सरकार से पूछा गया है कि तंबाकू उत्पादों पर रोक लगाने वाली अधिसूचना किस आधार और कानूनी प्रावधान के तहत जारी की गई। 16 जनवरी 2026 की सरकारी अधिसूचना, जिसमें चुनौती दी गई है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि हाईकोर्ट के इस अंतरिम आदेश से जर्दा तंबाकू और इससे जुड़े अन्य उत्पादों का कारोबार करने वाले व्यापारियों को फिलहाल राहत मिली है। अचानक लगाए गए प्रतिबंध को लेकर व्यापारियों ने चिंता जताई थी। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल को तय की है।

# सफेद जहर का तांडव, रसोई तक पहुँचा मौत का दूध, 12 लोगों की मौत



**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में जो हुआ, वह किसी दुःस्वप्न से कम नहीं है—जहाँ सुबह की चाय और बच्चों का दूध 'धीमा जहर' बनकर घरों में दाखिल हुआ। वरलक्ष्मी मिल्क डेरी से निकले उस मिलावटी दूध ने देखते ही देखते 12 घरों के चिराग बुझा दिए। यह महज एक दुर्घटना नहीं, बल्कि एक नृशंस सामूहिक हत्याकांड जैसा है, जहाँ मुनाफे के लालच में दूध में घातक रसायन मिला दिए गए। अस्पताल के वार्डों में तड़पते बुजुर्ग, पेशाब रुकने से फूलते शरीर और उल्टियों के बीच अपनी आखिरी सांसें गिनते मासूमों ने पूरे राज्य को दहशत में डाल दिया है। क्या अब हम अपने बच्चों को दूध पिलाने से पहले सौ बार नहीं सोचेंगे? इस खौफनाक कांड ने साबित कर दिया है कि हमारी खाद्य सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आज 12 मौतें हुई हैं, लेकिन सवाल यह है कि इस वक्त कितने और घरों में यह 'सफेद मौत' खौल रही है? पूरा इलाका किसी श्मशान जैसी शांति और गहरे तनाव की चपेट में है, जहाँ हर दरवाजा खटखटाने वाला दूधवाला अब एक कातिल की तरह नजर आ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस समूह की पहचान सबसे पहले 22 फरवरी को हुई थी, जब कई बुजुर्ग व्यक्तियों को पेशाब न आना, उल्टी, पेट दर्द और अन्य दिक्कतोंके साथ अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। प्रभावित लोग लालाचेरुवु के चौदेश्वरनगर और स्वरूपनगर इलाकों के निवासी थे। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, ''पुख्ता महामारी विज्ञान संबंधी साक्ष्य दूध में मिलावट को संभावित कारण के रूप में इंगित करते हैं, और विभिन्न विभागों में समन्वित कार्रवाई शुरू कर दी गई है।'' नैदानिक ??जांच में रक्त में यूरिया और सीरम क्रिएटिनिन का स्तर बढ़ा हुआ पाया गया, जो विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने का संकेत देता है।

# सीएम योगी ने पाटेश्वरी मंदिर में की पूजा- अर्चना, बोले- छांगुर जैसे कालनेमि को पनपने नहीं देंगे

**बलरामपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिन के बलरामपुर दौरे पर हैं। गुरूवार सुबह तुलसीपुर में मां पाटेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। आदिशक्ति मां पाटेश्वरी देवी मंदिर के गर्भगृह में जाकर विधिवत पूजन किया। और लोक कल्याण की कामना की। साथ ही मंदिर परिसर का भ्रमण कर चैत्र नवरात्रि के पूर्व की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इससे पहले बुधवार शाम को शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंचे। शक्तिपीठ पहुंचने पर पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी ने सीएम योगी का स्वागत किया।

इस दौरान सीएम ने सभी का हालचाल लिया सबका कुशलक्षेम पूछा। पुलिस लाइन से सीएम योगी का काफिला उनके ड्रीम प्रोजक्ट निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी विवि कैम्पस में पहुंचा। सीएम ने एक-एक कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। कुलपति प्रो रविशंकर सिंह ने उन्हें निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी दी, जिस पर सीएम संतोष जताया। निरीक्षण के उपरान्त सीएम योगी ने कहा कि कार्यदायी संस्था हर हाल में मई तक विवि का निर्माण कार्य पूरा कर दे। उन्होंने



विश्वविद्यालय से जुड़े कुलपति व अन्य अधिकारियों से पूरा विवरण लिया। साथ ही उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया

सीएम ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी मई माह तक हर हाल में विश्वविद्यालय निर्माण कार्य पूरा करा दिया जाए। सीएम ने यह भी कहा कि विवि निर्माण के लिए पर्याप्त धनराशि का आवंटन कर दिया गया है। सीएम ने कहा कि यह विवि शिक्षा के क्षेत्र में पूर देवीपाटन मंडल सहित पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के लोगों के लिए भी उपयोगी साबित होगा। बलरामपुर कानून व्यवस्था की समीक्षा करने के बाद उन्होने कहा कि धर्मान्तरण के आरोपी छांगुर जैसे कालनेमि को दोबारा नहीं पनपने देंगे। उसके जैसा व्यक्ति इस दोबारा न पनपने पाए, इसके लिए आम लोगों के साथ-साथ सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क रहना होगा। सीएम योगी ने कहा कि छांगुर जैसे कालनेमि ने पूरे देश में न सिर्फ सनातनियों पर कुठाराघात किया, बल्कि तमाम महिलाओं और बेटियों के साथ गलत व्यवहार कर उनका जबरन धर्मान्तरण कराया। ऐसे लोगों पर सुरक्षा एजेंसियां नजर रखें। कोशिश यह की जाए ऐसे लोग दोबारा पनपने पाएं, इसके पहले इनका खात्मा कर दिया जाए। इसके लिए चौकीदारों से लेकर सभी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क रहें।

# यीडा में अप्रैल से जून तक कई औद्योगिक इकाइयां होंगी शुरू, हजारों को मिलेगा रोजगार

**नोएडा, एजेंसी।** अगले तीन महीनों में यीडा एरिया में कई इंडस्ट्रियल यूनिट्स का शिलान्यास होगा। अथॉरिटी ने इसके लिए अपनी कोशिशें तेज कर दी हैं। जमीन अलॉटमेंट और ज़मीन खरीदने का काम तेज़ी से पूरा किया जा रहा है, ताकि प्लॉट्स के लिए जारी लेटर्स ऑफ इंटेंट के हिसाब से यूनिट्स को कब्जा दिया जा सके। यमुना अथॉरिटी ने इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट में तेजी लाई है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रोड कनेक्टिविटी के पास होने की वजह से, कई नामी कंपनियों ने अपनी यूनिट्स के लिए यीडा में जमीन अलॉटमेंट और कब्जा हासिल कर लिया है। अथॉरिटी ने कुछ कंपनियों को ज़मीन अलॉट करके कब्जा भी दे दिया है। जिन कंपनियों को लेटर्स ऑफ इंटेंट जारी हो चुके हैं, उन्हें जमीन अलॉट करने का प्रोसेस भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। यीडा के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि अप्रैल से जून के बीच कई कंपनियां यीडा एरिया में यूनिट्स का कंस्ट्रक्शन शुरू करेंगी। इसमें इंडस्ट्रियल यूनिट्स के साथ-साथ इंटरनेशनल फिल्म सिटी भी शामिल है। इन यूनिट्स के कंस्ट्रक्शन से एरिया में इकोनॉमिक और रेजिडेंशियल एक्टिविटी में तेज़ी आएगी, जिससे हजारों लोगों के लिए रोजगार के मौके बनेंगे।



अधिकारियों के मुताबिक, तीन महीने में पूरे होने वाले प्रोजेक्ट्स में एस्कॉर्ट्स कुबोटा, न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर और फोर्ड का जॉइंट वेंचर, आरपी गोयनका की सोलर पैनल फैक्ट्री, ङ्खद्बरु की सोलर पैनल यूनिट, हैवेल्स इंडिया लिमिटेड, मिंडा, एम्बर, एसेंट औरर एम ग्रीन शामिल हैं। ग्रीन इलाके में पहली,ढ्ढ सिटी बनाएगी। ष्टह्व॥ का यीडा इलाके में एक ट्रैक्टर और एग्रीकल्चरल इक्विपमेंट प्लांट, एस्कॉर्ट्स कुबोटा का ट्रैक्टर प्लांट और हैवेल्स इंडिया की इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट भी है। इसके अलावा, बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्राइवेट लिमिटेड भी एक फिल्म सिटी का कंस्ट्रक्शन शुरू करने वाली है। कंपनी के पहले फेज के प्लान को पिछले साल जून में मंजूरी मिली थी। कंपनी को कंस्ट्रक्शन पर हर साल ?50 करोड़ खर्च करने हैं। फिल्म सिटी तीन साल में पूरी होनी है। इन कंपनियों की यूनिट्स के उद्घाटन की उम्मीद में, इंडस्ट्रियल सेक्टर में इंटरनल इंफ्रास्ट्रक्चर कंस्ट्रक्शन भी तेजी से पूरा किया जा रहा है।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की टैरिफ दरें इस माह होंगी तय, अप्रैल से यात्री और कार्गो सेवाएं होंगी शुरू

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण टैरिफ दरों को लेकर सभी हित धारकों से सुझाव लेगा। इसके लिए 23 मार्च को बैठक बुलाई गई है। प्राधिकरण ने अगस्त 2025 में अनंतिम टैरिफ दरों का निर्धारण किया था। टैरिफ दरें एक अप्रैल 2026 से पांच साल के लिए लागू होंगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को नागर विमानन महानिदेशालय ने एयरो ड्रम लाइसेंस जारी कर दिया है। इस माह के अंत में एयरपोर्ट का उद्घाटन संभावित है। अप्रैल से नोएडा एयरपोर्ट से यात्री और कार्गो सेवाओं की शुरुआत होगी। भारतीय विमान पत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण ने पिछले साल अगस्त में एयरपोर्ट के लिए अनंतिम टैरिफ दरों का निर्धारण किया था। एयरपोर्ट के जल्द शुरू होने को देखते हुए प्राधिकरण दरों को अंतिम रूप से तय करने में जुट गया है। इसके लिए 23 मार्च को दिल्ली में सभी हित धारकों के सुझाव लेने के लिए बैठक बुलाई गई है। एयरपोर्ट संचालक कंपनी की ओर से विमान सेवा संचालन खर्च के अनुमानित आंकड़े रखे गए थे। इसके तहत 2026 में 482.60 करोड़, 2027 में 537.70 करोड़, 2028



में 577.40 करोड़, 2029 में 605.80 करोड़ व 2030 में 651.90 करोड़ रुपये का अनुमानित खर्च बताया था। हवाई सेवाओं के अतिरिक्त अन्य मद में पांच साल के दौरान 1645.29 करोड़ खर्च का अनुमान रखा था। इसके आधार पर प्राधिकरण ने एयरपोर्ट के लिए टैरिफ दरों का अनंतिम रूप से निर्धारण किया था। घरेलू विमान की लैंडिंग के लिए सौ मिट्रिक टन क्षमता तक 875 रुपये प्रति मिट्रिक टन व इससे अधिक पर 87500 व 1155 रुपये प्रति मिट्रिक टन शुल्क तय किया था।

# क्या राजस्थान में बढ़ने वाली हैं विधानसभा सीटें, स्पीकर के बयान से सियासी हलकों में हलचल

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की सियासत में क बार फिर बड़ा बदलाव होने की चर्चा तेज ो गई है। प्रदेश में विधानसभा सीटों की संख्या ढ़ सकती है। इस संभावना ने राजनीतिक ालियारों में नई हलचल पैदा कर दी है। रअसल, विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी े एक बयान के बाद यह चर्चा शुरू हुई है कि आने वाले समय में राजस्थान विधानसभा की ुल सीटें 200 से बढ़कर 270 तक हो ़कती हैं।

स्पीकर ने कहा कि देश में जल्द ही जनगणना होने वाली है और इसके बाद रिसीमन की प्रक्रिया शुरू होगी। यदि परिसीमन ें सीटों की संख्या बढ़ती है तो राजस्थान में 70 नई विधानसभा सीटें जुड़ सकती हैं। ऐसे ें कुल सीटों की संख्या बढ़कर 270 तक हुंच सकती है।

भविष्य की तैयारी अभी से



इस संभावित बदलाव को देखते हुए विधानसभा में पहले से ही तैयारियां शुरू करने की बात सामने आई है। स्पीकर देवनानी ने बताया कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विधानसभा में 280 विधायकों के बैठने की क्षमता वाला हॉल तैयार करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस नए हॉल का स्ट्रक्चर पहले ही तैयार कर लिया गया है।

वर्तमान में राजस्थान विधानसभा में 200 विधायकों के बैठने की व्यवस्था है। लेकिन यदि परिसीमन के बाद सीटों की संख्या बढ़ती है तो मौजूदा सदन छोटा पड़ सकता है। ऐसे में नए ढांचे की जरूरत पड़ेगी।

यदि जनगणना के बाद परिसीमन होता है और विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ती है तो इससे राजस्थान की सियासत की तस्वीर बदल सकती है। नई सीटों के बनने से कई नए नेताओं को राजनीति में मौका मिल सकता है। इसके साथ ही कई मौजूदा विधानसभा क्षेत्रों की सीमाएं बदल सकती हैं। कुछ पुराने विधानसभा क्षेत्र समाप्त हो सकते हैं और उनकी जगह नए विधानसभा क्षेत्र बनाए जा सकते हैं। परिसीमन के दौरान कुछ सीटों को अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित किया जा सकता है। इससे कई मौजूदा सामान्य वर्ग की सीटें आरक्षित श्रेणी में चली जाएंगी।

### सेंट्रल हॉल बनाने की भी योजना

विधानसभा परिसर में संसद की तर्ज पर सेंट्रल हॉल बनाने की भी योजना है । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसके लिए 14 करोड़ रुपए देने की घोषणा की है । इस सेंट्रल हॉल में सभी दलों के विधायक एक साथ बैठकर चर्चा कर सकेंगे । इसके साथ ही यहां चाय, नाश्ता और भोजन की व्यवस्था भी होगी ताकि विधायक औपचारिक बैठकों के अलावा अनौपचारिक चर्चा भी कर सकें । किताब विमोचन कार्यक्रम में दिया बयान स्पीकर वासुदेव देवनानी ने यह बयान जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिया । यह कार्यक्रम उनकी किताब के विमोचन और विधानसभा अध्यक्ष के रूप में उनके दो साल के कार्यकाल से जुड़े अनुभवों को साझा करने के लिए आयोजित किया गया था । कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विधानसभा की व्यवस्था, भविष्य की योजनाओं और परिसीमन से जुड़ी संभावनाओं पर भी खुलकर चर्चा की ।

राजस्थान विधानसभा की सीटों के इतिहास पर नजर डालें तो पता चलता है कि पिछले कई दशकों से इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है । साल 1977 में आखिरी बार विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 200 की गई थी । इसके बाद से आज तक प्रदेश में विधानसभा सीटों की संख्या स्थिर बनी हुई है । हालांकि इससे पहले कई बार सीटों में बढ़ोतरी हुई थी । 1952 में हुए पहले विधानसभा चुनाव में प्रदेश में 160 सीटें थीं । इसके बाद 1957 के चुनाव में 16 सीटें बढ़ाई गई और कुल संख्या 167 हो गई ।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## होर्मुज संकट और युद्ध की आंच, भारत खोज रहा नए ऊर्जा विकल्प

व्यापार समझौते में अमेरिका ने जिस तरह भारत के सामने रूस से तेल नहीं खरीदने की शर्त लगाई, उससे स्थितियां ज्यादा जटिल हुईं। मगर युद्ध की वजह से पैदा हुई नई परिस्थिति में इस संदर्भ में फैसला लेने के लिए भारत स्वाभाविक ही अपनी जरूरतों के मुताबिक कदम बढ़ा रहा है।पश्चिम एशिया में जारी युद्ध में एक ओर इजराइल-अमेरिका की तरफ से हमले में ईरान के तेल उत्पादन केंद्रों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश हो रही है, तो दूसरी ओर ईरान के जवाब की जद में भी कतर, बहरीन और सऊदी अरब जैसे खाड़ी के कई तेल उत्पादक देश आ रहे हैं। इसके अलावा, ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग को जिस तरह बाधित कर दिया है, उसका मुख्य असर तेल की आपूर्ति पर पड़ना शुरू हो चुका है।हमलों की तीव्रता अगर बनी रही, तो केवल भारत नहीं, समूचे एशिया में तेल और गैस की कीमतें काफी बढ़ सकती हैं। एशिया के कई विकासशील देश शायद इसका बोझ नहीं उठा पाएंगे और नतीजतन उन्हें अपने यहां तेल और गैस की मांग को घटाने की जरूरत पड़ सकती है। ऐसे में भारत के सामने भी अपने तेल और गैस की जरूरत भर आपूर्ति को बनाए रखने की बहुस्तरीय चुनौती आ खड़ी हुई है। तेल खरीद के मोर्चे पर भारत जिन नई परिस्थितियों से दो-चार है, उसमें अब स्वाभाविक ही नए विकल्प तैयार करना वक्त का तकाजा है।दरअसल, व्यापार समझौते में अमेरिका ने जिस तरह भारत के सामने रूस से तेल नहीं खरीदने की शर्त लगाई, उससे स्थितियां ज्यादा जटिल हुईं। मगर युद्ध की वजह से पैदा हुई नई परिस्थिति में इस संदर्भ में फैसला लेने के लिए भारत स्वाभाविक ही अपनी जरूरतों के मुताबिक कदम बढ़ा रहा है। शायद यही वजह है कि होर्मुज जलडमरूमध्य का रास्ता रोके जाने के बाद पैदा होने वाली स्थिति के मद्देनजर भारत को अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए रूस या अन्य विकल्प की ओर देखने को लेकर अमेरिका ने नरम रुख अख्तियार किया है।गौरतलब है कि भारत में एलएनजी यानी तरल प्राकृतिक गैस का पचास फीसद खाड़ी देशों से आता है, जिसका उपयोग बिजली उत्पादन और खाद बनाने में किया जाता है। इसी तरह एलपीजी का साठ फीसद इन्हीं देशों से आता है। मगर जब से ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग को बाधित किया है, तब से तेल और गैस की सहज आपूर्ति पर इसका व्यापक असर पड़ा है।

## नेपाल की राजनीति में नया अध्याय

देश में पिछले दिनों हुए चुनावों में नागरिकों और विशेषकर युवा वर्ग ने इस पार्टी पर जिस तरह भरोसा किया है, उसके मद्देनजर नेपाल में भावी सरकार के सामने जन आकांक्षाओं को पूरा करने की बड़ी चुनौती होगी।नेपाल में हुए चुनाव के नतीजे आने के बाद देश की राजनीतिक तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। नई पीढ़ी के अगुआ बने बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने कई दिग्गजों और पुरानी पार्टियों को भारी शिकस्त दी है। अगर सब कुछ उम्मीद के अनुरूप हुआ और बालेंद्र शाह को ही नेता चुना गया, तो नेपाल के संसदीय इतिहास में वे सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री होंगे। अब तक वहां जितने भी प्रधानमंत्री बने हैं, वे कभी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके।माना जा रहा है कि दो-तिहाई सीटों पर जीत के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल कर चुकी आरएसपी के नेतृत्व में बनने वाली सरकार अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी। देश में पिछले दिनों हुए चुनावों में नागरिकों और विशेषकर युवा वर्ग ने इस पार्टी पर जिस तरह भरोसा किया है, उसके मद्देनजर नेपाल में भावी सरकार के सामने जन आकांक्षाओं को पूरा करने की बड़ी चुनौती होगी।वहीं नई सरकार को घरेलू समस्याओं से निपटने के साथ देश के आर्थिक विकास में आए ठहराव को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उसे पड़ोसी देशों खासकर इंडिया से संबंध बेहतर बनाने के भी प्रयास करने होंगे। पुरानी सरकार के कामकाज के जिस तरीके के खिलाफ वहां युवा वर्ग के भीतर व्यापक आक्रोश पैदा हुआ, उसे बदलना सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक होगा।नेपाल के लोगों का मानना है कि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेता बालेंद्र शाह के भीतर देश की राजनीति और नीतियों को बदल सकने की क्षमता है। दरअसल, शाह को महापौर के अपने कार्यकाल में जमीनी स्तर पर सुधार के कई कार्यों के लिए जाना जाता है। चुनावी नतीजों के बाद अब उनसे उम्मीद की जा रही है कि वे भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करने के साथ व्यवस्था में भी बड़ा बदलाव करेंगे।

*किसी भी जीवंत और मजबूत राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण है। आज जरूरत है कि समाज में महिलाओं को अज्ञानता, अशिक्षा, कूपमंडूकता, संकुचित विचारों और रूढ़िवादी भावनाओं के गर्त से निकालकर प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए उसे आधुनिक घटनाओं, ऐतिहासिक गरिमामयी जानकारी और जातीय क्रियाकलापों से अवगत कराने के लिए उसमे आर्थिक ,सामाजिक, शैक्षिक, राजनैतिक चेतना पैदा करने की।*

# महिलाओं की भागीदारी से ही सशक्त होगा राष्ट्र

**(डॉ. ब्रह्मानंद राजपूत)**

भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त भारत के मौलिक के मौलिक अधिकारों के अंतर्गत सभी को अनुच्छेद 14-18 के अंतर्गत समानता का अधिकार दिया गया है। जो कि महिलाओं और पुरुषों को बराबरी का अधिकार देता है। हम विश्व में लगातार कई वर्षों से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते आ रहे हैं, महिलाओं के सम्मान के लिए घोषित इस दिन का उद्देश्य सिर्फ महिलाओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान बताना है। इसलिए इस दिन को महिलाओं के आध्यात्मिक, शैक्षिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। नारी मानव जाति के लिए जननी का रूप है। कहा जाए तो जननी ही नारी है और नारी ही जननी है। नारी शक्ति या मातृशक्ति का इस संसार को आगे बढ़ाने में अहम् योगदान है। बिना नारी के इस दुनिया की कल्पना नहीं की जा सकती। अगर नारी नहीं होगी तो इस संसार का विकास नहीं हो पायेगा। नारी ही एक पुरुष को जन्म देती है, तभी नारी की सहन करने की शक्ति यानी सहनशक्ति का अहसास होता है कि वह इस संसार में कितनी मजबूत शक्ति है। आज उसी ही मजबूत नारी शक्ति पर कुछ मानसिक रूप से विक्षिप्त पुरुषों (ऐसे पुरुष जो नारी शक्ति को अपने उपभोग की वस्तु समझते हैं) द्वारा बलात्कार जैसी घटनाएं होती हैं। ऐसे पुरुषों द्वारा नारी को शारीरिक शोषण द्वारा हमेशा लज्जित किया जाता है, यह चीज समस्त मानवजाति को शर्मसार करती है। कुछ पुरुषों के ऐसे कृत्यों द्वारा बाकी के साफ-सुथरी छवि के पुरुषों को भी शर्मसार होना पड़ता है। आज जरूरत है महिलाओं और छोटी छोटी बच्चियों के खिलाफ बलात्कार जैसी होनी वाली घटनाओं पर लगाम लगाई जाए। ये तभी हो सकता है जब बलात्कार जैसे कृत्यों के खिलाफ मानव जाति एकजुट होकर फैंसला ले और जो लोग दोषी पुरुषों का साथ देते हैं ऐसे लोगों का भी समाज पूर्ण रूप से बहिष्कार करे। इसके साथ ही आज जरूरत है कि बलात्कार जैसे कृत्यों के खिलाफ सरकारें एक कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान करें और बलात्कार जैसे मामलों की फास्टट्रैक कोर्ट द्वारा त्वरित कार्यवाही हो। जिससे कि दूसरे लोग भी ऐसे कृत्य करने से पहले सौ बार सोचें। तभी मानव जाति और समाज के स्तर को उठाया जा सकता है। आज अपने समाज में नारी के स्तर को उठाने के लिए सबसे ज्यादा जरूरत है महिला सशक्तिकरण की। महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं की आध्यात्मिक, शैक्षिक, सामजिक, राजनैतिक और आर्थिक शक्ति में वृध्दि करना, बिना इसके महिला सशक्तिकरण असंभव है। आज हर महिला समाज में धार्मिक रूढ़ियों, पुराने नियम कानून में अपने आप को बंधा पाती है। पर अब वक्त है कि हर महिला तमाम रूढ़ियों से खुद को मुक्त करे। प्रकृति ने औरतों को खूबसूरती ही नहीं, दृढ़ता भी दी है। प्रजनन क्षमता भी सिर्फ उसी को हासिल है। भारतीय समाज में आज भी कन्या भ्रूण हत्या जैसे कृत्य दिन-रात किए जा रहे हैं। पर हर कन्या में एक मां दुर्गा छिपी होती है। यह हैरत की बात है कि दुर्गा की पूजा करने वाला इंसान दुर्गा की प्रतिरूप नवजात कन्या का गर्भ में वध कर देता है। इसमें बाप, परिवार के साथ समाज भी सहयोग देता हैं। आज जरूरत है कि देश में बच्चियों को हम वही आत्मविश्वास और हिम्मत दें जो लड़कों को देते हैं। इससे प्रकृति का संतुलन बना रहे। इसलिए जरूरी है कि इस धरती पर कन्या को भी बराबर का सम्मान मिले। साथ ही उसकी गरिमा भी बनी रहे। इसलिए अपने अंदर की शक्ति को जागृत करें और हर स्त्री में यह शक्ति जगाएं ताकि वह हर विकृत मानसिकता का सामना पूरे साहस और धीरज के साथ कर सके। एक नारी के बिना किसी भी व्यक्ति जीवन सृजित नहीं हो सकता है। जिस परिवार में महिला नहीं होती, वहां पुरुष न तो अच्छी तरह से जिम्मेदारी निभा पाते हैं और ना ही लंबे समय तक जीते हैं। वहीं जिन परिवारों में महिलाओं पर परिवार की जिम्मेदारी होती है, वहां महिलाएं हर चुनौती, हर जिम्मेदारी को बेहतर तरीके से निभाती है और परिवार खुशहाल रहता है। अगर मजबूती की बात की जाए तो महिलाएं पुरुषों से ज्यादा मजबूत होती हैं क्योंकि वो पुरुषों को जन्म देती हैं। भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त भारत के मौलिक के मौलिक अधिकारों के अंतर्गत सभी को अनुच्छेद 14-18 के अंतर्गत समानता का अधिकार दिया गया है। जो कि महिलाओं और पुरुषों को बराबरी का अधिकार देता है। इसके अन्तर्गत यह भी सुनिश्चित किया गया है कि राज्य के तहत होने वाली नियुक्तियों और रोजगार के संबंध में किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जाएगा। और संविधान द्वारा मौलिक अधिकारों के अन्तर्गत दिये गया समानता का अधिकार भारतीय राज्य को किसी के भी खिलाफ लिंग के आधार पर भेदभाव करने से रोकता है। देष में महिलाओं के उत्थान और सशक्तीकरण को देखते हुए हमारे संविधान को 1993 में संशोधित किया गया। 73वें संशोधन के जरिये संविधान में अनुच्छेद 243ए से 243ओ तक जोड़ा गया। इस संशोधन में इस बात की व्यवस्था की गई कि पंचायतों और नगरपालिकाओं में कुल सीटों की एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए सुरक्षित होंगी। इस संशोधन में इसकी भी व्यवस्था की गई कि पंचायतों और नगरपालिकाओं में कम से कम एक तिहाई चेयरपर्सन की सीटें महिलाओं के लिए सुरक्षित हों। पंचायती राज संस्थानों द्वारा महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने में सकारात्मक कार्यवाही से महिलाओं के प्रतिनिधित्व में तेजी से वृद्धि हुई है। वास्तव में देखा जाए तो देशभर में पंचायतों में चुनी गई महिलाओं का प्रतिनिधित्व 40 प्रतिशत हो गया है। कुछ राज्यों में पंचायतों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। बिना प्रतिनिधित्व के महिलाओं का सशक्तिकरण असंभव है। जब तक महिलाओं को प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाएगा तब तक हम महिलाओं के सशक्तिकरण की कल्पना नहीं कर सकते। नए संसद भवन में 20 सितंबर 2023 को नारी शक्ति वंदन विधेयक लोकसभा में पास हुआ था। लोकसभा में पास होने के बाद 21 सितंबर 2023 को यह नारी शक्ति वंदन विधेयक राज्यसभा से भी पारित होने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। आने वाले सालों में कानून के अमल में आने बाद लोकसभा और विधानसभा में बहुत कुछ बदल जाएगा। लेकिन नारी शक्ति वंदन अधिनियम की सबसे बडी कमी है कि इसके अन्तर्गत पिछडे और आदिवासी वर्ग की महिलाओं को अलग से कोटा नही दिया गया है। अगर इसके अन्तर्गत पिछड़े और आदिवासी वर्ग की महिलाओं को अलग से कोटा दिया जाता तो पिछडे और दबे कुचले वर्ग की महिलाओं का प्रतिनिधित्व भी आने वाले सालों में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में बढ़ पाता। इसके लिये सरकार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसके अन्तर्गत पिछड़े और आदिवासी वर्ग की महिलाओं के लिये कोटे की व्यवस्था आने वाले समय में करनी चाहिये।

## ईरान के साथ कौन-से देश हैं? यूएस-इजरायल के साथ कौन-से देश खड़े हैं?

**(नीरज कुमार दुबे)**

सबसे पहले उन देशों की बात करें जो ईरान के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। इस सूची में सबसे प्रमुख नाम रूस और चीन का है। इन दोनों देशों ने अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया है और इसे क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाने वाला कदम कहा है। मध्य-पूर्व में भड़का ईरान का युद्ध अब केवल एक क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरी दुनिया की राजनीति को झकझोर देने वाला संकट बन चुका है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद वैश्विक राजनीति स्पष्ट रूप से तीन खेमों में बंटती दिखाई दे रही है। एक ओर वे देश हैं जो ईरान के साथ खड़े हैं, दूसरी ओर वे देश हैं जो अमेरिका और इजराइल की सैन्य कार्रवाई को समर्थन दे रहे हैं, जबकि तीसरा समूह उन देशों का है जो खुलकर किसी पक्ष में नहीं आ रहे और खुद को तटस्थ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे पहले उन देशों की बात करें जो ईरान के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। इस सूची में सबसे प्रमुख नाम रूस और चीन का है। इन दोनों देशों ने अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया है और इसे क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाने वाला कदम कहा है। रूस पहले से ही पश्चिमी देशों के साथ टकराव की स्थिति में है, इसलिए उसने ईरान के खिलाफ हमले की तीखी आलोचना की है और कूटनीतिक समर्थन दिया है। चीन ने भी संयम बरतने की अपील करते हुए यह स्पष्ट किया है कि क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान युद्ध नहीं बल्कि बातचीत से होना चाहिए। इन महाशक्तियों के अलावा उत्तर कोरिया और वेनेजुएला जैसे देश भी ईरान के समर्थन में खड़े दिखाई देते हैं। इसके साथ ही मध्य-पूर्व में कई ऐसे संगठन हैं जो ईरान के रणनीतिक सहयोगी माने जाते हैं, जैसे लेबनान का हिज़्बुल्लाह और यमन के हूती विद्रोही। ये समूह लंबे समय से अमेरिका और इजराइल के प्रभाव का विरोध करते रहे हैं और इस संघर्ष में भी ईरान के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। इस पूरे समूह को अक्सर प्रतिरोध धुरी कहा जाता है, जो पश्चिमी प्रभाव को चुनौती देने की कोशिश करता है। अब दूसरे खेमे की बात करें, जो अमेरिका और इजराइल के साथ खड़ा है। इस युद्ध के सबसे बड़े पक्षकार स्वयं अमेरिका और इजराइल हैं। इजराइल लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अपने अस्तित्व के लिए खतरा बताता रहा है, जबकि अमेरिका ने अपने सहयोगी की सुरक्षा का हवाला देकर सैन्य अभियान में भाग लिया है। इनके अलावा कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और खाड़ी क्षेत्र के कुछ देश भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिकी रणनीति के करीब दिखाई देते हैं। बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब जैसे देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं और ये देश लंबे समय से ईरान को क्षेत्रीय खतरे के रूप में देखते रहे हैं। ईरान युद्ध के मुद्दे पर पश्चिमी सैन्य गठबंधन नाटो का रुख भी दिलचस्प है। नाटो के महासचिव मार्क रूट ने अमेरिका और इजराइल की सैन्य कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे ईरान की परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता को कमजोर करने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण है। हालांकि नाटो प्रमुख ने यह भी साफ किया कि नाटो स्वयं इस युद्ध में शामिल होने की कोई योजना नहीं बना रहा है। उन्होंने कहा कि नाटो एक संगठन के रूप में इस संघर्ष में नहीं उतरेगा, लेकिन उसके कुछ सदस्य देश अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई को अपने स्तर पर समर्थन दे सकते हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6029

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 9 | | | 6 |
| | | | | | 3 | 8 | 5 | 1 |
| | 6 | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | |
| | 3 | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | 5 | | 9 | 7 | |
| 2 | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| 4 | | | 3 | | | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6028

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 | 7 |

## वर्ग पहेली 6029

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | 9 | | |
| 10 | | | 11 | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | |
| ■ | ■ | 15 | ■ | 16 | | | ■ |
| ■ | 17 | | 18 | | ■ | 19 | 20 |
| 21 | | | | ■ | 22 | | |
| ■ | 23 | | ■ | 24 | | ■ | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 15 जुलाई 2011 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने पीएएलवीसी 17 के जरिए जी सेट-2 ए का यहां से सफल प्रक्षेपण किया (5)
5. महिला, स्त्री, औरत (2)
7. सुपर स्टार सलमान खान की जन्म भूमि मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
8. जिसकी मंद बुद्धि हो (4)
10. कृपा करना, दया करना (4)
12. पुराणानुसार पांचवा लोक जहां से मनुष्य उत्पन्न हो, लोग, जनता (2)
14. आकृति के अनुसार बनाया गया चित्र (2)
16. चंद्रमा, चांद, कौमुदी, चांदनी (4)
19. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट स्थित देश (2)
21. लूट का माल, संतोष की बात (2)
22. रिवाल्वर को अंग्रेजी में यह कहते है (3)
23. पदप्रहार, ठोकर, पदाघात (2)
24. भाई, सहोदर, भ्राता (2)

**ऊपर से नीचे**
1. महोदय, पुरूषों के नाम के पूर्व लगने वाला आदर सूचक शब्द (3)
2. मिष्ठान बनाकर बेचने वाला व्यवसायी (4)
3. रस्म, प्रथा, रीति (3)
4. लकड़ी, भूसा आदि बेचने की दुकान (2)
5. किसी वस्तु, प्राणी आदि का बोधर सूचक शब्द (2)
6. परिपाटी, अनुकुल, प्रथागत (4)
9. अनाज को खाकर खोखला या पोला करने वाला एक छोटा कीड़ा (2)
11. गर्व, घमंड, फख्र (2)
13. दीवार में चोरी करने के लिए बनाया गया छेद (3)
14. यह हंगरी देश की राजधानी है (4)
15. कमर में लपेटकर पहनने वाला एक प्रकार का परिधान (4)
17. 7100 द्वीपों वाले पुंज फिलीपींस की यह राजधानी है (3)
20. रैखिक मापी, फुटा, नपैना, नापी (3)
22. पिता, जनक (संस्कृत) (2)

### वर्ग पहेली 6028 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| द | ला | ई | ला | मा | ■ | अ | ■ |
| स | म | ■ | ला | न | टे | नि | स |
| दि | ■ | ता | रा | ■ | क | ल | मी |
| व | न | रा | ज | ■ | नो | ■ | र |
| सी | न | ■ | प | ह | ला | ■ | ■ |
| य | ■ | ना | त | ■ | जि | ■ | मां |
| ■ | अ | क | रा | ■ | स्ट | डी | ■ |
| त | क्ष | ■ | य | क्ष | ■ | न | ब्ज |

# आज का राशिफल

### मेष
आज के दिन माता का स्नेह और आशीर्वाद आपको मानसिक रूप से मजबूत बनाएगा। आप भीतर से उत्साहित रहेंगे और नई योजनाओं को लेकर सक्रियता दिखाएंगे। किसी करीबी से छोटी बात पर मतभेद हो सकता है,उच्च अधिकारियों से मुलाकात के योग हैं साथ ही इस दौरान काम के क्षेत्र में नयी सूचनाएं आज कुछ मजेदार भी रहने वाली हैं।

### वृष
आज का दिन सामान्य होते हुए भी कई मायनों में महत्वपूर्ण रह सकता है। घर पर मेहमानों के आने की संभावना बन सकती है, जिससे घर में रौनक बढ़ेगी। अत्यधिक उत्साह में आकर कोई निर्णय लेने से बचें, अपने मन ही मन चीजों को रखने से सिर्फ घुटन ही बढ़ेगी। कामकाज को लेकर आज आप काफी सक्रिय रहें क्योंकि इस समय कुछ काम विलंब के चलते कमजोर हो सकते हैं।

### कर्क
आज अपनी योजनाओं को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा और साथ ही आज के दिन कोई भी नियम का उल्लंघन न करना ही समझदारी है। रिश्ते में विवाद से बचना है तो बेहतर होगा कि आप धैर्य और समझदारी से बातचीत करें। स्वास्थ्य का रखें ख्याल इस समय कुछ चोट लगने या अचानक से सेहत पर असर पड़ सकता है।

### सिंह
आज आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। कोई पुराना अधूरा सपना पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा और मन में शांति बनी रहेगी। आलस्य आपके महत्वपूर्ण कामों में बाधा बन सकता है। नौकरी में आज के दिन आप की मेहनत बढ़ने का समय है, दूसरों के कामों को ध्यान से करें और हर बात पर नजर बनअ के रखें।

### मिथुन
आज के दिन काफी हलचल वाला दिन हो सकता है, सामाजिक स्तर पर आपकी छवि सकारात्मक बनेगी और लोग आपकी बातों को महत्व देंगे। दोस्तों का सहयोग कुछ सकारात्मक रहेगा। जल्दबाजी या आवेश में कही गई बात आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकती है।

### कन्या
आज आपको घर के कामों से ज्यादा बाहरी कामों में मन लगने वाला है। इस समय किसी बदलाव के कारण आपको सामाजिक स्तर पर भी कोई विशेष पहचान मिल सकती है।नेगेटिव - किसी पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करना नुकसान दे सकता है।

### तुला
आज अपनी सफलता के कारण आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और सामाजिक संपर्क मजबूत होंगे। परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलेगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। दूसरों को प्रभावित करने की चाह में गलत दिशा में कदम उठाने से बचें। कारोबार में इस दौरान भावनाओं में बहकर कोई निर्णय लेने से बाद में गड़बड़ी हो सकती है।

### वृश्चिक
आज का दिन मानसिक रूप से सक्रिय होंगे और साथ में घर में कुछ बदलाव भी करने की इच्छा रखेंगे। नए दोस्त जीवन में आ सकते हैं। -अधिक सोच-विचार के कारण निर्णय लेने में देरी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी क्षमता लाभ दिलाने वाली है बस जरूरी है कि आज के दिन सही समय पर सही फैसलों को ले लिया जाए। कारोबार में आज के दिन नए लोग आप के काम को प्रभावित करने वाले हैं।

### मकर
आज का दिन सामान्य होते हुए भी कई मायनों में महत्वपूर्ण रहने वाला है। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा और घर पर मेहमानों के आने की संभावना बन सकती है।किसी करीबी से छोटी बात पर मतभेद हो सकता है, इसलिए संयम बनाए रखना जरूरी होगा।आज के दिन उच्च अधिकारियों से मुलाकात के योग हैं, जिसमें आप के काम की रूपरेखा पर भी ध्यान दिया जाएगा।

### कुंभ
आज घर में रौनक बढ़ेगी, माता का स्नेह और आशीर्वाद आपको मानसिक रूप से मजबूत बनाएगा। आप भीतर से उत्साहित रहेंगे और नई योजनाओं को लेकर सक्रियता दिखाएंगे।अत्यधिक उत्साह में आकर कोई निर्णय लेने से बचें। जल्दबाजी या आवेश में कही गई बात आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकती है।आज नौकरी में आप काफी मामलों को लेकर आगे रहने वाले हैं। काम की योजनाओं को लेकर आज आप काफी सक्रिय रहेंगे।

### धनु
आज आप नई योजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे और अपने विचारों से दूसरों को प्रभावित करने में सफल होंगे। परिवार में किसी शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। मित्रों के साथ बातचीत से मन हल्का रहेगा और सामाजिक दायरा बढ़ेगा।छोटी-छोटी बातों को लेकर मन में असमंजस की स्थिति बन सकती है, जिससे आत्मविश्वास प्रभावित होगा।

### मीन
आज का दिन विशेष महत्व रखता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और सामाजिक संपर्क मजबूत होंगे। परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलेगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।स्वयं को बेहतर दिखाने की कोशिश में आप अनावश्यक दबाव ले सकते हैं।कामकाज में आज ध्यान भटक सकता है, इस समय काम में निरीक्षण भी होने का समय है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## जैक ड्रेपर ने पांच बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को हराया, क्वार्टर फाइनल में पहुंचें

**इंडियन वेल्स (अमेरिका) (एजेंसी)।** मौजूदा चैंपियन जैक ड्रेपर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पांच बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को 4-6, 6-4, 7-6 (5) से हराया। हाथ की चोट के कारण आठ महीने तक बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले 24 वर्षीय ड्रेपर इस जीत से क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं जहां उनका मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने एक अन्य मैच में एलेक्स मिशेलसन को 6-2, 6-4 से पराजित किया। तीसरे सेट में जोकोविच 6-5 से आगे थे, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और ड्रेपर ने वापसी करते हुए मैच को टाईब्रेकर तक पहुंचा दिया। ड्रेपर ने मैच के बाद कहा, मुझे अब भी ऐसा नहीं लगता कि मैं उस तरह से खेल रहा हूं जैसा मैं खेलना चाहता हूं। लेकिन मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।



## द हंड्रेड-पाकिस्तानी खिलाड़ियों को लगा झटका, ऑक्शन में नहीं मिला खरीदार



**लाहौर (एजेंसी)।** इंग्लैंड की लोकप्रिय 100 गेंदों की लीग द हंड्रेड के 2026 सीजन के लिए हुए विमेन्स ऑक्शन में पाकिस्तान की महिला क्रिकेटरों को निराशा हाथ लगी। ऑक्शन में शामिल चारों पाकिस्तानी खिलाड़ी अनसोल्ड रह गईं और किसी भी फ्रेंचाइजी ने उन्हें अपने स्क्वॉड में शामिल नहीं किया। इस सूची में फतीमा सना, सादिया इकबाल, मुनवा अली, डीना बेग जैसे खिलाड़ी शामिल थीं, जिन्होंने 15,000 पाउंड के बेस प्राइस के साथ ऑक्शन के लिए अपना नाम दर्ज कराया था।

### शॉर्टलिस्ट के बाद भी नहीं मिली टीम

ऑक्शन प्रक्रिया में चार में से दो खिलाड़ियों को अंतिम चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना और महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की शीर्ष रैंक वाली गेंदबाज सादिया इकबाल फाइनल लिस्ट में शामिल थीं। हालांकि, अंतिम बोली प्रक्रिया के दौरान किसी भी फ्रेंचाइजी ने इन दोनों खिलाड़ियों के नाम पर बोली नहीं लगाई। इस वजह से दोनों खिलाड़ी भी अनसोल्ड रह गईं और आगामी सीजन में द हंड्रेड का हिस्सा नहीं बन सकेंगी।

## आईपीएल के शुरुआती 20 मैच का शेड्यूल जारी

### 28 मार्च को बेंगलुरु में आरसीबी-एसआरएच का ओपनिंग मैच, विक्ट्री परेड में यहीं भगदड़ मची थी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के शुरुआती 20 मैचों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। ओपनिंग मैच 28 मार्च को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा।

यह मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। इसी मैदान में पिछले साल 4 जून को आरसीबी के पहले टाइटल जीतने के बाद हुई विक्ट्री परेड के दौरान भगदड़ मच गई थी और इसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी।

हालांकि, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु के मैच कर्नाटक सरकार की एक्सपर्ट कमेटी से मंजूरी के बाद ही होंगे।




एक्सपर्ट कमेटी 13 मार्च 2026 को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण करेगी।

**16 दिन में 4 डबल हेडर होंगे-** आईपीएल 2026 के पहले फेज में 16 दिन में 20 मैच खेले जाएंगे। इनमें 4 डबल हेडर शामिल हैं। 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपने होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में अपना पहला मैच खेलेगी। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) 30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ गुवाहाटी में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। ऋतुराज गायकवाड की कप्तानी वाली सीएसके में संजू सैमसन पहली बार खेलते दिखेंगे। वे टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे।

**दूसरे फेज का शेड्यूल चुनाव तारीखों के ऐलान के बाद जारी होगा-** आईपीएल के दूसरे फेज का शेड्यूल 5 राज्यों में होने वाले चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद जारी किया जाएगा। 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद जब भी देश में आम चुनाव (2009, 2014, 2019 और 2024) या किसी राज्य में विधानसभा चुनाव हुए हैं, तब टूर्नामेंट का शेड्यूल दो हिस्सों में जारी किया गया है।

## ऑफ कटर से गच्चा खा रहे मॉडर्न बैटर

### ● वर्ल्ड कप के 357 विकेट पेसर्स को, इसमें 68 ऑफ कटर पर गिरे, बुमराह इसके उस्ताद

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 क्रिकेट को हमेशा से बल्लेबाजों का गेम माना जाता है, लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में तेज गेंदबाजों ने 'स्लोअर गेंदों' (पेस-ऑफ) के जरिए जोरदार वापसी की। इस पूरे टूर्नामेंट में तेज गेंदबाजों द्वारा फेंकी गई कुल गेंदों में स्लोअर का प्रतिशत 15.88 प्रतिशत रहा, यानी लगभग हर छठी गेंद गति कम करके फेंकी गई। यह पिछले चार संस्करणों में सबसे ज्यादा है।

आधुनिक क्रिकेट में तेज गेंदबाजों के पास लेग-कटर, नकल-बॉल और स्प्लिट-फिंगर जैसी कई नई और जटिल स्लोअर गेंदें मौजूद हैं।

लेकिन, इन तमाम वेरिएशंस के बीच गेंदबाजों का सबसे मारक हथियार बनी एक पुरानी और बेसिक गेंद- 'ऑफ-कटर'। विकेट निकालने के लिए गेंदबाजों ने स्लोअर गेंदों की वैरायटी में से इसी साधारण गेंद पर सबसे ज्यादा भरोसा जताया।

### क्या होती है ऑफ कटर?

क्रिकेट में 'ऑफ-कटर' तेज गेंदबाजों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले स्लोअर वेरिएशन का एक प्रकार है। यह एक तेज गेंदबाज द्वारा फेंकी गई ऑफ-स्पिन गेंद होती है। जब कोई तेज गेंदबाज इसे फेंकता है, तो वह अपने सामान्य रन-अप और एक्शन के साथ ही आता है, लेकिन गेंद को रिलीज करते समय अपनी उंगलियों को सीम पर दाईं ओर (घड़ी की सुई की दिशा में) तेजी से फेरता है। इसे ही तकनीकी भाषा में गेंद को 'कट' करना कहते हैं। अंगुलियों के इस खास एक्शन की वजह से गेंद की गति अपने आप काफी कम हो जाती है। पिच पर टप्पा खाने के बाद यह गेंद दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए बाहर (ऑफ स्टंप) से अंदर (लेग स्टंप या शरीर) की तरफ आती है। चूंकि बल्लेबाज रन-अप को देखकर एक तेज गेंद की उम्मीद कर रहा होता है, इसलिए गति में अचानक आए इस बदलाव से उसकी टाइमिंग पूरी तरह बिगड़ जाती है।



### अहमदाबाद में सबसे खतरनाक रहा यह वैरिएशन क्योंकि मैदान बड़ा

ऑफ-कटर का असर मैदान के आकार पर भी निर्भर करता है। छोटी बाउंड्री वाले मैदानों पर बल्लेबाजों के पास मिस-हिट के बावजूद रन बटोरने की गुंजाइश ज्यादा होती है। इसलिए चेन्नई के चेपक व कोलकाता के ईडन गार्डन्स जैसे मैदानों पर यह वैरिएशन काफी हद तक बेअसर साबित हुआ। लेकिन, अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की काली मिट्टी और बड़े आउटफील्ड ने इसे सबसे घातक बना दिया। वहां की 'ग्रिपी' पिच पर गेंद रुक कर आई। इस मैदान पर टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 21 विकेट ऑफ-कटर से मिले और इकोनॉमी रेट भी सिर्फ 8.25 रहा। साउथ अफ्रीका ने अपने 8 में से 5 मैच अहमदाबाद की उसी काली मिट्टी वाली पिच पर खेले, जहां स्लोअर गेंदें सबसे ज्यादा ग्रिप कर रही थीं। यही उनके पेस अटैक के हावी होने का सबसे बड़ा कारण बना। बुमराह के पास सिर्फ एक यही वैरिएशन, लेकिन इसमें वे सर्वश्रेष्ठ बुमराह के पास स्लोअर के नाम पर सिर्फ ऑफ-कटर है, लेकिन वे इस परफेक्शन से फेंकते हैं कि बैटर धोखा खा जाता है।

वे ग्रिप, एक्शन या आर्म-स्पीड बदले बिना सिर्फ कलाई के एक तेज झटके (स्नैप) से यह गेंद फेंकते हैं। उनकी इस गेंद की तुलना मुरलीधरन की 'ऑफ-ब्रेक' से की जा सकती है। तेज गेंदबाज होने के बावजूद वे करीब 115-120 किमी/घंटा की रफ्तार वाली इस गेंद को स्पिनर जैसे जबरदस्त टर्न, ग्रिप, 'डिप' (उछाल में कमी) कराते हैं। बुमराह इसे किस एंगल से फेंकते हैं, वह इसे और भी घातक बनाता है। उन्होंने अपनी 76.7 प्रतिशत ऑफ-कटर क्रीज के वाइड एंगल (ओवर द विकेट) से फेंकी। जेसन होल्डर को छोड़कर किसी ने यह एंगल इतना इस्तेमाल नहीं किया। बुमराह का कंट्रोल इतना गजब का है कि वे शॉर्ट या बैक-ऑफ-लेंथ ऑफ-कटर से बैटर को फंसाते हैं, तो एकदम सटीक यॉर्कर लेंथ वाली कटर से स्टंप्स उखाड़ देते हैं। बुमराह ने सेमीफाइनल में ब्रूक और फाइनल में रचिन को स्पैल की पहली ही गेंद (ऑफ-कटर) पर आउट किया। बैटर को लगता है कि उनका तेज रन-अप और एक्शन उन्हें तेज गेंद खेलने के लिए मजबूर करेगा, लेकिन बुमराह पहली ही गेंद पर उनकी टाइमिंग बिगाड़ देते हैं।

## हार्दिक के खिलाफ तिरंगे के अपमान की शिकायत

### वर्ल्ड कप जीत के जश्न के दौरान फ्लैग ओढ़कर जमीन पर लेटने का आरोप

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के खिलाफ तिरंगे के अपमान को लेकर बेंगलुरु में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुणे के वकील वाजिद खान बिडकर ने यह शिकायत की है। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के बाद अहमदाबाद में जश्न के दौरान पंड्या पर तिरंगे का सम्मान न करने का आरोप लगाया गया है।

**वायरल वीडियो के आधार पर शिकायत-** शिकायतकर्ता के अनुसार, टीम इंडिया की जीत के बाद मैदान पर जश्न मनाते हुए कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। एक वीडियो में पंड्या अपने कंधे पर तिरंगा ओढ़कर मैदान पर नाचते और दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि जश्न के दौरान पंड्या अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मंच पर लेटे दिखे। उस समय भी उनके कंधे पर तिरंगा था। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के खिलाफ है।

### राष्ट्रीय ध्वज कानून का हवाला

वकील वाजिद खान ने कहा कि द प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टु नेशनल ऑनर एक्ट, 1971 के अनुसार तिरंगे की गरिमा बनाए रखना अनिवार्य है। उनका आरोप है कि जश्न के दौरान हार्दिक पंड्या इस बात का ध्यान नहीं रख पाए, जिसे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान माना जा सकता है। इस मामले में उन्होंने इसी कानून की धारा 2 के तहत शिकायत दर्ज कराई है।

यह कानून राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान जैसे राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान को रोकने के लिए बनाया गया है। इसके तहत तिरंगे को जमीन पर गिरने देना, उसे अनुचित तरीके से पहनना या किसी भी तरह उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाना दंडनीय माना जाता है। खान ने बताया कि उन्होंने शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी है। शुरुआत में पुलिस ने कहा कि घटना अहमदाबाद में हुई है, इसलिए मामला वहीं दर्ज होना चाहिए। हालांकि, खान ने तर्क दिया कि तिरंगा पूरे देश का राष्ट्रीय प्रतीक है, इसलिए इसकी शिकायत कहीं भी दर्ज कराई जा सकती है। बाद में पुलिस ने उनकी शिकायत स्वीकार कर ली और उसकी कॉपी भी उन्हें दे दी।

## 10वीं रैंक वाले बांग्लादेश से हारा पाकिस्तान

### दिग्गजों ने उड़ाई टीम की धज्जियां

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पूर्व खिलाड़ी बासित अली और कामरान अकमल ने टीम मैनेजमेंट और खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने पावरप्ले रणनीति, खराब बल्लेबाजी और एक साथ चार डेब्यू खिलाड़ियों को मौका देने के फैसले पर सवाल उठाए। टी20 विश्व कप 2026 में मुंह की खाने के बाद पाकिस्तानी टीम बड़े बदलाव और बड़ी उम्मीदों के साथ बांग्लादेश दौरे पर गई। पाकिस्तान के नए वनडे कप्तान शाहीन अफरीदी के नेतृत्व में टीम को बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले वनडे में ही आठ विकेट से करारी शिकस्त मिली। पाकिस्तान टीम की इस हार के बाद वहां के दिग्गजों ने अपनी ही टीम की धज्जियां उड़ाई हैं। कामरान अकमल, बासित अली, फवाद आलम से लेकर फैंस तक ने टीम की खिल्ली उड़ाई और कहा कि जिस टैलेंट की बात पाकिस्तान क्रिकेट में इतने दिनों से की जा रही थी, क्या यही वो टैलेंट हैं?




### बांग्लादेश ने पाकिस्तान को आठ विकेट से हराया

दरअसल, रोड टू 2027 वनडे वर्ल्ड कप के तहत पाकिस्तान और बांग्लादेश ने तीन मैचों की वनडे सीरीज से अपनी तैयारी शुरू की है। दोनों के बीच 11 मार्च को ढाका के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में सीरीज का पहला वनडे खेला गया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हु 30.4 ओवर में 114 रन बनाए और सभी 10 विकेट गंवा दिए। इसके बाद बांग्लादेश की टीम ने पाकिस्तान की पारी के आधे ओवर में सिर्फ दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बांग्लादेश ने 15.1 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। अब दूसरा वनडे 13 मार्च को ढाका में ही खेला जाएगा।

● **चौथी रैंक पर है पाकिस्तान -** सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि पाकिस्तान की वनडे रैंकिंग चार है, जबकि बांग्लादेश की वनडे रैंकिंग 10 है। बांग्लादेश की टीम अब तक 2027 वनडे विश्वकप के लिए क्वालिफाई तक नहीं कर पाई है। उसे वनडे विश्वकप के लिए ऑटोमैटिक क्वालिफाई करने के लिए 31 मार्च, 2027 तक रैंकिंग में शीर्ष-आठ में आना जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो टीम को क्वालिफायर्स खेलना होगा। उस बांग्लादेशी टीम से पाकिस्तान को करारी शिकस्त मिली। मैच के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों ने टीम का मजाक उड़ाया। पूर्व ऑलराउंडर फवाद आलम ने ट्विटर पर लिखा, क्या इन्हें ही हम टैलेंट कहते हैं?

### अकमल का आईसीसी रैंकिंग पर भी तंज

अकमल ने पाकिस्तान की आईसीसी रैंकिंग पर भी तंज कसते हुए कहा कि घरेलू मैदान पर कमजोर टीमों को हराकर रैंकिंग में ऊपर रहना ज्यादा मायने नहीं रखता। उन्होंने कहा, हम घर पर कमजोर टीमों को हराकर अंक जुटाते हैं, लेकिन जब विदेश जाते हैं तो असली तस्वीर सामने आ जाती है। मार्च 2026 में बांग्लादेश दौरे के लिए पाकिस्तान ने शाहीन शाह अफरीदी की कप्तानी में 15-सदस्यीय वनडे टीम की घोषणा की थी। टीम में कई नए चेहरों को मौका दिया गया है, जबकि दिग्गज बल्लेबाज बाबर आजम, फखर जमां, सैम अयूब, मोहम्मद नवाज और नसीम शाह को बाहर कर दिया गया।

● **पाकिस्तान टीम-** शाहीन शाह अफरीदी (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हुसैन तलत, माज सदाकत, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम जूनियर, मुहम्मद गाजी गोरी (विकेटकीपर), साद मसूद, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा और शमील हुसैन।

### रणनीति पर बासित अली का तीखा हमला

पाकिस्तान टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पूर्व क्रिकेटर और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बासित अली ने टीम मैनेजमेंट और खिलाड़ियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने खास तौर पर पावरप्ले में 10 ओवर में 60 रन बनाने की रणनीति पर सवाल उठाए। बासित अली ने कहा, सबसे पहले उस आदमी को हटाना चाहिए जिसने खिलाड़ियों से कहा कि पावरप्ले के 10 ओवर में कम से कम 60 रन बनाओ। उसने कभी मैदान पर क्रिकेट खेली ही नहीं होगी, बस कागज पकड़ाकर दे देता है। क्या उसे यहां की परिस्थितियों का अंदाजा नहीं था? क्या उसे नहीं पता कि यहां भारत जैसी टीम भी बांग्लादेश में हार चुकी है? बासित अली ने टीम में एक साथ चार डेब्यू खिलाड़ियों को मौका देने के फैसले पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, एक या दो नए खिलाड़ियों को मौका दिया जाता है, लेकिन चार को एक साथ उतारना सही फैसला नहीं है।

### एक टीम इंटरनेशनल, दूसरी क्लब टीम जैसी

पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर कामरान अकमल भी टीम के प्रदर्शन से बेहद निराश नजर आए। उन्होंने कहा कि मैच में दोनों टीमों के स्तर में साफ फर्क दिख रहा था। अकमल ने कहा, ऐसा लग रहा था जैसे एक टीम इंटरनेशनल क्रिकेट खेल रही है और दूसरी टीम वर्ल्ड कप से पहले कोई प्रैक्टिस मैच खेल रही क्लब टीम हो। मैंने बासित को फोन किया, लेकिन मेरे पास यह बताने के लिए शब्द नहीं थे कि हम कैसी क्रिकेट खेल रहे थे।

### क्लब क्रिकेट में भी ऐसा नहीं होता

अकमल ने पाकिस्तान की बल्लेबाजी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इतना खराब प्रदर्शन तो क्लब क्रिकेट में भी नहीं देखने को मिलता। उन्होंने कहा, मैं कसम खाकर कहता हूं कि इस तरह की बल्लेबाजी क्लब क्रिकेट में भी नहीं होती। क्लब के खिलाड़ी भी इतनी खराब बल्लेबाजी नहीं करते।

### नाहिद राणा के खिलाफ बल्लेबाजी पर सवाल

अकमल ने खास तौर पर नाहिद राणा की गेंदबाजी के खिलाफ पाकिस्तान के बल्लेबाजों के रवैये पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, हमारे सभी बल्लेबाज बैकफुट पर खेल रहे थे। कोई भी आगे बढ़कर नहीं खेला। रिजवान सीनियर खिलाड़ी हैं, उन्हें समझदारी दिखानी चाहिए थी और आगे निकलकर शॉट लगाना चाहिए था, लेकिन उन्हें दो बार कट लगा और वह आउट हो गए। अकमल ने यह भी कहा कि राणा ने विकेट लेने के बाद ज्यादा जश्न भी नहीं मनाया।

## क्रिकेटर कुलदीप की शादी में होगी 20 हजार की थाली

### शादी का कार्ड राधा-कृष्ण थीम पर, सुनहरी नक्काशी में दिखी रजवाड़े जैसी झलक

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव अपनी बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ शादी करने जा रहे हैं। शादी में शामिल होने के लिए कानपुर से परिवार और रिश्तेदार मसूरी रवाना हो चुके हैं। यह शादी 14 मार्च (शनिवार) को मसूरी के आलीशान 'वेलकम होटल द सेवॉय' में होगी। इसके तीन दिन बाद यानी 17 मार्च को लखनऊ के होटल सेंट्रम में ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी आयोजित की जाएगी। कुलदीप और वंशिका ने 4 जून 2025 को लखनऊ में सगाई की थी। इस शादी का बजट 2 करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है। कुलदीप और वंशिका की शादी का खूबसूरत और शाही वेडिंग कार्ड भी सामने आया है। निमंत्रण पत्र की थीम राधा-कृष्ण पर आधारित है। इसकी बनावट, नक्काशी और उस पर उकेरी गई कलाकृतियां किसी शाही रजवाड़े का अहसास कराती हैं। कार्ड की कीमत करीब 2200 रुपये बताई जा रही है। वहीं, मेहमानों के लिए वेज और नॉनवेज दोनों तरह के व्यंजन रखे गए हैं। खाने की एक प्लेट की कीमत करीब 20 हजार रुपये है।

## पिता के निधन के बाद जितेश की बदली सोच

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने कहा कि टी-20 वर्ल्ड कप की भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने से उन्हें निराशा जरूर हुई थी, लेकिन कुछ ही समय बाद उनके जीवन में ऐसा व्यक्तिगत दुख आया जिसने उनकी सोच पूरी तरह बदल दी।

जितेश के पिता मोहन शर्मा का 1 फरवरी को छोटी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने बताया कि उस समय वह सात दिन तक अपने पिता के साथ रहे और उसी दौरान उन्हें एहसास हुआ कि परिवार उनके लिए वर्ल्ड से भी ज्यादा महत्वपूर्ण था।

मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में जितेश ने अपने करियर के उतार-चढ़ाव और निजी जिंदगी पर खुलकर बात की।

### जितेश बोले-

● **वर्ल्ड कप से ज्यादा मेरे पिता को मेरी जरूरत थी-** वर्ल्ड कप टीम से बाहर होने के अनुभव पर जितेश ने कहा, जब मुझे पता चला कि मेरा सिलेक्शन नहीं हुआ है, तो मैं थोड़ा निराश था। आखिर मैं भी एक इंसान हूं और बुरा महसूस करना स्वाभाविक है। लेकिन कुछ ही समय बाद मेरे पिता बीमार हो गए और 1 फरवरी को उनका निधन हो गया। मैं उनके आखिरी सात दिनों में उनके साथ था। तब मुझे अहसास हुआ कि मेरे पिता को वर्ल्ड कप से ज्यादा मेरी जरूरत थी। उसके बाद मेरे मन में टीम से बाहर होने का कोई दुख नहीं रहा।

### टी20 विश्व कप विजेता जसप्रीत बुमराह ने कहा

## दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना पसंद है

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी20 विश्व कप में खिताब का बचाव करना अपने करियर के सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक करार देते हुए कहा कि उन्हें दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना अच्छा लगता है। बुमराह ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में चार विकेट लेकर भारत की 96 रन से जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे भारत टी20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने और तीन बार यह ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन गई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें बुमराह ने कहा, मैं पर्दे के पीछे नहीं रहना चाहता हूं। मैं हमेशा सक्रिय रूप से भाग लेना चाहता हूं। मुझे शुरू से ही चुनौतियां पसंद हैं। बुमराह को फाइनल में शानदार प्रदर्शन करने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने कहा, मैंने क्रिकेट इसी मकसद से खेला है। मैंने क्रिकेट खेलना इसी मकसद से शुरू किया था। जब मैं कुछ बदलाव लाता हूं तो मुझे बहुत खुशी मिलती है। इससे बेहतर कोई अहसास नहीं है।



गुजरात में जन्में इस तेज गेंदबाज के लिए यह जीत भावनात्मक रूप से और भी महत्वपूर्ण थी क्योंकि यह जीत उसी स्थान पर मिली जहां से उनके क्रिकेट करियर की शुरुआत हुई थी। बुमराह ने कहा, मैंने यहीं से क्रिकेट खेलना शुरू किया। मैंने अपना अधिकतर क्रिकेट यहीं खेला है। मैं यहीं गुजरात के लिए खेलते हुए आगे बढ़ा। यहीं विश्व कप जीता और मैन ऑफ द मैच बना। पिछली बार (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप 2023 का फाइनल) हम बस थोड़ा सा चूक गए थे, लेकिन इस बार जीत हासिल करने में सफल रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### 13 मार्च को लगेगा स्पेशल जॉब कैम्प, 110 युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिला नियोजनालय औरंगाबाद के तत्वावधान में 13 मार्च को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) में स्पेशल जॉब कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस जॉब कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। जॉब कैम्प में आरएसजी सेल्स एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (लखनऊ), ब्लिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड (गुरुग्राम, हरियाणा), दर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, वागिशा एजुकेशनल सोसायटी और फ्रीडम एम्प्लाएबिलिटी अकादमी (नई दिल्ली) सहित कुल पांच कंपनियां भाग लेंगी। इन कंपनियों द्वारा सेल्स मार्केटिंग, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, टेक्नीशियन, पिकर, पैकर, कंप्यूटर टीचर, मोबिलाइजर और काउंसिलर जैसे विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, आईटीआई और स्नातक निर्धारित की गई है, जबकि अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष तक की गई है। विभिन्न कंपनियों द्वारा कुल लगभग 110 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित तिथि और समय पर डीआरसीसी पहुंचकर जॉब कैम्प में भाग ले सकते हैं। जिला नियोजनालय ने जिले के योग्य और इच्छुक युवाओं से अपील की है कि वे इस स्पेशल जॉब कैम्प में भाग लेकर रोजगार के अवसर का लाभ उठाएं।

### यूजीसी बिल को लेकर भाजपा नेता ने जताया गुस्सा

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी बिल को लेकर देशभर में बहस और विरोध का दौर जारी है। कई जगहों पर इस बिल के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में औरंगाबाद में भी इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रवीण सिंह ने गुरुवार की शाम पत्रकारों को संबोधित करते हुए इस बिल को लेकर नाराजगी जताई और सरकार के फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से लाया गया यह बिल शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक साबित हो सकता है। उनके अनुसार कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए यह बिल आत्मघाती सिद्ध होगा। प्रवीण सिंह ने कहा कि इस बिल के लागू होने से सवर्ण वर्ग के छात्रों में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है और भविष्य में इसके दुरुपयोग की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशंका जताई कि बिल लागू होने के बाद सवर्ण वर्ग के छात्रों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, जिससे समाज में असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है और छात्रों के भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर भाजपा के कुछ नेताओं ने भी असहमति जताई है और कुछ नेताओं ने पार्टी के पदों से इस्तीफा तक दिया है। प्रवीण सिंह ने बताया कि फिलहाल यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है और इस पर रोक भी लगी हुई है। इसी महीने अदालत का फैसला आने की संभावना है, लेकिन इसके बावजूद देशभर में इस बिल के विरोध की आवाज उठ रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक इस बिल को वापस नहीं लिया जाएगा, तब तक विरोध जारी रहेगा।

---

उपविकास आयुक्त अनन्या सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में हुआ आयोजन

# उद्योग योजनाओं के लाभुकों के लिए ऋण स्वीकृति व भुगतान शिविर आयोजित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




जिला प्रशासन और उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के लिए ऋण स्वीकृति एवं भुगतान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला पदाधिकारी के निर्देश पर उपविकास आयुक्त अनन्या सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस शिविर में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी-1 एवं 2), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जुड़े लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति और भुगतान से संबंधित जानकारी दी गई तथा कई लाभुकों को स्वीकृति एवं भुगतान पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र औरंगाबाद, अग्रणी जिला प्रबंधक, सहायक उद्योग निदेशक, पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक, जिला उद्योग केंद्र के पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही इन योजनाओं से जुड़े कई लाभार्थी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र ने बताया कि 11 मार्च 2026 तक प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी-1 एवं 2) के तहत निर्धारित 78 लक्ष्य के विरुद्ध 67 ऋण आवेदनों को स्वीकृति दी जा चुकी है, जिनमें से 23 आवेदनों का भुगतान भी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिन आवेदनों का भुगतान अभी लंबित है, उनके लिए आरसेटीआई के माध्यम से उद्यमिता विकास प्रशिक्षण (ईडीपी) कराया जा रहा है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद बैंक द्वारा शीघ्र ही भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी।

उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत निर्धारित 239 लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 156 ऋण आवेदनों को स्वीकृति दी जा चुकी है, जबकि 79 लाभार्थियों को ऋण राशि का भुगतान भी किया जा चुका है। उपविकास आयुक्त श्रीमती अनन्या सिंह ने अग्रणी जिला प्रबंधक और जिला उद्योग केंद्र के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लाभुकों और बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बैंक अधिकारियों को भी निर्देश दिया कि पीएमईजीपी और पीएमएफएमई योजनाओं के शेष लक्ष्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करते हुए वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए। सहायक उद्योग निदेशक ने बताया कि विभाग के वरीय पदाधिकारियों द्वारा योजनाओं की प्रगति की लगातार समीक्षा की जा रही है और लंबित आवेदनों के त्वरित निष्पादन के लिए निर्देश दिए गए हैं, ताकि निर्धारित लक्ष्य समय पर प्राप्त किया जा सके।

शिविर के दौरान उपविकास आयुक्त श्रीमती अनन्या सिंह ने उपस्थित लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति एवं भुगतान पत्र प्रदान करते हुए उनके उद्योग के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने लाभुकों को ईमानदारी और मेहनत के साथ अपने उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। ऋण शिविर में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत दो लाभार्थियों को विभिन्न परियोजनाओं के लिए सात लाख रुपये की स्वीकृति दी गई, जबकि 25 लाभुकों को कुल 57 लाख 28 हजार रुपये की ऋण राशि का भुगतान किया गया। वहीं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत 20 लाभुकों को विभिन्न परियोजनाओं के लिए 71 लाख 6 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई तथा 18 लाभार्थियों को 53 लाख 54 हजार रुपये की ऋण राशि का भुगतान किया गया।

# झारखंड में सड़क हादसे में औरंगाबाद के युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र स्थित कासमा बाजार निवासी 28 वर्षीय सतीश मिश्र की झारखंड में हुए एक सड़क हादसे में मौत हो गई। यह दुर्घटना चतरा से करीब 15 किलोमीटर दूर गुमला पथ पर हुई, जहां उनकी बाइक को एक चारपहिया वाहन ने टक्कर मार दी। बताया जाता है कि सतीश मिश्र झारखंड के चतरा में एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत थे। बुधवार की शाम वह कंपनी के काम से अपने एक सहकर्मी के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान गुमला पथ पर उनकी बाइक को एक स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सतीश मिश्र और उनके सहकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान सतीश मिश्र की मौत हो गई। बताया गया कि उनकी शादी करीब दो वर्ष पहले ही हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बुधवार शाम मृतक का शव कासमा स्थित उनके पैतृक घर लाया गया। शव के घर पहुंचते ही परिजनों और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

मृतक के परिजनों से सांत्वना देने के लिए मुखिया नरेंद्र मिश्र, मुकेश गुप्ता, विरेंद्र यादव, साधू यादव, संजय मिश्र, अनिल मिश्र, आशुतोष पाठक, अर्जुन साव, सुरेश साव, पप्पू कुमार, रंजन अग्रवाल, चंदन और शशी यादव सहित कई लोग उनके घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की।

### औरंगाबाद सदर अस्पताल में 24 घंटे से पड़ा अज्ञात युवक का शव

**औरंगाबाद(एसवीवीः सं.)।** औरंगाबाद सदर अस्पताल में पिछले 24 घंटे से एक अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी स्पष्ट जानकारी अब तक सामने नहीं आ सकी है। हालांकि उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान मिलने के कारण पुलिस प्रारंभिक तौर पर सड़क दुर्घटना की आशंका जता रही है। मामले की जानकारी मिलते ही नगर थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी। बताया जाता है कि करीब 35 वर्षीय एक अज्ञात युवक को किसी व्यक्ति ने गंभीर हालत में सदर अस्पताल लाकर भर्ती कराया था। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी स्थिति लगातार गंभीर बनी रही और बाद में उसकी मौत हो गई। युवक के सिर पर गंभीर चोट लगी हुई थी, जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि वह किसी दुर्घटना का शिकार हुआ होगा। हालांकि उसे अस्पताल तक कौन लेकर आया और घटना कहां हुई, इस बारे में अब तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। दोपहर में युवक की मौत की सूचना मिलने के बाद नगर थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की। पंचनामा तैयार करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ताकि मौत के सही कारणों का पता चल सके। नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को पहचान के लिए 72 घंटे तक थाना परिसर में सुरक्षित रखा जाएगा। यदि इस दौरान मृतक की पहचान हो जाती है तो शव उसके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। वहीं निर्धारित समय तक पहचान नहीं होने की स्थिति में सरकारी प्रावधानों के अनुसार पुलिस की ओर से अंतिम संस्कार कराया जाएगा। मृतक की पहचान कराने के लिए पुलिस उसकी तस्वीर आसपास के थानों को भेज रही है। इसके साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि युवक को अस्पताल तक कौन लेकर आया था और वह किन परिस्थितियों में घायल हुआ।

# जिला विधिज्ञ संघ का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न 89 प्रतिशत मतदान, आज होगी मतगणना

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद जिला विधिज्ञ संघ की 27 सदस्यीय कार्यसमिति के लिए गुरुवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। चुनावी प्रक्रिया में अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे दिन कोर्ट परिसर में चुनावी माहौल बना रहा। मतदान को लेकर अधिवक्ताओं में काफी उत्साह देखा गया और कुल 89 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान सुबह 10 बजे शुरू हुआ और शाम 4 बजे तक चला। चुनाव समिति के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद सिंह तथा सहायक सदस्य कामता प्रसाद सिंह, सरोज रंजन सिन्हा, राधेश्याम सिंह और अभय कुमार ने बताया कि इस चुनाव में कुल 847 अधिवक्ता मतदाता थे, जिनमें से 756 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के लिए कोर्ट परिसर में तीन बूथ बनाए गए थे, जहां शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से मतदान कराया गया। बूथ संख्या-01 पर 268, बूथ संख्या-02 पर 272 और बूथ संख्या-03 पर 216 अधिवक्ताओं ने वोट डाले।

मतदान के दौरान अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए अधिवक्ताओं ने अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर अधिवक्ताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। युवा अधिवक्ताओं के साथ-साथ महिला वकीलों में भी मतदान को लेकर काफी उत्साह रहा। सभी मतदाता अनुशासन के साथ कतार में लगकर मतदान करते नजर आए। मतदान के दौरान कोर्ट का कामकाज भी सामान्य रूप से चलता रहा। कई अधिवक्ता अपने न्यायिक कार्यों के साथ-साथ मतदान प्रक्रिया में भी भाग लेते दिखाई दिए। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कोर्ट परिसर में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे, जिसके कारण मतदान पूरी तरह व्यवस्थित और सुचारू ढंग से संपन्न हुआ और अधिवक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। मतदान समाप्त होने के बाद सभी प्रत्याशियों का भाग्य अब मतपेटियों में बंद हो गया है। अधिकांश प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। चुनाव समिति के सदस्यों के अनुसार शुक्रवार दोपहर से मतगणना शुरू की जाएगी, जिसके बाद सभी पदों के परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। परिणाम को लेकर प्रत्याशियों और अधिवक्ताओं में काफी उत्सुकता देखी जा रही है।

# भू-अर्जन मामलों के निस्तारण को लेकर विशेष मध्यस्थता शिविर आयोजित



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद की ओर से भू-अर्जन से जुड़े लंबित मामलों के निस्तारण के लिए गुरुवार को विशेष मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल के निर्देश पर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विभिन्न न्यायालयों में लंबित भू-अर्जन वादों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेना और संबंधित पक्षकारों की राय प्राप्त करना था। शिविर में जिला भू-अर्जन विभाग से अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राजीव कुमार, उप मुख्य कानूनी बचाव अधिवक्ता अभिनंदन कुमार तथा सहायक बचाव अधिवक्ता चंदन कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर में पहुंचे पक्षकारों से बातचीत कर उनके मामलों की स्थिति जानी और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने पक्षकारों को भू-स्वामी प्रमाण पत्र तथा जमीन के स्वामित्व से संबंधित अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए कहा, ताकि लंबित मामलों के निस्तारण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। जांच के दौरान कई मामलों में यह भी सामने आया कि भू-अर्जन से जुड़े एवार्ड में कुछ त्रुटियां हैं, जिन्हें विभागीय स्तर पर सुधारने की आवश्यकता है।

ऐसे मामलों में पक्षकारों को त्रुटियों से संबंधित दस्तावेजों के साथ आवेदन देने का निर्देश दिया गया, ताकि आवश्यक सुधार कर मुआवजे का निर्धारण करते हुए भुगतान की प्रक्रिया जल्द शुरू की जा सके। अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से लंबित भू-अर्जन मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा भू-अर्जन मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है, ताकि लंबित मामलों का शीघ्र समाधान हो सके और प्रभावित पक्षकारों को समय पर न्याय मिल सके।

# श्रम विभाग की छापेमारी, वाशिंग सेंटर से बाल श्रमिक मुक्त




एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, औरंगाबाद की धावा दल टीम ने गुरुवार को जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान देव हॉस्पिटल के समीप स्थित आर.एम. वाशिंग सेंटर में एक बाल श्रमिक को काम करते हुए पाया गया, जिसे मौके पर ही मुक्त करा लिया गया। श्रम विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए नियोजक के खिलाफ बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दोषी नियोजक को 6 माह से 2 वर्ष तक की सजा तथा 20 हजार से 50 हजार रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

इसके अलावा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार दोषी नियोजक से 20 हजार रुपये की राशि जिला बाल कल्याण एवं पुनर्वास कोष में जमा कराई जाएगी। वहीं विमुक्त कराए गए बाल श्रमिक के पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष से 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस छापेमारी दल में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी औरंगाबाद सदर संजीव कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देव अंजनी कुमार और श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी नबीनगर विजेंद्र कुमार शामिल थे। कार्रवाई के दौरान नगर थाना से पुलिस बल के जवान भी मौजूद रहे। श्रम विभाग ने स्पष्ट किया कि बाल श्रम के खिलाफ आगे भी जिले में इसी तरह सघन जांच अभियान जारी रहेगा।

# एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों पर ध्यान न दें उपभोक्ता : डीएम

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता और आपूर्ति को लेकर फैल रही भ्रामक सूचनाओं के बीच जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में तेल कंपनियों के विक्रय प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक का उद्देश्य जिले में गैस आपूर्ति की वास्तविक स्थिति का आकलन करना और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करना था। बैठक में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के एलपीजी सेल्स मैनेजर शामिल हुए। गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को बताया कि जिले में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और गैस की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर वितरण के समय ओटीपी के माध्यम से सत्यापन के बाद ही सिलेंडर दिया जा रहा है, जिससे किसी भी प्रकार की कालाबाजारी की संभावना नहीं रहती।

बैठक में यह भी बताया गया कि पहले दो गैस सिलेंडर के वितरण के बीच 21 दिनों का अंतराल होता था, जिसे बढ़ाकर अब 25 दिन कर दिया गया है। साथ ही सभी उपभोक्ताओं से अपने गैस कनेक्शन का ई-केवाईसी कराने का अनुरोध किया गया है। इसके लिए गैस एजेंसियों द्वारा अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती भी की गई है, ताकि उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में औरंगाबाद जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति के लिए आईओसीएल के 15, बीपीसीएल के 11 और एचपीसीएल के 11 डिस्ट्रीब्यूटर सहित कुल 37 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से घरेलू उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस की आपूर्ति की जा रही है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती कर उपभोक्ताओं के ई-केवाईसी और ओटीपी सत्यापन की प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा कराएं। साथ ही पोस्टर और बैनर के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं से दूर रहने के लिए जागरूक करें।

उन्होंने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को भी निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की प्रतिदिन निगरानी करें। यदि कोई व्यक्ति गैस आपूर्ति को लेकर भ्रामक सूचना फैलाता पाया जाता है तो उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। बैठक के दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह ने बताया कि जिले में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी गैस की किसी प्रकार की कमी नहीं है और गैस का वितरण नियमित रूप से किया जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। जिलाधिकारी ने भी आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इसलिए गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही गैस प्राप्त करें। बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन तथा जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट पूजा पंडाल बनाने वाली तीन समितियां सम्मानित

- मां दुर्गा पूजा समिति ने दिल्ली के स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर का प्रतिरूप बनाकर सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया।
- मां काली नवयुवक संघ ने पंडाल में भारत की महान स्थापत्य कला को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद





सेवा पर्व के दौरान दशहरा के अवसर पर औरंगाबाद जिले की विभिन्न पूजा समितियों द्वारा बनाए गए उत्कृष्ट पूजा पंडालों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत आयोजित ऋण स्वीकृति एवं भुगतान शिविर के दौरान उपविकास आयुक्त श्रीमती अनन्या सिंह की अध्यक्षता में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिले की उन पूजा समितियों को पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने अपने पंडालों में भारत और बिहार की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का आकर्षक और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। जिला स्तरीय समिति द्वारा मूल्यांकन के आधार पर प्रथम पुरस्कार मां भारती क्लब, रमेश चौक, औरंगाबाद को दिया गया। इस समिति ने अपने पंडाल के अंदर चार धाम की भव्य प्रदर्शनी लगाई थी तथा पंडाल के बाहर झारखंड के गुमला जिले में स्थित मां काली मंदिर का प्रतिरूप तैयार किया था, जिसमें भारत और बिहार की सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक मान्यता और ऐतिहासिक धरोहर का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया था।

द्वितीय पुरस्कार मां दुर्गा पूजा समिति, विद्युत कॉलोनी, औरंगाबाद को मिला। इस समिति ने अपने पंडाल में दिल्ली स्थित स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर का प्रतिरूप बनाकर भारत की सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक स्थापत्य कला का सुंदर प्रदर्शन किया था। वहीं तृतीय पुरस्कार मां काली नवयुवक संघ, पटना रोड, राष्ट्रीय स्कूल मैदान, दाउदनगर (औरंगाबाद) को प्रदान किया गया, जिन्होंने अपने पंडाल में भारत की महान स्थापत्य कला को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया था।

पुरस्कार के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली पूजा समिति को 25 हजार रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली समिति को 15 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली समिति को 5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ शिविर का समापन किया गया।

# 2027 की जनगणना की तैयारी शुरू, अधिकारियों व कर्मियों को दिया जा रहा सघन प्रशिक्षण

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में वर्ष 2027 की जनगणना को व्यवस्थित, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने की दिशा में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार को समाहरणालय स्थित योजना भवन सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति (डीएलसीसीसी), चार्ज अधिकारियों, तकनीकी टीम तथा जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त अन्य पदाधिकारियों और कर्मियों के लिए छह दिवसीय सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी अभिलाषा शर्मा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह ने जिलाधिकारी को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त और अन्य वरीय अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि जनगणना किसी भी देश के विकास की आधारभूत प्रक्रिया होती है। इसके माध्यम से सरकार को जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, आवासीय व्यवस्था और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं से जुड़ी सटीक जानकारी प्राप्त होती है। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर सरकार विभिन्न विकासात्मक और जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्माण करती है तथा उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करती है। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण और संवेदनशील होता है, इसलिए इससे जुड़े सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान दिए जा रहे निर्देशों को गंभीरता से समझना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता जितनी बेहतर होगी, जनगणना का कार्य उतना ही अधिक सुचारू, त्रुटिरहित और विश्वसनीय ढंग से संपन्न हो सकेगा। जिलाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की पूरी प्रक्रिया, तकनीकी पहलुओं, प्रपत्रों के उपयोग, डेटा संकलन की विधि और फील्ड स्तर पर आने वाली संभावित समस्याओं के समाधान से संबंधित सभी विषयों को विस्तार से समझें।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की समीक्षा को केंद्रीय टीम का रफीगंज दौरा

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की प्रगति का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीम ने गुरुवार को रफीगंज क्षेत्र का दौरा किया। टीम में डॉ. अंतरा सिंह और उर्वशी तिवारी शामिल थीं। उनके आगमन पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह और स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा ने बुके और अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय टीम ने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम से संबंधित सभी प्रतिवेदनों और माइक्रो प्लान की विस्तार से समीक्षा की। इसके बाद टीम रफीगंज के फाइलेरिया पॉजिटिव क्षेत्र ग्राम डिहवा पहुंची, जहां अधिकारियों ने लाभार्थियों से मुलाकात कर उन्हें नियमित रूप से दवा सेवन करने के लिए प्रेरित किया और अभियान की जानकारी भी दी।

इस दौरान जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह के साथ पिरामल स्टेट से अभिषेक कुमार और हर्षवर्धन तथा जिला पिरामल से विश्वास कुमार और जितेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। टीम ने अभियान से जुड़े कार्यों का जायजा लिया और लाभार्थियों से बातचीत कर कार्यक्रम के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की जांच केंद्र और राज्य स्तर की टीम द्वारा की गई है। उन्होंने कहा कि जांच टीम ने कार्यक्रम के क्रियान्वयन और स्थानीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की है। इस मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिंह, बीसीएम सनी कुमार, बीएमसी सुभाष कुमार, लैब टेक्नीशियन रविंद्र कुमार, नदीम अख्तर, रंजीत कुमार, सफाई सुपरवाइजर लालू और गार्ड सुपरवाइजर पप्पू रजक सहित कई अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।